माघ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:03 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कानपुर, गुरुवार, 1 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 161, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नासा ने खोजा छह ग्रहों का दुर्लभ संसार 16
चंद पैसों के लिए अपराध की राह चलीं अभिनेत्रियां 15

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर 4/- प्रतिदिन
फोन: 0512- 2548300

# राम मंदिर का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ, दुर्बल से सबल हुई अर्थव्यवस्था

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी/ब्यूरो

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते एक वर्ष को देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा हुआ बताते हुए कहा कि इस दौरान भारत ने अर्थव्यवस्था से लेकर अंतरिक्ष तक नए आयाम हासिल कर दुनिया में विश्व मित्र की छवि बनाई और भव्य राम मंदिर के निर्माण की लोगों की सदियों पुरानी आकांक्षा भी पूरी हुई। राष्ट्रपति ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन बुधवार को यहां दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि देश सही निर्णय लेते हुए सही दिशा में आगे बढ़ रहा है जिससे दशकों से अटके काम पूरे हुए हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से निकलकर पांच शीर्षस्थ अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जा रही है। उन्होंने आदिवासियों, किसानों, महिलाओं, मछुआरों और कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की लंबी सूची प्रस्तुत करते हुए अपने अभिभाषण में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही सरकार समाज के हर वर्ग को उचित अवसर देने में जुटी है।

मेजों की थपथपाहट और जय श्रीराम की गूंज के बीच 22 जनवरी की तिथि को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि सभ्यताओं के कालखंड में ऐसे पड़ाव आते हैं जो सदियों का भविष्य तय करते हैं। इस वर्ष, 22 जनवरी को भी देश ऐसे ही एक पड़ाव का साक्षी बना। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार तीर्थों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के विकास के साथ तीर्थाटन एवं पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।

### विनिर्माण क्षेत्र में ताकत बन चुका है भारत

राष्ट्रपति ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान का जिक्र किया और कहा कि भारत विनिर्माण क्षेत्र में भी ताकत बन चुका हैं। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है। पिछले एक दशक के दौरान मोबाइल फोन विनिर्माण में पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार संपदा निर्माताओं का सम्मान करती है तथा भारत के निजी क्षेत्र के सामर्थ्य पर विश्वास करती है। डिजिटल इंडिया को बड़ा सुधार बताते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया ने भारत में जीवन और बिजनेस, दोनों को बहुत आसान बना दिया है। आज विकसित देशों में भी भारत जैसा डिजिटल सिस्टम नहीं है।



### साफ सुथरी परीक्षा के लिए बनेगा कानून

राष्ट्रपति ने कहा है कि परीक्षाओं में आए दिन होने वाली गड़बड़ी को रोकने के लिए एक कानून बनाया जाएगा। सरकार परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार नारीशक्ति का सामर्थ्य बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। कृत्रिम मेधा मिशन पर भी काम हो रहा है।

### हुड़दंग करने वाले करें आत्म निरीक्षण



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश प्रगति की नई उंचाइयों को छू रहा है। विश्वास जताया कि लोगों के आशीर्वाद से 'सर्वसमावेशी एवं सर्वांगीण' विकास की उनकी सरकार की यात्रा आगे भी जारी रहेगी। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए मोदी ने उन्हें राम राम कहकर बधाई दी और कहा कि चुनाव से पहले पूर्ण बजट पेश नहीं करने की परंपरा रही है जिसका पालन करते हुए उनकी नई सरकार बनने के बाद पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है, ऐसे सभी सांसदों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। मोदी ने विपक्षी सांसदों पर संसदीय कार्यवाही को बार-बार बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग हंगामा करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बिगाड़ने के आदी हैं, उन्हें इस अंतिम सत्र के दौरान आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

## एक नजर

### सोलहवें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में बने 16वें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई है। राष्ट्रपति की मंजूरी से 15वें वित्त आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा को पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। इसी तरह से पूर्व विशेष व्यय सचिव एनी जॉर्ज मैथ्यू को भी पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. निरंजन राजाध्यक्ष भी पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किए गए हैं। एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष भी पूर्णकालिक सदस्य किए गए हैं।

### संगरूर देश में सर्वश्रेष्ठ जिला के रूप में सम्मानित

**चंडीगढ़।** पंजाब के संगरूर जिले को ग्रीन स्कूल कार्यक्रम के तहत देश में सर्वश्रेष्ठ जिला के रूप में सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार खुशी व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि.. जिस दिन से चला हूं मेरी मंज़िल पे नज़र है, आंखों ने कभी मील का पत्थर नहीं देखा.. । संगरूर देश में सर्वश्रेष्ठ जिला बधाइयां.. ।

### फार्मा फैक्टरी में विस्फोट में तीन कर्मियों की मौत

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार अपराह्न एक फार्मा फैक्टरी में गैस के रिसाव की वजह से हुए विस्फोट में तीन कर्मियों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, जिले की पडरा तालुका के एकाल्बरा गांव में स्थित फैक्टरी में हुए विस्फोट में एक अन्य कर्मी भी घायल हो गया। पडरा पुलिस निरीक्षक एलबी तडवी ने बताया कि अपराह्न करीब दो बजे ओनीरो लाइफकेयर संयंत्र में एक गैस पाइप से रिसाव के कारण विस्फोट हुआ और उस समय घटनास्थल पर चार कर्मी मौजूद थे।

# ज्ञानवापी : 31 साल से बंद पड़े व्यास तहखाने में पूजा की मिली अनुमति

## अदालत ने जिलाधिकारी को दिए 7 दिन में पूजा के इंतजाम करने के निर्देश

वाराणसी, एजेंसी

जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास जी के नाती शैलेंद्र पाठक को दे दिया है। जज ने अपने आदेश में जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि वादी शैलेंद्र व्यास तथा काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा तय किए गए पुजारी से व्यास जी के तहखाने में स्थित मूर्तियों की पूजा और राग भोग कराए जाने की व्यवस्था सात दिन के भीतर कराएं।

यादव ने बताया कि पूजा कराने का कार्य काशी विश्वनाथ ट्रस्ट करेगा। ज्ञानवापी में वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटाकर रास्ता खोला जाएगा। व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ किए जाने संबंधी आवेदन पर अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली थी। हिंदू पक्ष का कहना था कि नवंबर 1993 तक सोमनाथ व्यास जी का परिवार उस तहखाने में पूजा पाठ करता था, जिसे तत्कालीन मुलायम सिंह यादव सरकार के शासनकाल में बंद करा दिया गया था।



- वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटेगी
- काशी विश्वनाथ ट्रस्ट व वादी शैलेंद्र पाठक तय करेंगे पुजारी

### वजूखाना के सर्वे मामले में इंतेजामिया कमेटी को नोटिस

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर ज्ञानवापी मस्जिद की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को बुधवार को नोटिस जारी किया। वादी राखी सिंह ने वाराणसी की अदालत द्वारा 21 अक्टूबर 2023 को सुनाए गए उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उसने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर कथित शिवलिंग को छोड़कर वजूखाना का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का निर्देश देने से मना कर दिया था। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को यह नोटिस न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत द्वारा जारी किया गया।



शिवभक्तों को न्याय मिला। बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के संबंध में माननीय न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का हार्दिक स्वागत करता हूं। 1993 से भक्तों को था इंतजार। हर हर महादेव। जय बाबा विश्वनाथ। जय माता शृंगार गौरी। –**केशव प्रसाद मौर्य**, उपमुख्यमंत्री



इस फैसले से मायूसी जरूर है, लेकिन अभी ऊपरी अदालतों का रास्ता खुला है। जाहिर है कि हमारे वकील इस फैसले को चुनौती देंगे। ज्ञानवापी का मामला अयोध्या के मसले से अलग था। अभी लंबा रास्ता तय करना है। हमें उम्मीद है कि इसे ऊपर की अदालत में चुनौती दी जाएगी।
–**मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली**, एआईएमपीएलबी सदस्य

# गिरफ्तारी के बाद हेमंत सोरेन का इस्तीफा, चंपई सोरेन होंगे सीएम

रांची, एजेंसी



हेमंत सोरेन



चंपई सोरेन

## भूमि घोटाला मामला

- सात घंटे तक पूछताछ के बाद सोरेन को ईडी ने किया गिरफ्तार
- मुख्यमंत्री के लिए हेमंत सोरेन की पत्नी के नाम की भी थी चर्चा

ईडी ने भूमि घोटाला मामले में सात घंटे तक पूछताछ के बाद बुधवार को देर शाम झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सोरेन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। साथ ही सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया। सोरेन ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस बीच झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि हेमंत सोरेन ईडी की हिरासत में हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा, 'हेमंत सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में वरिष्ठ झामुमो नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया है।' 67 साल के चंपई सोरेन सरायकेला के विधायक हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास पर जुटे विधायकों ने चंपई सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुना। पार्टी प्रवक्ता विनोद पांडे ने कहा कि चंपई सोरेन के नाम पर आम सहमति बनी।

इससे पहले ऐसी अटकलें थीं कि नए मुख्यमंत्री के तौर पर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना का नाम प्रस्तावित किया जा सकता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की सांसद महुआ मांझी ने बताया है कि सत्ताधारी गठबंधन के पास बहुमत है। उन्होंने बुधवार देर शाम बताया, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अभी हिरासत में हैं। वह ईडी की टीम के साथ गवर्नर साहब के पास गए हैं। महुआ ने कहा कि विधायकों की बैठक में यही निर्णय हुआ है कि चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। हालांकि ईडी ने देर शाम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया।

### सोरेन ने ईडी अफसरों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां एससी/एसटी पुलिस थाने में ईडी के अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सूत्रों ने बताया कि सोरेन के दिल्ली आवास पर केंद्रीय जांच एजेंसी के हालिया तलाशी अभियान के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बताया कि ईडी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है... हमें मुख्यमंत्री की अर्जी मिली है।

### ईडी ने भेजा केजरीवाल को पांचवां समन



**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर समन भेजा है। मुख्यमंत्री को भेजा गया यह पांचवां समन है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल इससे पहले जांच एजेंसी की ओर से चार बार भेजे गए समन पर पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए थे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

# आठ फर्जी लाभार्थियों पर एफआईआर दर्ज अधिकारी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- घटना पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण का कड़ा रुख
- बलिया के मनियर में हुआ था नाटकीय सामूहिक विवाह

**अमृत विचार :** बलिया में 25 जनवरी को हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम झूठा था। बिन दूल्हे के ही कइयों की शादी करा दी गई थी। इस योजना का लाभ अपात्रों को दिए जाने का मामला संज्ञान में आते ही समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जांच का आदेश दिया था। जांच के बाद आरोपी सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सुनील कुमार यादव को समाज कल्याण निदेशक ने बुधवार को निलंबित कर दिया। साथ ही आरोपी अधिकारी सहित सभी 8 अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ बलिया में विभिन्न धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कराया गया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आरोपी अधिकारी सुनील कुमार यादव ने ग्राम पंचायत मानिकपुर से आर्चना, रंजना, सुमन को शामिल करवाया।

इसी तरह ग्राम पंचायत सुल्तानपुर से प्रियंका, सोनम, पूजा, सन्जू और रमिता का भी विवाह 25 जनवरी को संपन्न हुआ। इन सभी का सत्यापन सुनील कुमार द्वारा ही किया गया था। जांच में पता चला कि सन्जू का विवाह 3 साल पहले जबकि पूजा का विवाह एक साल पूर्व हो चुका है। इसके अतिरिक्त अर्चना, रंजना, सुमन, रमिता और प्रियंका का विवाह वर्ष 2023 में हो चुका है।

### नाटकीय सामूहिक शादी का वीडियो वायरल

**लखनऊ।** बलिया में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 545 जोड़ों की शादी हुई थी। जिसका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में नाटकीयता साफ नजर आ रही है। बिना दूल्हा के दुल्हनों की शादी करा दी गई है। दुल्हनें खुद ही वरमाला डाल रही हैं। सामूहिक विवाह योजना में दोबारा लाभ लेने के लिए शादीशुदा दोबारा बैठ गए। कई के तो बच्चे भी हैं। वीडियो वायरल होते ही आनन-फानन मुकदमा दर्ज किया गया। डीएम रवींद्र कुमार के आदेश पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण सुनील कुमार यादव के अलावा अपात्र मिले लाभार्थी मानिकपुर की अर्चना, रंजना यादव, सुमन चौहान, सुल्तानपुर की प्रियंका, सोनम राजभर, पूजा, संजू, रमिता के खिलाफ 30 जनवरी को जालसाजी का मुकदमा मनियर थाने में दर्ज किया गया है। जांच में पता चला कि सोनम का विवाह तय ही नहीं है और उसे लाभार्थी के रूप में शामिल किया गया।

## राज्य में फिर कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति

**लखनऊ।** डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार को उप्र का नया कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के बुधवार को रिटायर होने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके पास डीजी कानून-व्यवस्था के साथ डीजी आर्थिक अनुसंधान शाखा की जिम्मेदारी भी बनी रहेगी। वह 2020 से प्रदेश में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। प्रशांत कुमार नियुक्ति के बाद वह मुख्यमंत्री से मिले। बाद में एक्स कर कहा कि उप्र पुलिस परिवार और प्रदेश के नागरिकों के साथ मिलकर विश्वास और सुरक्षा की नींव को मजबूत करते हुए माफिया-अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। 1990 बैच के आईपीएस अफसर प्रशांत कुमार मूल रूप से बिहार (सीवान) के निवासी हैं। उनकी शिक्षा, बिहार और दिल्ली में हुई हैं।



- विजय कुमार के रिटायर होने के बाद प्रशांत कुमार को जिम्मेदारी

## एटीएस ने बांग्लादेशी को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

- बांग्लादेशियों के फर्जी भारतीय दस्तावेज बनवाता था
- कानपुर रेलवे स्टेशन पर त्रिपुर सुंदरी एक्सप्रेस से दबोचा

**अमृत विचार।** देश में अवैध रूप से बांग्लादेशियों को बसाने वाले गैंग के एक और सदस्य मोहम्मद राशिद अहमद सरदार को एटीएस ने बांग्लादेश जाने से पहले बुधवार को कानपुर सेंट्रल स्टेशन से गिरफ्तार किया है। वह त्रिपुर सुंदरी एक्सप्रेस से अगरतला जा रहा था। वहां से बॉर्डर पारकर बांग्लादेश जाने वाला था। इससे पहले एटीएस ने दबोच लिया। उसके पास से तमाम संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए हैं।



मो. राशिद अहमद

विदेशी संस्थाओं से करोड़ों रुपये प्राप्त करके भारत में अवैध रूप से बांग्लादेशियों को बसाने वाले गैंग के अदिलुर रहमान असरफी निवासी ढाका, अबु हुरैरा, शेख नजीबुल हक निवासी 24 परगना साउथ, तानिया निवासी फिरोजपुर, इब्राहिम निवासी बांग्लादेश, अब्दुल निवासी असम और अबू सालेह को एटीएस पहले गिरफ्तार कर चुकी है। लक्ष्मीपुर चटगांव बांग्लादेश निवासी मोहम्मद राशिद अहमद सरदार बुधवार को पकड़ा गया। उसके पास से 6040 रुपये नकद, भारतीय आधार कार्ड (फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनवाया गया), दारुल उलूम देवबंद मदरसे का आईडी कार्ड, एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। मो. राशिद ने बताया कि वह आठ साल पहले बांग्लादेशी पासपोर्ट से टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। यहां आने के बाद देवबंद स्थित मदरसा दारुल उलूम में अपना नाम पता बदलकर दाखिला लिया था। फिर फर्जी दस्तावेज के आधार पर प. बंगाल के पते का आधार कार्ड बनवा लिया था और वर्ष 2016 से देवबंद में ही रह रहा था। पहले गिरफ्तार हुए बांग्लादेशी शेख नजीबुल हक और अबु हुरैरा गाजी से उसके संबन्ध थे। उसने ही उनका फर्जी आधार कार्ड बनवाकर देवबंद में बसाया था।

## 29 के बाद पेटीएम को जमा और टॉपअप लेने से रोका

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग आदि में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के खिलाफ रिजर्व बैंक ने यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया है। आरबीआई ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। इसके बाद आगे की निरीक्षण कार्रवाई की जरूरत पड़ी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड माध्यम, वॉलेट, फास्टैग, एनसीएमसी कार्ड आदि में 29 फरवरी, 2024 के बाद किसी भी जमा या क्रेडिट लेनदेन या टॉप अप की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि किसी भी ब्याज, कैशबैक या रिफंड को कभी भी जमा किया जा सकता है।

## स्कूल फीस में राहत कोई वैधानिक अधिकार नहीं

**विधि संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सहोदर शुल्क योजना लाभ की प्रयोज्यता से संबंधित मुद्दे पर सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि छात्रों की फीस में स्कूल द्वारा दी गई राहत कुछ शर्तों के अधीन है। इसका अधिकार के रूप में दावा नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा कोर्ट ने पक्षकारों को सौहार्दपूर्ण ढंग से विवाद सुलझाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आगे कहा कि क्योंकि शैक्षणिक सत्र 2023-24 खत्म होने वाला है, इसलिए इस सत्र में बच्चों को एडमिशन नहीं दिया जा सकता है, लेकिन कोर्ट ने स्कूल को अगले सत्र यानी 2024-25 में बच्चों को फिर से एडमिशन देने का निर्देश दिया है।

# सड़क हादसों में प्रतिदिन 65 लोग गंवाते हैं जान

नीरज मिश्र, लखनऊ

- वर्ष 2022 की तुलना में जनवरी से दिसंबर 2023 तक हादसों में 6.7 प्रतिशत का इजाफा
- 8 दुर्घटनाओं से हुई मौतों में 4.7 फीसद की बढ़ोतरी की गई दर्ज

**अमृत विचार :** लोगों को यातायात नियम समझाते-समझाते करीब एक दशक पूरा होने को है। लेकिन न तो दुर्घटनाओं का ग्राफ कम हुआ और न ही मौतों की संख्या में गिरावट आई। जागरूकता कार्यक्रमों की बाढ़ भी बीते दस वर्षों में आंकड़ा घटा पाने में नाकाम रही। परिवहन, यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत तमाम एजेंसियों के समग्र प्रयास के दावे धरातल पर अपना असर नहीं छोड़ पा रहे हैं। साल 2023 के दौरान प्रदेश में जो हादसों और उनसे होने वाली मौतों का ग्राफ सामने आया है, वह चौंकाने वाला है। प्रदेश में बीते साल (2023) 23,652 लोगों की मौत हुई है। यानी प्रतिदिन 64.8 लोगों की जान सड़क हादसों में गई है। दुर्घटनाओं की संख्या में वर्ष 2022 की तुलना में इस साल 6.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं दुर्घटनाओं से हुई मौतों में 4.7 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**विंग के प्रयास :** वर्ष 2015 में सरकार ने रोड सेफ्टी विंग की स्थापना की थी। इसमें यातायात, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण, एनएचआई समेत कई विभागों को शामिल किया गया था। इस पूरी विंग को अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में खामियां दूर कर समग्र प्रयास करना था। अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने बताया कि एक्सप्रेस-वे से संबंधित सभी जिम्मेदार एजेंसियों को सचेत किया गया है कि वे अपनी परिधि में लगातार वाहनों से पेट्रोलिंग करें। देखने में आता है कि इन सभी हाइवे पर बड़े वाहन खड़े रहते हैं। भारी वाहनों के लिए एक लेन सुनिश्चित कराने के लिए उच्च स्तरीय वार्ता कर एक अलग लेन तैयार कराई जाएगी।

### प्रदेश में जनवरी से दिसंबर तक घटित हादसे, उनसे हुई मौतें एवं घायलों की संख्या

| वर्ष | दुर्घटनाएं | मौत | घायल |
|---|---|---|---|
| 2022 | 41,746 | 22,595 | 28,541 |
| 2023 | 44,534 | 23,652 | 31,098 |

### 4-ई कांसेप्ट से आएगा सुधार

- इंजीनियरिंग-लोनिवि समेत विभिन्न एजेंसियां सड़क की खामियां दूर कर ब्लैक स्पॉट में सुधार, जागरूकता बोर्ड लगाना।
- एजूकेशन-स्कूलों में यातायात नियमों को पाठ्यक्रम में शामिल करा ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना।
- इमरजेंसी केयर-हाइवे पर ट्रॉमा सेंटर बनाए जाने, दुर्घटना के बाद गोल्डेन आवर्स में घायल को समय से अस्पताल पहुंचाना और गुड सेमेस्टर तैयार करना।
- इन्फोर्समेंट (प्रवर्तन)- ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वाले वाहनस्वामियों पर ठोस कार्रवाई करना। जुर्माना दरें बढ़ाई गईं।

## डूंगरपुर प्रकरण : सपा नेता आजम खां समेत सातों आरोपी बरी

**रामपुर।** डूंगरपुर के एक मामले में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) ने बुधवार को सपा नेता आजम खां व पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां समेत सभी आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। सपा शासनकाल के दौरान डूंगरपुर में आसरा आवास बनाए गए थे। इस जगह पहले से कुछ लोगों के मकान बने थे। सरकारी जमीन पर बताकर तीन फरवरी 2016 की सुबह मकानों को तोड़ दिया गया था। एक साल बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो डूंगरपुर के लोगों ने जुलाई 2019 को गंज कोतवाली में मामले दर्ज कराए। आरोप था कि आजम खां के इशारे पर पुलिस और सपाइयों ने उनके घरों को जबरन खाली कराकर तोड़ दिया था।



बागेश्वर बाबा को सुनने के लिए हजारों भक्त आए। अमृत विचार

# सनातन धर्म की रक्षा को सभी एकजुट हों -धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

## चौबेपुर के बैदानी गांव पहुंचे बागेश्वर धाम ने हिंदू राष्ट्र बनाने की आवाज फिर उठाई

- दक्षिणेश्वर बालाजी महाराज की मूर्ति प्रतिष्ठा में शामिल हुए बागेश्वर महाराज

संवाददाता ,चौबेपुर (कानपुर)

**अमृत विचार।** सनातन धर्म की रक्षा के लिए हम सभी को एकजुट होना पड़ेगा । अब समय आ गया है कि हिंदू राष्ट्र निर्माण के लिए हम सभी जी जान से जुट जाएं। कागजों पर नहीं बल्कि लोगों के दिलों में हिंदू राष्ट्र का जज्बा होना चाहिए और इसके विरोध में जो भी आएगा उसकी ठठरी बंधना निश्चित है। उक्त बातें बुधवार को चौबेपुर के बैदानी गांव स्थित दक्षिण मुखी बालाजी महाराज की मूर्ति प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आए बागेश्वर महाराज पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने संबोधन में कहीं। कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ के चलते पुलिस प्रशासन को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

बैदानी गांव स्थित दक्षिण मुखी बालाजी महाराज की मूर्ति प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर यहां गत 21 जनवरी से धार्मिक आयोजन चल रहा था। कार्यक्रम के अंतिम दिन 31 जनवरी को बालाजी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा बागेश्वर महाराज पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के हाथों संपन्न कराई गई। अपराह्न करीब 3:30 बजे कार्यक्रम में पहुंचे बागेश्वर सरकार ने सर्वप्रथम यहां दक्षिण मुखी बालाजी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कराई।

इसके बाद विशालकाय पंडाल के मंच पर सबसे पहले सीताराम का जाप कराया। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल, एडीसीपी आकाश पटेल, एसीपी कल्यानपुर अभिषेक पांडे, एसीपी बिल्हौर अरुण त्रिवेदी समेत अन्य पुलिस अधिकारी व फोर्स मौजूद था।



भक्तों को अपने अंदाज में संबोधित करते धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री। अमृत विचार

### कानपुर में सात दिन का कथा कार्यक्रम करेंगे

उन्होंने सभी भक्तों के हाथ खड़े कराकर एक साथ अर्जी लगवाई। बताया कि आगामी 1 से 8 मार्च तक बागेश्वर धाम में 108 कुंडीय महायज्ञ होने जा रहा है, जिसमें 108 बेटियों के विवाह संपन्न कराए जाएंगे। उन्होंने कार्यक्रम आयोजन विमल सिंह चौहान व अन्य को आशीर्वाद भी प्रदान किया। साथ ही आश्वासन दिया कि जल्द ही वह कानपुर में सात दिन का कथा कार्यक्रम करेंगे। इस दौरान पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस दौरान हजारों लोग और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### कानपुर के पागलों कैसे हो

अपने संबोधन में उन्होंने कानपुर के पागलों कैसे हो, के साथ अपनी बात शुरू की। कहा कि बाला जी की कृपा से ही सब संभव हो पाया है। बताया कि हनुमान जी करते हैं रामकाज और हम सभी करते हैं कामकाज। इसलिए जरूरी है कि कामकाज को ही अपना रामकाज बना लें। हिंदुत्व व सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी मिलकर खड़े हो जाएं, यही राम काज है ।

### शैतान से जो टकराये उसे हनुमान कहते हैं

बागेश्वर बाबा ने अपने संबोधन के दौरान हनुमान चालीसा की कई पंक्तियां सुनाते हुए कहा कि पहाड़ों से जो टकराये उसे चट्टान कहते हैं, इंसान से जो टकराए उसे शैतान कहते हैं, और शैतान से जो टकराये उसे हनुमान कहते हैं। बताया कि पानी के बिना हम कुछ समय जीवित रह सकते हैं, लेकिन हवा के बिना जीवन संभव नहीं है। इसलिए पवनसुत हनुमान को हमेशा अपने दिल में साथ रखें। उनके साथ रहने से कभी कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

### उद्यमी नरेंद्र शर्मा ने किया धीरेंद्र शास्त्री का स्वागत

कानपुर। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री के कानपुर आगमन पर चकेरी एयरपोर्ट पर तिरंगा समूह के एमडी नरेंद्र शर्मा एवं कानपुर दक्षिण उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री अभिषेक पांडेय मोनू ने स्वागत किया। उन्होंने रामलला का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में उन्हें भेंट किया और पटका देकर स्वागत किया। इस अवसर प्रमुख रूप से इंजी ऋषभ शुक्ला, अभय दुबे, विवेक शुक्ला, मनोज सिंह, आलोक महेश्वरी, सचिन गुप्ता, कुशलेष ओमर, अभी महेश्वरी रहे ।



बागेश्वर बाबा को रामजी का चित्र देते पंडित नरेंद्र शर्मा और मोनू पांडेय। अमृत विचार



विजय नगर में स्वागत में सड़कों पर भी हजारों लोग मौजूद रहे। अमृत विचार

## एक नजर

### पुलिस ने तीन अपराधियों को पकड़ा

कानपुर। गुजैनी पुलिस ने मनीष वर्मा उर्फ टैंया निवासी टिकरा बस्ती जरौली को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि संदिग्ध लगने पर उसकी तलाशी ली गई जिसके पास से एक 315 बोर तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। इसी तरह चमनगंज पुलिस ने फैज वारिस निवासी मुन्नापुरवा को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पांच लीटर शराब बरामद हुई है। दोनों को जेल भेज दिया। इसी प्रकार गोविंद नगर पुलिस ने एक मुकदमे में वांछित पंकज निवासी कच्ची बस्ती को गिरफ्तार कर लिया है।

### जानलेवा हमले में नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

कानपुर। काकादेव थानाक्षेत्र के शास्त्री नगर में युवक पर जानलेवा हमले के मामले में घायल युवक के पिता की ओर से एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। काकादेव इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया शास्त्री नगर निवासी सुनील कुमार बाजपेई ने 29 जनवरी को जूही निवासी रोहित शुक्ला समेत 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ बेटे पर जानलेवा हमले के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद से आरोपियों की तलाश की जा रही थी। बुधवार को हमले में शामिल नामजद आरोपियों रोहित शुक्ला, राज गौतम, साहिल श्रीवास्तव और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### गोवध मामले में आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। अर्मापुर पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम की धारा में दर्ज मुकदमे में वांछित को गिरफ्तार कर लिया। अर्मापुर थाना प्रभारी राममूरत पटेल ने बताया गिरफ्तार आरोपी की पहचान इफ्तीखाराबाद निवासी महफूज के रूप में हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# शहर में सिर्फ दो पार्किंग हैं वैध, बाकी स्टे पर संचालित

- नगर निगम ने नए सिरे से पार्किंग एलॉट करने के लिये सर्वे किया शुरू
- मानकों को ध्यान में रखते हुये जगह की जाएंगी चिह्नित, 44 जगह बनेंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में नगर निगम की सिर्फ दो ही पार्किंग वैध हैं। बाकी 17 जगह कोर्ट से स्टे लेकर पार्किंग का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा सभी पार्किंग अवैध रूप से मनमाने तरीके से संचालित हो रही हैं। नगर निगम ने अब नए सिरे से पार्किंग को नियमानुसार डेवलप कर उठाने का प्लान बनाया है। नगर निगम ने इसको लेकर सर्वे भी शुरू किया है। जोन अधिकारियों ने छह जानों में अभी तक 47 स्थल चयनित किये हैं। इनमें से अंतिम 43 चयनित स्थलों पर पार्किंग बनाने की योजना है।

शहर में बंद किए गए पार्किंग स्थलों को नगर निगम जल्द ही फिर शुरू करने की तैयारी में है। इसके तहत पार्किंग स्थलों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अपर नगर आयुक्त आवेश खान ने पहल शुरू की है। इनमें टायलेट, पानी की व्यवस्था के साथ ही टिन शेड के साथ पार्किंग स्थलों को डेवलप किया जाएगा।

इससे पहले नगर निगम अगस्त 2021 तक शहर में 44 पार्किंग स्थल को संचालित कर रहा था। इन पार्किंग स्थलों की जांच की गई तो पाया गया कि इनमें से 42 में पानी, टिनशेड, टायलेट आदि जरूरी कोई सुविधा नहीं है। सिर्फ अटल घाट और नगर निगम स्थित पार्किंग स्थल पर ही इनकी व्यवस्थाएं पूरी पाई गई हैं।

नियम न पूरे किये जाने पर शासन के निर्देश पर मोतीझील और अटल घाट छोड़कर बाकी सभी पार्किंग स्थलों को निरस्त कर दिया गया। इसके बाद 17 जगहों पर संचालित पार्किंगों पर पार्किंग संचालक स्टे ले आये। जो अभी भी संचालित हो रही हैं। नगर निगम अब कोर्ट से स्टे को हटवाने के लिये प्रार्थना पत्र देगा ताकि, नियमानुसार पार्किंग संचालित की जा सकें।



नगर निगम में नियमानुसार संचालित हो रही पार्किंग। अमृत विचार

### इन पार्किंग स्थलों पर होनी है तैयारी

भार्गव नर्सिंग होम, नवीन मार्केट, कृष्णा टावर, नाला रोड, बिरहाना रोड चेस्ट क्लीनिक, डफरिन अस्पताल के पीछे, पीडब्ल्यूडी कार्यालय सिविल लाइंस, पीपीएम अस्पताल, मंदाकिनी होटल साकेत नगर, स्टेट बैंक नौबस्ता, मधुलोक नर्सिंग होम, वी मार्ट साकेत नगर, शिवाजी इंटर कालेज केशव नगर, गौशाला चौराहा, रीयल चिल्ड्रेन हास्पिटल, स्पंदन हास्पिटल, वी मार्ट नौबस्ता, आइडीबीआइ नौबस्ता, डा. संदीप मिश्रा क्लीनिक नौबस्ता, स्टेट बैंक वसंत विहार, म्युजिकल फाउंटेन पार्क, सोसाइटी मोटर्स, कालेज आफ मैनेजमेंट, लीलामणि हास्पिटल, मर्चेंट चैंबर, वोडाफोन कार्यालय सिविल लाइन, पदम टावर, एक्सेल हास्पिटल, आभा नर्सिंग होम, मधुराज नर्सिंग होम, आरके देवी हास्पिटल, रीजेंसी रीनल साइंस सेंटर, गैस्ट्रोलीवर अस्पताल, चांदनी नर्सिंग होम, राजीव वाटिका, तुलसी उपवन, लाजपत भवन, आरएसपीएल लिमिटेड, लोहिया स्टार लिंगर, विशाल मेगा मार्ट।

# अब बच्चों को अंक की जगह मिलेगा स्टार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले के प्राथमिक विद्यालयों में अब कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों को मार्कशीट नहीं दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने अब उन्हें स्टार अंक देने का प्लान बनाया है। वहीं कक्षा एक से आठ तक के बच्चों के रिपोर्ट कार्ड पर विषयों के मूल्यांकन के साथ ही बच्चों के व्यवहार का आकलन भी देखने को मिलेगा। परिषदीय विद्यालयों ने कक्षा एक से आठ तक के बच्चों का समग्र प्रगति कार्ड तैयार किया है। जिसमें बच्चे की विषय में दक्षता के साथ ही छात्र की आयु, लंबाई, वजन के अलावा बच्चे का स्कूल और घर में व्यवहार को भी दर्शाया जाएगा। समग्र प्रगति कार्ड को राज्य शैक्षिक अनुसंधान केन्द्र ने तैयार किया है। जिसे नए सत्र से परिषदीय विद्यालयों में लागू कराएंगे।

समग्र प्रगति रिपोर्ट कार्ड में कक्षा एक से दो तक के छात्रों के अंक की जगह स्टार दिए जाएंगे। साथ ही स्वच्छता, कलात्मक अभिरूचि, व्यवहार का आकलन भी होगा। वहीं कक्षा तीन से आठ तक हिन्दी, गणित, अंग्रेजी के साथ पर्यावरण अध्ययन, सामाजिक विषय एवं विज्ञान आधार पर आकलन होगा। बच्चों की तार्किक क्षमता, अभिरुचि, व्यवहार, कौशल का आकलन होगा।

कक्षा 2 तक के बच्चों को अंक के स्थान पर स्टार प्रदान करने से छात्रों में शुरू से अवसाद होने की स्थिति से बचा जा सकेगा।

# दीप चौराहे के पास दो जगह लीकेज

- शिकायत अनसुनी, लाखों लीटर पानी हो रहा बर्बाद
- पार्षद ने दिया अल्टीमेटम दर्ज कराएंगे रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। एक तरफ गंगा बैराज मेन लाइन में लीकेज की वजह से 50 मोहल्लों में जल संकट है वहीं, दक्षिण क्षेत्र में दीप टाकीज व गौशाला चौराहा के पास लीकेज के चलते हर दिन लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। पाइप लाइन फटने की शिकायत कई बार जलनिगम से की गई लेकिन मरम्मत का काम शुरू नहीं हो सका है।

गंगा बैराज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से कम्पनीबाग की ओर जाने वाली पाइप पाइन का विष्णुपुरी इलाके में लीकेज है। शनिवार से लीकेज तलाश रही जलनिगम को काफी मशक्कत के बाद सफलता मिली है। वहीं, गोविंद नगर पार्षद नवीन पंडित ने बताया कि पराग डेरी के पास स्थित दीप सिनेमा चौराहे के पास पिछले कई दिनों से दो जगहों पर पाइप लाइन में लीकेज है। जिसके चलते पेयजल संकट हो रहा है।

पार्षद समेत स्थानीय लोगों ने जल निगम में पाइप लाइन की मरम्मत के लिए शिकायत भी की, लेकिन दो दिन से न तो वहां कोई मरम्मत करने के लिए टीम पहुंची और न ही पानी की समस्या से परेशान लोगों का निजात मिल सकी। स्थानीय लोग सबमर्सिबल के भरोसे हैं। जिन घरों में सबमर्सिबल नहीं है, वहां लोगों को पानी के लिए लाइन तक लगानी पड़ रही है।

### लीकेज रिपेयर नहीं तो होगी एफआईआर

पार्षद ने बताया कि लीकेज के चलते वार्ड 48, वार्ड 93, वार्ड 02 और वार्ड 07 में पानी की किल्लत है। स्थानीय लोगों ने जब जल निगम में लीकेज मरम्मत के लिए शिकायत की तो अवकाश का हवाला दिया गया। पार्षद ने कहा कि दो दिन के भीतर अगर लीकेज नहीं सुधरा तो जल निगम के अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएंगे।

# चोरी के माल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। चमनगंज पुलिस ने चोरी के माल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष हमीद ने बताया कि आरोपी की पहचान अंकित वर्मा निवासी श्रीनगर के रूप में हुई है। उसके पास से चोरी के 2000 रुपये, एक लोहे की रॉड, एक काला बैग जिसमें पासबुक, क्रेडिट कार्ड, 02 फोटो थे। वह सीसामऊ थाने में हुई चोरी में वांछित था। जिसनें थानाक्षेत्र में 65 पुड़िया पान मसाला, 65 पुड़िया तम्बाकू, तीन डिब्बी सिगरेट 305 रुपये नकद चोरी किए थे। उसके खिलाफ चमनगंज में दो और सीसामऊ में एक मुकदमा पंजीकृत है।

# सपा मतदाता सूची सर्वेक्षण में त्रुटियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बुधवार को समाजवादी पार्टी ने लोक सभा चुनाव की तैयारी से पहले गोविंद नगर विधान सभा क्षेत्र की मतदाता सूची का सर्वेक्षण किया। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा की सर्वेक्षण में त्रुटिया पायी गयी हैं। कई मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं। पूरी सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार की जा रही है। सपा 5 फरवरी को जिला निर्वाचन आधिकारी को आपत्ति रिपोर्ट सौंपेगी। फजल महमूद ने कहा कि सपा का प्रत्येक युवा कार्यकर्ता अपने-अपने वार्ड के दो परिवारो से संपर्क करेगा और समाजवादी पार्टी की नीतियों से अवगत कराकर 2024 लोक सभा चुनाव मे भारी मतदान के लिए प्रेरित करेगा। बैठक मे प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, नीतेंद्र यादव, अर्पणा जैन, आकाश यादव, नंदलाल जयसवाल, परमवीर सिंह गंभीर, आनंद शुक्ला, संजय निषाद, एहसास बॉबी, बृजलाल यादव, जसवेंद्र निषाद मौजूद रहे।



सपा जिलाध्यक्ष ने बैठक कर की समीक्षा। अमृत विचार

**विकास की ओर** | कंसलटेंट तैयार करेगा फिजिबिलिटी रिपोर्ट और प्रोजेक्ट रिपोर्ट, उप्र राज्य राजमार्ग प्राधिकरण को इस मार्ग को फोरलेन करना है

# सिकंदरा– चौडगरा हाईवे निर्माण की डीपीआर के लिए मांगे टेंडर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिकंदरा से भोगनीपुर होते हुए घाटमपुर से चौडगरा तक स्टेट हाईवे को फोर लेन बनाने के लिए कवायद तेज हो गई है। उप्र राज्य राजमार्ग प्राधिकरण ने इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट और डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के लिए कंसलटेंट के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कंसलटेंट नामित करने के लिए 15 फरवरी को टेंडर डाले जाएंगे जबकि तकनीकी बिड 16 फरवरी को खोली जाएगी। इनमें जो कंपनियां मानक पर खरी उतरेंगी उनमें से ही वित्तीय बिड आधार पर किसी एक का चयन किया जाएगा।

**15** फरवरी को डाले जाएंगे टेंडर

**27** किमी दूरी बढ़ेगी हाईवे की

**82.53** किमी का पहले था

**4.6** किमी लंबा बाईपास बनेगा घाटमपुर

पहले भोगनीपुर- घाटमपुर से चौडगरा तक इस मार्ग को चार लेन किया जाना था। तब लागत 1136.44 करोड़ रुपये थी, लेकिन अब सड़क की लंबाई बढ़ गई है ऐसे में लागत तो बढ़ेगी ही, सिकंदरा से भोगनीपुर के बीच भूमि अधिग्रहण भी करना होगा। कंसलटेंट ही किसानों को चिह्नित करेगा, मुआवजा कितना बनेगा यह देखेगा और उसी आधार पर डीपीआर तैयार करेगा। विद्युत विभाग, दूर संचार विभाग व अन्य विभागों से भी यूटिलिट शिफ्टिंग में आने वाले खर्च के आधार पर एस्टीमेट मांगा जाएगा। ताकि उसे भी डीपीआर में शामिल किया जा सके।



स्टेट हाईवे प्राधिकरण ने प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप मॉडल पर इस मार्ग को टू लेन से फोर लेन करने का निर्णय लिया है। डिजाइन विल्ड फाइनेंस आपरेट एंड ट्रांसफर मोड के तहत निर्माण एजेंसी को इस ही प्रोजेक्ट पर पूरी धनराशि खर्च करनी है और वह लागत और मुनाफा की वसूली टोल टैक्स के माध्यम से करेगी। पूर्व में इसे भोगनीपुर से घाटमपुर होते हुए चौडगरा तक बनाया जाना था, लेकिन जिस कंपनी का चयन हुआ था उसने यह कहते हुए कदम वापस खींच लिया था कि लागत अधिक है और उसे घाटा होगा। हालांकि कंपनी ने बहुत ही बिलो टेंडर डाला था। ऐसे में उसकी धरोहर राशि भी जब्त कर ली गई थी। सांसद देवेंद्र सिंह भोले की पहल पर तय हुआ कि अब इसका चौड़ीकरण सिकंदरा से किया जाएगा। यही वजह है कि प्राधिकरण ने पुनः कंसलटेंट नामित करने की प्रक्रिया शुरू की है।

भोगनीपुर, घाटमपुर और चौडगरा रेलवे रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनेगा। घाटमपुर में 4.6 किलोमीटर लंबा एक बाईपास बनाया जाएगा। भोगनीपुर से चौडगरा तक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। अब भोगनीपुर से सिकंदरा के बीच भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ेगी। पहले 82.53 किलोमीटर लंबे इस हाईवे का चौड़ीकरण होना था अब लंबाई 27 किलोमीटर और बढ़ जाएगी। भूमि अधिग्रहण पर तीन सौ करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जा चुका है।

### बनने से वाहन चालकों को होगा लाभ

इसके बन जाने से कई बड़े लाभ होंगे। झांसी और इटावा की ओर से आने वाले वाहन जिन्हें प्रयागराज की चौडगरा की ओर जाना होता है उन्हें अभी फतेहपुर के रास्ते जाना होता है। इससे उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। जबकि सिकंदरा से भोगनीपुर होते हुए चौडगरा जाने के लिए टू लेन मार्ग है। इस मार्ग पर यातायात के दबाव के कारण जाम भी लगता है और सड़क आए दिन टूटती है । इस समस्या के समाधान के लिए ही तीन साल पहले भोगनीपुर से घाटमपुर होते हुए चौडगरा तक स्टेट हाईवे को फोर लेन बनाने की योजना बनी थी।

# एक साल बढ़ा छावनी बोर्ड का कार्यकाल

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छावनी बोर्ड का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया। यह 10 फरवरी 2024 को समाप्त हो रहा था। बोर्ड का कार्यकाल अब तक सात बार बढ़ाया जा चुका है। चुनाब लंबित हैं।

रक्षा मंत्रालय ने गजट नोटीफिकेशन जारी करते हुए कानपुर, बरेली समेत देश के 56 कैंट बोर्डो का कार्यकाल बढ़ाया है। यह 12 फरवरी से प्रभावी होगा। अक्टूबर 2021 को निर्वाचित कैंट बोर्डों का कार्यकाल खत्म हो गया था तब से तीन सदस्यीय नामित केयर टेकर कैंट बोर्ड के सारे प्रशासनिक और आवश्यक विकास के कार्य देख रहा है। इस कार्यकाल में भी ब्रिगेडियर, सीईओ कैंट बोर्ड और जनता की तरफ से नामित प्रतिनिधि कामकाज देखेंगे। कानपुर कैंट बोर्ड में लखन ओमर जनता के प्रतिनिधि हैं। ओमर उपाध्यक्ष हैं। कैंट बोर्ड के विधिवत गठन तक ही कार्यकाल विस्तार प्रभावित रहेगा।

उपाध्यक्ष का भी जनता से सीधे चुनाव की तैयारी है। छावनी (संशोधन) अधिनियम 2022 को लोकसभा से मंजूरी मिलने के बाद ही यह संभव हो सकेगा। फिलहाल छावनी अधिनियम 2006 ही लागू है। हालांकि छावनी बोर्ड के सिविल एरिया यानी वार्डों का नगर निगम क्षेत्र में विलय को लेकर तेजी से मंथन चल रहा है।

**आज का मौसम**
प्रात: और रात के समय कड़ाके की सर्दी के आसार।

| 25.2° | 08.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 54 | सूर्यास्त 05 : 51 |

# शुरू होने से पहले ही सदन स्थगित, पार्षद धरने पर बैठे

## भाजपा पार्षद भी धरने पर बैठे, नगर आयुक्त, महापौर के खिलाफ जमकर नारेबाजी

**'लॉलीपॉप' सदन पर हंगामा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महापौर की ओर से बुधवार को बुलाया गया नगर निगम सदन शुरू होने से पहले ही स्थगित हो गया। तय समय 11.30 बजे से एक घंटे बाद भी जब सदन शुरू नहीं हुआ तो पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया। पार्षद दल के नेता नवीन पंडित ने जैसे ही बताया कि सदन को स्थगित कर दिया गया है तो पार्षदों ने नगर आयुक्त मुर्दाबाद के नारे लगाना शुरू कर दिया। यही नहीं पार्षद सदन के वेल में आकर धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस, सपा और निर्दलीय पार्षदों ने साजिश के तहत सदन न कराए जाने का आरोप लगाया, कहा कि ये पार्षदों का अपमान है। ऐसा पूर्व में कभी नहीं हुआ। दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

महापौर प्रमिला पांडेय ने भी सदन स्थगित होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। हंगामा कर रहे पार्षदों को महापौर ने समझाने के लिए भाजपा दल के नेता नवीन पंडित को सदन में भेजा, लेकिन पार्षदों ने उनका भी विरोध कर दिया। पार्षदों ने मांग की नगर आयुक्त को सदन के अंदर बुलाया जाए। हालांकि, पूरे हंगामे के बीच नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन अचानक छुट्टी पर चले गए। इससे पार्षदों व अधिकारियों के बीच गहमा-गहमी बढ़ गई। भाजपा पार्षद पवन गुप्ता, अरुण गर्ग, हरी स्वरूप तिवारी, नीरज गुप्ता, आरती त्रिपाठी, पवन पांडेय, नीरज बाजपेई, अंकित मौर्या, आलोक पांडेय समेत अन्य पार्षदों ने विरोध दर्ज कराया। सभी पार्षदों ने एक स्वर में जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग उठाई।


पार्षदों से बात करतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

- महापौर ने मनाने के लिये सभागार में बुलाई बैठक कांग्रेस ने किया बॉयकाट

"पहले सदन 30 जनवरी को बुलाया गया था। चूंकि, एचबीटीयू में आसरा आवास वितरण का कार्यक्रम था, इसलिए नगर आयुक्त ने 31 जनवरी को सदन करने के लिए कहा, तो आज कर दिया गया। सुबह जब जानकारी हुई तो नियमावली देखी गई। लेकिन, तब तक पार्षद आ गये थे। जिसके बाद सदन को स्थगित कर दिया गया। हमने अलग से बैठक की जिसमें हर पार्षद से समस्या पूछी गई और अधिकारियों ने उसे नोट किया है।

– प्रमिला पांडेय, महापौर


सदन स्थगित होने के बाद प्रमिला सभागार में पार्षदों की बैठक हुई। अमृत विचार

### सदन स्थगित का यह कारण बताया गया

दिल्ली में संसद का बजट सत्र शुरू हुआ। बावजूद इसके नगर निगम सदन बुलाया गया। जबकि नियमावली के मुताबिक ऐसा नहीं किया जा सकता है। इसको लेकर पार्षद अब अधिकारियों पर ठीकरा फोड़ रहे हैं कि नियमों का ध्यान क्यों नहीं रखा गया। माना जा रहा है कि कई अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। नगर निगम सचिव पर भी कार्रवाई की मांग की गई है।

### कटोरा और पोस्टर लेकर पहुंचे

जूही की पार्षद शालू कनौजिया विकास की भीख का कटोरा लेकर सदन में पहुंची थीं। वहीं, कांग्रेस पार्षद अंजुलि दीक्षित भी पोस्टर लेकर सदन में पहुंची। जब महापौर और नगर आयुक्त सदन में नहीं पहुंचे तो हंगामें के दौरान ही दोनों महिला पार्षदों ने वेल में आकर प्रदर्शन किया।

### सिर्फ बैठक में पहुंचे सपा के पार्षद

विपक्ष से पार्षदों ने विरोध तो किया लेकिन इस बीच सपा पार्षद अभिषेक गुप्ता मोनू सभागार में बैठक पहुंच गये। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने बैठक का कोई विरोध नहीं किया है। जिसने किया हो वह न आये।

### महापौर ने सभागार में समस्याएं सुनीं

महापौर ने पार्षदों को शांत करने के लिये सभी पार्षदों के साथ प्रमिला सभागार में बैठक बुलाई। वहां जाने को लेकर विपक्षी और भाजपा पार्षद आमने-सामने आ गये। सत्ता पक्ष के सभी पार्षद सभागार पहुंचे। इन सबके बीच सदन में कांग्रेस दल के नेता सुहैल अहमद ने इसका विरोध करते हुए कहा कि हम पार्षदों का ये अपमान है। अधिकारियों को शर्म आनी चाहिए। विपक्ष इसका खुला विरोध करता है। हम बैठक में शामिल नहीं होंगे। बैठक में महापौर ने अधिकारियों के सामने सभी पार्षदों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों से उसे खत्म करने को कहा। महापौर ने आश्वासन दिया कि सभी पार्षदों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।


सदन स्थगित होने पर पार्षद धरने पर बैठ गए। अमृत विचार



पार्षदों ने महापौर और नगर आयुक्त के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अमृत विचार

## एक नजर

### बेटी से दुष्कर्म का आरोपी पिता गिरफ्तार

**कानपुर।** बेटी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी पिता को हनुमंत विहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष उदय प्रताप ने बताया पीड़िता की मां की तहरीर पर दुष्कर्म की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। बुधवार सुबह आरोपी पिता को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### फॉर्म जमा करने की तिथि बढ़ी, अब 7 फरवरी

**कानपुर।** अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र-2024-25 में कक्षा 6 व 9 के लिये प्रवेश-परीक्षा में आवेदन जमा करने की तिथि को बढ़ा दिया गया है। आवेदक अब अपने फॉर्म 7 फरवरी तक जमा कर सकते हैं। इससे पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जनवरी थी। अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय बिल्हौर, कानपुर नगर में कक्षा 6 में 140 सीटों व कक्षा 9 में 140 सीटों के प्रवेश के लिए आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं।

### लॉयर्स चुनाव के लिए कमिश्नर को ज्ञापन

**कानपुर।** दि लायर्स एसोसिएशन का चुनाव 10 फरवरी से पहले कराये जाने को लेकर बुधवार को एल्डर्स कमेटी ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा है। बता दें कि चुनाव जनवरी 2024 में पूरा होना था। जिसकी नामांकन प्रक्रिया 23 और 24 जनवरी को पूरी हो चुकी है। चुनाव के लिए 61 प्रत्याशी मैदान में हैं लेकिन चुनाव को लेकर विरोधाभास है। इस संबंध में एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन विजय आचार्य, सह चेयरमैन गुलाम रब्बानी और चुनाव अधिकारी राजेश यादव ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की और 10 फरवरी के पहले चुनाव कराने की मांग की। कमेटी के सदस्यों ने पुलिस कमिश्नर से कहा कि वे जल्द चुनाव कराने को अधिकारी नामित कर उसे दिशा-निर्देश दें।

# कनपुरियों ने मगरमच्छ पकड़ा

कार्यालय संवाददाता

**कानपुर।** ये कनपुरियों का मिजाज ही है कि उन्हें यूं ही भौकाली नहीं कहा जाता। ससुरे कुछ भी कर जाते हैं। भैरव घाट के आसपास कई दिन से गंगा में घूम रहे एक मगरमच्छ को घाट किनारे के लड़कों ने घेरकर पकड़ लिया और बांधकर धर लिया। खूब तमाशा हुआ, कनपुरियों ने जोश दिखाया और लोग गंगा मइया की सवारी मानकर पूजा अर्चना भी करने लगे। धूप-दीप लगाया गया। देर शाम तक घाट किनारे रस्सी, डोरी, पट्टी से बंधा मगरमच्छ लोगों के दर्शनार्थ रखा रहा और लोग आ-आकर आगे-पीछे से सेल्फी लेते रहे। डरने के बजाय हंसी-ठहाके और मौज लेने का दौर चलता रहा। वन विभाग की टीम नहीं पहुंची।

गंगा और घाट पर मगरमच्छ का वीडियो कई दिन से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। रोजाना सैकड़ों लोग गंगा स्नान करते हैं, इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं चेते और मगरमच्छ नहीं पकड़ा। घाट किनारे के लड़के रोज वीडियो बना रहे थे। मगरमच्छ कभी रेती पर धूप सेंकता तो कभी घाट किनारे सीढ़ियों तक आ जाता। वन विभाग वाले नहीं आए तो बुधवार को अस्पताल घाट के पास क्षेत्रीय लोगों ने ही मगरमच्छ को पकड़ लिया। मुंह पर चढ़कर बैठ गए और मोटा कपड़ा और रस्सी बांध दी। थोड़ी ही देर में मगरमच्छ के पूरे शरीर को रस्सी, डोरी से बांध दिया और घाट किनारे धर दिया। कुछ लोग मगरमच्छ की पूजा करने लगे। किसी ने कहाकि मगरमच्छ लक्ष्मी जी की सवारी है तो किसी ने कहा गंगा मइया की सवारी है। लोगों ने उसके मुंह के पास धूपबत्ती लगाकर पूजापाठ किया। छोटे-बड़े सभी लोग मगरमच्छ के साथ सेल्फियां लेते रहे। देर शाम तक वन विभाग की टीम नहीं पहुंची थी।


मगरमच्छ को बांधकर पकड़े रहे लोग। अमृत विचार

- बांधकर घाट किनारे रखा लोगों ने की पूजा-अर्चना
- गंगा और घाट किनारे कई दिन से दिख रहा था

# समस्या: विद्यार्थियों का मोबाइल छूट रहा तो धैर्य टूट रहा

**बुरी लत**

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों में छात्र जुट गए हैं। तैयारियों के बीच छात्र-छात्राएं इस समय नए संकट से जुझ रहे हैं। यह संकट मोबाइल का है। घरों में अभिभावक बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रख रहे हैं। इससे बच्चों में तनाव जैसे लक्षण दिखाई देने लगे हैं। मनोवैज्ञानिकों ने बताया कि उनके पास रोजाना इस तरह के तीन से चार केस आ रहे हैं।

मनोवैज्ञानिकों ने बताया कि उनके पास आने वाले केस में 50 फीसदी मामले इस वक्त मोबाइल फोन के हैं। बच्चों से अचानक मोबाइल ले लिए जाने से वे चिड़चिड़े और गुस्सैल हो रहे हैं। ऐसे बच्चों के अभिभावकों और बच्चों दोनों की ही काउंसिलिंग की जा रही है। केशवपुरम स्थित मनोवैज्ञानिक परीक्षण व परामर्श केंद्र के मनोवैज्ञानिक डॉ. एलके सिंह ने बताया कि मोबाइल फोन से अचानक दूरी बच्चों की 'ग्रासपिंग पॉवर' यानी सीखने की क्षमता पर असर डाल रहा है। इसके अलावा बच्चे तनाव, अनिद्रा व अवसाद का भी शिकार हो रहे हैं। काउंसिलिंग के लिए आए ऐसे बच्चों के माता-पिता को बच्चों के साथ मित्रता पूर्ण व्यवहार करने की सलाह दी जाती है।

**केस 01** आजाद नगर निवासी बैंक कर्मी के पुत्र के इस बार बोर्ड के इग्जाम हैं। 15 दिन पूर्व छात्र के व्यवहार में अचानक परिवर्तन आया। छोटी-छोटी बात पर गुस्सा आना और साथ में घर का सामान तोड़ना व्यवहार में शामिल हो गया। बच्चा जब काउंसिलिंग के लिए आया तो पता चला कि अभिभावकों ने पढ़ाई पर फोकस के लिए उसका मोबाइल ले लिया था। इससे बच्चे के व्यवहार में बदलाव आया।

**केस 02** तिलक नगर निवासी कारोबारी की पुत्री के इस बार सीबीएसई के पेपर हैं। परिवार की ओर से मोबाइल फोन चलाने की अवधि को सीमित कर दिया गया था। इसकी जिम्मेदारी छात्रा की मां को सौंपी गई थी। मोबाइल छूटने के करीब दो हफ्ते बाद छात्रा इस कदर क्रोधित हो गई कि उसने अपनी मां को पीटने का प्रयास किया। छात्रा व अभिभावक दोनों की ही काउंसिलिंग एक महीने तक होगी।

### अभिभावकों को भी सलाह

- बच्चों के साथ एक दोस्त की तरह बात करना चाहिए
- बच्चों को बहुत अधिक आदेश नहीं बल्कि समझाना चाहिए
- बहुत अधिक गुस्से में बच्चों से बात नहीं करनी चाहिए
- बच्चों को हर बात पर टोकने से भी बचना चाहिए
- बच्चों पर अपने सपने न थोपें, उसके सपने भी सुनें



- बोर्ड परीक्षा की तैयारी के कारण अभिभावक बच्चों को नहीं दे रहे मोबाइल
- मनोवैज्ञानिकों का सुझाव मित्र बनकर बच्चों से करें बातचीत, समझाएं

### हार्मोंस बनते हैं वजह

मनोवैज्ञानिकों ने बताया कि 12 वर्ष से 24 वर्ष की उम्र में शरीर के हार्मोंस में तेजी से बदलाव होता है। यह वह वक्त होता है जब शरीर में टेस्टीस्टेरोन रसायन अपने चरम पर होता है। ऐसे में हर वो चीज जो व्यक्ति को आनंद देती है उसके अचानक दूर होने से मस्तिष्क के रसायन तेजी से नकारात्मक परिवर्तन करते हैं। उन्हीं परिवर्तनों की वजह से व्यक्ति के शरीर में नकारात्मक क्रिया होने लगती है। शरीर में उत्पन्न होने वाले रसायनों की मात्रा के आधार पर यह नकारात्मक प्रतिक्रिया किसी में कम, किसी में ज्यादा तो किसी में बिल्कुल सामान्य रहती है।

### इस तरह हों सतर्क

मनोवैज्ञानिकों ने अभिभावकों को यह सलाह दी है कि यदि उनके बच्चे के भीतर हाल ही में किसी तरह के व्यवहार में बदलाव आया है तो उसे भांपना जरूरी है। बच्चे के व्यवहार में आने वाला बदलाव उसके मन में पनपे तनाव को भी दर्शाता है। यदि इस तरह के लक्षण दिखें तो माता पिता को सतर्क होने की जरूरत है। बच्चा अचानक अकेला रहना पसंद करने लगे, खेल या रिश्तेदारों के यहां पर जाने से बचने लगे, छोटी-छोटी बातों पर यदि गुस्सा आ जाए या जिद करने लगे, खान-पान में अचानक अव्यवस्थित होने लगे, छोटी-छोटी बातों पर असहज हो जाए, अचानक बच्चे के भीतर उत्साह में कमी आने लगे तो सतर्क हो जाएं।

# अंधेरा, गंदगी देखकर गुस्साए जिला जज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- राजकीय संप्रेषण गृह का किया औचक निरीक्षण

**अमृत विचार।** उच्च न्यायालय किशोर न्याय कमेटी के निर्देशों पर बुधवार को जिला जज ने राजकीय संप्रेषण गृह का औचक निरीक्षण किया। संस्था के हाल में पर्याप्त रोशनी एवं साफ-सफाई नहीं पाने पर उन्होंने नाराजगी जताई।

जनपद न्यायाधीश कानपुर नगर प्रदीप कुमार सिंह (सेकेंड) ने संस्था में कौशल विकास की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ली। संस्था की साफ-सफाई व डॉक्टर के नियमित विजिट, बालकों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिये इनडोर खेल कराने और बालकों की सुरक्षा के लिये सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही बालकों की काउंसलिंग कराए जाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के समय संस्था के हाल में पर्याप्त रोशनी एवं साफ-सफाई नहीं पाई गई, इस पर जिला जज ने संस्था के अधीक्षक को पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था एवं संस्था की साफ-सफाई प्रतिदिन कराए जाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शुभी गुप्ता, जिलाधिकारी कानपुर नगर द्वारा नामित एडीएम (एलए) रिंकी जायसवाल, प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह मौजूद रहे।

## दहेज हत्या में पति को 10 वर्ष कैद

**कानपुर।** दहेज हत्या के एक मामले में बुधवार को अपर सेशन न्यायाधीश शेष बहादुर निषाद की अदालत ने पति मुकेश को 10 साल कैद और 7 हजार का अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

वादी लाखन सिंह के अनुसार 7 मार्च 2018 को पुत्री कीर्ति की शादी सवायजपुर थाना नर्वल निवासी मुकेश कुमार के साथ कराई थी। शादी के कुछ दिनों के बाद से ही पति समेत ससुराल पक्ष बेटी को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे।

उन्हें 8 अक्टूबर 2018 सुबह 8 बजे सूचना मिली कि कीर्ति की मौत आग लगने से हो गयी है। इस मामले में लाखन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एडीजीसी इंद्र लता शुक्ला ने बताया कि कोर्ट ने सबूतों और गवाहों के आधार पर सजा सुनाई है।

nafed
A Farmers' Cooperative ...Since 1958

NATIONAL AGRICULTURAL COOPERATIVE MARKETING FEDERATION OF INDIA LIMITED (NAFED)




NAFED's BHARAT ATTA




**NAFED** has commenced the sale of **NAFED's** Bharat Atta, Whole Wheat Flour **@ Rs. 27.50/kg** under Open Market Sale Scheme (Domestic) of GoI. **NAFED's** Bharat Atta is available in various pack sizes. Interested buyers may visit the following locations for purchase of **NAFED's** Bharat Atta:

**AVAILABLE AT: SAVARIA INDUSTRIES PVT LTD**

**Unit at:** B3, UPSIDC, Industrial Area, Phase-1, Lucknow - Hardoi Road, Sandila, Hardoi - 241127 (U.P.) India

ALSO AVAILABLE THROUGH MOBILE VANS IN FOLLOWING DISTRICTS BARABANKI, HARDOI, LUCKNOW

**State Head: Uttar Pradesh**

**Address: Nafed Warehousing Complex, Beside Fire Station Chatha Meel (6th Mile Chaurah, Sitapur Road, Lucknow -226021(U.P.)**

# सभी सीटें 5-5 लाख वोटों से जीतने का संकल्प

**कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में इलेक्शन मोड पर आई भाजपा**

**प्रत्याशियों की घोषणा के बिना चुनाव कार्यालय खोल चौंकाया, कार्यकर्ताओं से खर्च नहीं कराएगी**

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में भले ही करीब तीन माह शेष रह गए हों, पर भाजपा पूरी तरह से इलेक्शन मोड पर आ चुकी है। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय चुनाव कार्यालय खुल गए हैं। जिताऊ प्रत्याशियों के चयन में केंद्रीय नेतृत्व काफी दिनों से मगजमारी कर रहा है और भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो लोकसभा क्षेत्रवार संभावित प्रत्याशियों की सूची भी लगभग तैयार है। तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए पुख्ता चुनावी तैयारियां की जा रही है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने सभी सीटों पर कम से कम पांच लाख वोटों से जीत का लक्ष्य दिया है। उनका दावा है कि 2019 के चुनाव की तरह अबकी बार भी भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में आने वाली सभी दस सीटों पर कम से कम पांच लाख के अंतर से जीत दर्ज करेगी।

लोकसभा क्षेत्र का केंद्रीय चुनावी कार्यालय प्रचार सामग्री, चुनावी तैयारियों, बैठकों और सभी चुनावी गतिविधियों के केंद्र होगा। यहीं से चुनाव संचालित किया जाएगा। पार्टी ने प्रत्याशियों की घोषणा के बिना ही चुनाव कार्यालय खोलकर विपक्ष को चौंका दिया है। हालांकि यूपी में 16 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा करके अखिलेश यादव ने एक कदम बढ़ा दिया है लेकिन भाजपा का चुनाव संचालन पांच जनवरी से ही शुरू हो गया है।

● **तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए की जा रहीं युद्धस्तर की तैयारियां**



अबकी चुनाव में कार्यकर्ताओं की जेब से फूटी कौड़ी खर्च नहीं करायी जाएगी। बताया जाता है कि चुनाव प्रचार में खर्च को मोटी रकम दी जाएगी। भाजपा पांच जनवरी से चुनाव मैदान में पूरी तरह उतर चुकी है। बैठकों का सिलसिला जारी है। 24 जनवरी को न्यू मतदाता दिवस हुआ। तीन से चार लोकसभा क्षेत्र को क्लस्टर के रूप में बनाया गया है। प्रभारी और संयोजकों की नियुक्ति की जा चुकी है। जेपी नड्डा, अमित शाह और राजनाथ सिंह क्लस्टर प्रवास करेंगे।

राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह है। राम मंदिर कमल का फूल, मोदी-योगी कमल का फूल के नारे केंद्रीय चुनाव कार्यालय में लगाए जाते रहे। हालांकि पार्टी ने पांच लाख से जीत का अंतर का संकल्प लिया है पर बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के नतीजे देखें तो कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की सीटों में इतने भारी अंतर से एक भी सीट नहीं जीती जा सकी थी। 2014 में सबसे ज्यादा वोटों से जालौन (सु) 2,87,202 वोटों के भारी अंतर से जीती जा सकी थी। वहीं 2019 के चुनाव में भाजपा ने झांसी सीट 3,65,683 वोटों से जीती थी। पांच लाख के अंतर से जीत के संकल्प पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल कहते हैं कि राम मंदिर और मोदी-योगी का करिश्मा भारी वोटों से जीत दिलाएगा। विकास कार्य बेशुमार हुए हैं।



पूजा-पाठ के साथ कानपुर लोकसभा सीट का केंद्रीय चुनाव कार्यालय खोला गया। अमृत विचार

## कानपुर लोकसभा सीट का केंद्रीय कार्यालय खुला

**कानपुर।** कानपुर नगर सीट के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन बाल निकुंज स्वरूप नगर में किया। भाजपा सांसद सत्यदेव पचौरी की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ चुनाव कार्यालय खोला गया। हवन पूजन के बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में सभी 10 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों के कार्यालय खोले जा चुके हैं। सभी लोकसभा क्षेत्रों की संचालन समिति भी बन चुकी है। उन्होंने चुनाव के लिए नारा देते हुए कहा कि 'दो बातें न जाना भूल मोदी योगी कमल का फूल'। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव संचालन समिति की घोषणा करते हुए बैठक की, जिसमें सभी संचालन समिति के सदस्यों को लोकसभा चुनाव में तत्काल जुटने के निर्देश देते हुए कहा कि भाजपा नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में सभी को बूथ लेवल पर उतरकर जनता से सीधा संपर्क संवाद करना है। विधानसभा प्रभारी संयोजकों को भी संचालन समिति विधानसभा वार तैयार करने के निर्देश दिए गए। लोकसभा कार्यालय शुभारंभ पर जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय, शिवराम सिंह, लोकसभा प्रभारी राम शरण कटियार, लोकसभा संयोजक मणिकांत जैन, पूर्व सांसद जगतवीर सिंह द्रोण, प्रकाश शर्मा, मनोज सिंह, कौशल किशोर दीक्षित, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिता गुप्ता, गोविंद नगर विधान सभा प्रभारी रामदेव शुक्ला, पूर्व विधायक राकेश सोनकर, रघुनन्दन भदौरिया, अनिल दीक्षित, वीरेंद्र श्रीवास्तव, सुनील साहू, वात्सेय त्रिपाठी, अनूप अवस्थी रहे।

# प्रत्याशी परिवर्तन के संकेत या पुरानों पर ही दांव?

विशेष संवाददाता, कानपुर

● **प्रकाश पाल की अपील के बाद प्रत्याशी रिपीट की चर्चा**

● **प्रत्याशी कोई भी आए भारी मतों से जिताएंगे-पचौरी**

**अमृत विचार।** प्रत्याशी की घोषणा किए बिना ही लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय चुनाव कार्यालय खोलने को लेकर पार्टी के भीतर तरह-तरह की अटकलों का बाजार गरम है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के कुछ नेता कह रहे हैं कि पार्टी पुरानों पर दांव लगा सकती है। तो कुछ नये चेहरों को उतारने का राग अलाप रहे हैं। विधानसभा के हालिया चुनावों को संकेत माना जा रहा है।

जिताऊ प्रत्याशी को उतारने को लेकर लगभग निर्णय लिया जा चुका है। अबकी 75 साल रिटायरमेंट की आयु का भी कोई प्रतिबंध नहीं है। पुरानों को उतारकर जीत हासिल कर नये चेहरों को आगे करके सरकार के गठन पर भी कयास अभी से ही लगाए जा रहे हैं। यही तमाम चख-चख स्वरूपनगर स्थित बाल निकुंज में कानपुर लोकसभा क्षेत्र का केंद्रीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर सुनने को मिली।

जगह-जगह मोदी और योगी के चित्र लगाए गए थे पर वर्तमान सांसद सत्यदेव पचौरी का कहीं पर भी चित्र नहीं लगाया गया था। पचौरी ने अपने भाषण में कहा भी कि दो दिन पहले केंद्रीय चुनाव कार्यालय खोलने को कहा गया था। इतने कम समय में भव्य कार्यालय खोला गया। उन्होंने यह भी कहा कि कानपुर से प्रत्याशी कोई भी उतारा जाए पर भारी मतों से जिताकर लोकसभा भेजेंगे। प्रकाश पाल ने पचौरी को ही पांच लाख वोटों से जिताने की अपील कर दी। इस पर दबी जुबान से लोग कहने लगे कि क्या पचौरी रिपीट हों गए? हवन पूजन मंत्रोच्चार की सनातनी परंपरा के साथ कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

मंच की व्यवस्था भी की गयी थी। नेताओं ने कानपुर की सीट को पांच लाख के भारी अंतर से जिताने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रकाश पाल, सत्यदेव पचौरी, जगतवीर सिंह द्रोण, दीपू पांडेय, शिवराम सिंह समेत सभी फ्रंटल संगठन व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। महिलाओं की भी खासी भीड़ देखी गयी।



कल्याणपुर में चोरों ने तोड़ा दुकान का शटर। अमृत विचार

# चोरों ने एक रात में चार दुकानों में की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **कल्याणपुर और सीसामऊ थानाक्षेत्र में वारदात**

● **पीड़ितों ने थाने पहुंच की मामले की शिकायत**

**अमृत विचार।** शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आए दिन चोर किसी न किसी थानाक्षेत्र में वारदातों को अंजाम देकर पुलिसिया गश्त की पोल खोल रहे हैं। पिछले एक माह में थानाक्षेत्रों में 10 से ज्यादा चोरियां हो चुकी हैं। एक भी घटना को खुलासा करने में पुलिस नाकाम रही है। ताजा मामला मंगलवार देर रात कल्याणपुर थानाक्षेत्र का है जहां चोरों ने तीन दुकानों को निशाना बनाया। वहीं सीसामऊ थानाक्षेत्र में चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर नकदी व सामान पार कर दिया। पीड़ितों ने थाने में प्रार्थना पत्र दे दिया है।

कल्याणपुर में जीटी रोड पर सेवा सिंह मार्केट थाने से चंद कदम की दूरी पर स्थित है। यहां स्थित पीके इंटरप्राइजेज बैटरी सर्विस दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। दुकान मालिक सत्यवीर सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह पड़ोसी की सूचना पर दुकान गए तो शटर उखड़ा पड़ा था। दुकान के अंदर का पूरा सामान बिखरा हुआ था। 15 बैट्रियां व 60,000 रुपये की कीमत का स्क्रैप का सामान चोरी हो गया। दुकान के बाहर लोडर के पहियों के निशान मिले हैं। उन्होंने तकरीबन तीन लाख रुपये कीमत का सामान करने की बात कही। वहीं बगल की बैटरी की दूसरी दुकान में चोरों ने हाथ साफ करने की कोशिश की मगर असफल रहे। एसबीएस बैट्रीज के मालिक आनंद शुक्ला ने बताया कि उनकी दुकान के दोनों शटर के ताले टूटे हुए थे शटर तोड़ने का काफी प्रयास किया गया मगर इंटरलॉकिंग होने के कारण चोर शटर नहीं तोड़ पाए। जिससे उनका लाखों का सामान व नकदी बच गई। इसी तरह बगल की कार गैरेज के मालिक संतोष ने पुलिस को बताया कि गैराज के बाहर खड़ी दो कारों से चोरों ने लॉक तोड़कर बैटरी चुराने की कोशिश की मगर असफल रहे। कल्याणपुर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।

## गांधी नगर आनंद बाग में भी हुई चोरी

सीसामऊ थानाक्षेत्र में गांधी नगर आनंद बाग निवासी अनुज मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनके प्लॉट के बगल में उनका जनरल स्टोर मर्चेन्ट है। बताया कि मंगलवार रात 11:15 बजे दुकान बन्द कर घर गए थे। इसके बाद बुधवार सुबह 08:30 बजे दुकान आए तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ था और दुकान में रखा हुआ सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने 40,000 रुपये नकद, साथ ही सिगरेट, मसाला व अन्य सामान पार कर दिया। उन्होंने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने बताया कि एफआईआर दर्ज की है।

# गूगल में सर्च करके टाटा प्ले का नंबर मिलाया, पांच लाख पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **काकादेव थानाक्षेत्र की घटना पुलिस ने दर्ज किया मामला**

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र में एक पीड़ित के घर टीवी पर डिजनी हॉट स्टार न आने पर उसने गूगल पर टाटा प्ले का नंबर सर्च करके मिला दिया तो साइबर अपराधियों ने एक एप लोड करवाकर उसके खाते से पौने पांच लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित के मोबाइल पर रुपये कटने का मैसेज आया तो उन्हें जानकारी हुई। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

पांडु नगर के हरी टॉवर निवासी सूर्यनाथ त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि उनके यहां टाटा प्ले का पैनल लगा हुआ है। उसमे डिजनी हॉटस्टार नहीं आ रहा था और वह पैसा मांग रहा था। बताया कि इस पर उन्होंने मोबाइल से 899 रुपये जमा कर दिया। इसके बाद भी नहीं आया तो उन्होंने टाटा प्ले का फोन नंबर गूगल से सर्च किया। जहां फोन करने पर उसने दूसरे नंबर से कॉल करके कहा कि आपके रुपये वापस कर दे रहा हूं। उसने एक एडीबीपी एप लोड करवाया उसके बाद एक ओटीपी आया। बताया कि ओटीपी उनसे पूछा भी नही और चार बार में 465,573 रुपये विड्रा कर लिया। इसके बाद पुलिस से शिकायत की। इस संबंध में काकादेव इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मोबाइल नंबर के धारक नाम पता अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर साइबर सेल से मदद ली जा रही है।

## सार-संक्षेप



गुजरात पर्यटन विभाग के समारोह में मौजूद अतिथि।

### गुजराती व्यंजनों ने कनपुरियों को लुभाया

**कानपुर।** गुजरात पर्यटन विभाग की ओर से होटल विजय इंटर कांटिनेंटल होटल में गुजराती फूड फेस्टिवल आयोजित हुआ। कार्यक्रम में गुजराती व्यंजनों को पारंपरिक रूप से डिस्प्ले किया गया। लजीज व्यंजनों को चखने के लिए समारोह में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शहरवासियों ने मिनी हांडवो, पात्रा, खांडवी, ढोकला, खमन, फुलवड़ी, बटाटा वड़ा और मेथिना गोटा सहित अन्य पारंपरिक गुजराती स्नैक्स का लुत्फ उठाया। इसी तरह मेन कोर्स में ताजा कोबिज नो सांभरो से लेकर फुल्का रोटी और बजरी नो रोटलो का स्वाद शहरवासियों ने चखा।

# सिर पर लोहे की रॉड मारी, बोतल फोड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **प्लॉट न लेने पर युवक की हत्या का प्रयास, रिपोर्ट**

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में प्लॉट न लेने के विवाद में घात लगाए दो आरोपियों ने युवक को लोहे की रॉड से जमकर मारापीटा। इसके बाद आरोपियों ने गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। सिर पर कांच की बोतल फोड़कर लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद साथी ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की शिकायत पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

कानपुर देहात के शिवली रास्तपुर निवासी मनीष कुमार गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त सत्यम बाजपेई के साथ 28 जनवरी को दिन में सामान लेने के लिए कल्यानपुर आया था। सामान की खरीददारी में समय ज्यादा होने पर वह सत्यम के साथ उसके घर नानकारी करीब 10 बजे रात्रि को जा रहा था।



रास्ते में नानकारी की तरफ से लोडर सवार दो लोग शिवम व रमन त्रिवेदी आए और गालियां देते लगे। कहा कि उसने उनसे प्लॉट नहीं लिया है, अब सबक सिखाएंगे। आरोप है कि शिवम ने गाड़ी से रॉड निकालकर उसपर हमला कर दिया और दोनो ने गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। उसने किसी तरह अपने को छुड़वाया, इसी दौरान शिवम ने लोहे की रॉड सिर पर मार दी और रमन ने कांच की बोतल फोड़ दी। इससे वह लहूलुहान होकर अचेत होकर गिर पड़ा।

घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से भाग निकले। इस दौरान सत्यम डर के कारण भाग गया था। बताया कि काफी देर बाद सत्यम लौटकर आया और उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। इस संबंध में कल्याणपुर प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडेय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी शिवम व रमन त्रिवेदी के खिलाफ हत्या के प्रयास, धमकी में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।


KANPUR SMART CITY LIMITED
(Under Kanpur Nagar Nigam )
Nagar Nigam Mukhyalaya, 3rd Floor, MotiJheel, Kanpur - 208002
Phone – +91 512 2541258, 2546194
e-mail : ksclkanpur@gmail.com

कानपुर नगर निगम

**NOTICE INVITING TENDER**

The Municipal Commissioner, Kanpur Municipal Corporation Invites Tender for the below mentioned work under Smart City Mission:-

| S. No. | Name of Project | Tender Fees Non-Refundable | Earnest Money Deposit | End Date for Bid Submission | Technical Bid Opening Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Development of Kanpur Darshan website with Admin panel & Dynamic Pages. | ₹ 2000.00 + 18% GST extra | ₹ 20,000.00 | 07.02.2024 at 15:00 Hrs. (IST) | 07.02.2024 at 15:30 Hrs. (IST) |

a) Bidders are requested to submit the Tender Fee in the form of DD/Bankers Cheque & EMD in form of FDR/TDR issued in favor of **"Chief Executive Officer, Kanpur Smart City Limited" Payable at Kanpur** and receipts are to be attached and deposited with Technical Bid Documents.
b) The last date of for pre-bid queries is 05.02.2024 through e-mail on ksclkanpur@gmail.com and Pre-bid meeting (06.02.2024) will be held at **CEO Office, Kanpur Smart City Limited, 3rd Floor, Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002 Telephone No.-0512-2541258.**
c) The deadline for Hard/Physical Copy Submission of Technical Bid documents **is 07.02.2024 till 15:00Hrs. (IST).**
d) For more details contact Chief Executive Officer, KSCL address- CEO, Kanpur Smart City Limited (KSCL), Conference Room, Third Floor Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002 Telephone No. 0512-2541258, Manager (Technical) Mob. No. 08601800828 and through e-mail. ksclkanpur@gmail.com.

**Municipal Commissioner/Chief Executive Officer Kanpur**
**Municipal Corporation/Kanpur Smart City Limited**


**कार्रवाई** बर्रा में रैली पर पथराव कर फैलाई थी दहशत, किशोरी का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने में भी नामजद


# हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर पर 25 हजार का इनाम रखा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **कर्नाटक में मिली लोकेशन बोला, फंसाया जा रहा**

**अमृत विचार।** बर्रा थानाक्षेत्र में अपना दल एस की रैली पर पथराव करके दहशत फैलाने में नामजद गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर पर डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार ने 25 हजार का इनाम घोषित किया है। अजय और उसके साथियों की तलाश में बर्रा, गुजैनी, हनुमंत विहार व नौबस्ता पुलिस के साथ सर्विलांस और क्राइम ब्रांच की टीमें लगी हुई हैं। उसकी लोकेशन कर्नाटक में मिली है। अजय ठाकुर ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर उसे झूठा फंसाने का आरोप लगाया है।

मंगलवार रात 13 वर्षीय किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर रुपये मांगने व मारपीट करने के मामले में भी अंशू सिह सेंगर, अजय ठाकुर, अभय भदौरिया, अनूप शुक्ला, सत्यम तिवारी, वैभव तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। बुधवार को अजय ठाकुर का परिवार डीसीपी कार्यालय पहुंचा। इस बीच 13 वर्षीय किशोरी भी अपने भाई और अन्य परिचित के साथ वहां पहुंच गई। यहां दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए। दोनों में जमकर नोकझोंक हुई। पुलिसकर्मियों ने उन्हें शांत कराया। बाद में अजय के परिवार ने वादी और उसके साथियों के खिलाफ आरोप लगा तहरीर दी तो डीसीपी दक्षिण ने उसे लौटा दिया। मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही। पुलिस अजय ठाकुर के अलावा उसके साथी अर्पित ठाकुर, शिवांग ठाकुर, अभय भदौरिया, आकाश द्विवेदी, साहिल सोनकर उर्फ शेरा, गौतम मोगा व अन्य के खिलाफ बलवा, मारपीट, जानलेवा हमले व अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।



हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर।

हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। जिसमें उसने झूठे मुकदमे में फंसाए जाने की बात कही है। उसने दावा किया है कि छेड़छाड़ की पीड़िता को धमकाने के जिस मुकदमे में उसे नामजद किया जा रहा है, उस घटना के वक्त वह जेल में था। रैली पर पथराव और हमले के मामले में कहा कि बाइक सवारों ने उससे गाली गलौज और मारपीट की, बचाव में उसने हमला किया।

## अजय ठाकुर: उम्र 25 और मुकदमे 21

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **डॉक्टर दंपति की नाबालिग बेटी से गैंगरेप में चर्चा में आया था**

● **हत्या का प्रयास, अपहरण रंगदारी, धमकी के केस हैं**

**अमृत विचार।** दक्षिण जोन के बर्रा थानाक्षेत्र में कैफे में डॉक्टर दंपति की नाबालिग बेटी से गैंगरेप के मामले में चर्चा में आए गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर उर्फ बंदर पर अलग-अलग थानाक्षेत्रों में 21 मुकदमे दर्ज हैं। अजय की उम्र मात्र 25 वर्ष है। दक्षिण में उसके पास युवाओं की भारी भरकम टीम है। आरोपी के सोशल मीडिया अकाउंट में कई राजनैतिक लोगों के साथ फोटो वायरल हो रहे हैं।

अजय ठाकुर अपने आपको हिंदू युवा वाहिनी का जिला उपाध्यक्ष कहता है। उसके सोशल मीडिया अकाउंट में भाजपा के विधायकों और मंत्रियों के साथ उसकी फोटो भरी हुई हैं। एक वीडियो में तो बीजेपी विधायक का अजय ठाकुर को केक खिलाते हुए वीडियो भी वायरल हुआ था। उसके ऊपर बर्रा में 16 मुकदमे, गोविंद नगर, हनुमंत विहार, नौबस्ता में एक-एक वहीं किदवई नगर में दो संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। कैफे में गैंगरेप की घटना के बाद वह काफी दिन बाद पकड़ा गया था।


**कानपुर नगर निगम**
**कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

कानपुर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अन्तर्गत कान्ट्रेक्ट से सम्बन्धित विद्युत कार्य हेतु विद्युत ठेकेदारों से नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति 26.10.2023 एवं 12.01.2024 के अनुसार 02 कार्य हेतु ऑनलाईन ई–निविदा निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www://etender.up.nic.in/ से प्राप्त कर अपलोड किये जा सकते है।

| | |
|---|---|
| आन लाईन निविदा प्रारम्भ की तिथि व समय | 01.02.2024 अपरान्ह 2:00 बजे से |
| आन लाईन निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 08.02.2024 दोपहर 2:00 बजे तक |
| आन लाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 08.02.2024 दोपहर 4:00 बजे |
| कार्यो की संख्या | 02 कार्य |

**अति अल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना**

कानपुर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अन्तर्गत कान्ट्रेक्ट से सम्बन्धित विद्युत कार्य हेतु विद्युत ठेकेदारों से नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति दिनांक 14.09.2023 एवं 28.02.2023 के अनुसार 03 कार्य हेतु अति अल्पकालीन सामान्य निविदा निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी नगर निगम की वेबसाइट www://kmc.up.nic.in/ से प्राप्त कर सकते है।

| | |
|---|---|
| निविदा डाले जाने की तिथि व समय | 08.02.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र की बिक्री की अन्तिम तिथि व समय | 07.02.2024 दोपहर 1:30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 08.02.2024 सॉय 4:00 बजे |

निविदा विवरण निर्धारित प्रारूप में उल्लिखित कार्य का विवरण, आगणन लागत, निविदा की अर्नेस्टमनी, निविदा मूल्य तथा समयावधि आदि का विवरण तथा निविदा की शर्ते उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**प्र0 मुख्य अभियन्ता (मा0प्र0)**
**नगर निगम कानपुर**
Ro no. 345

**नगर आयुक्त**
**नगर निगम कानपुर**
**दिनांक: 31.01.2024**

# उद्योग बढ़ाने वाला, टैक्स घटाने वाला बजट चाहिए

- उद्योगों को बढ़ाने के लिए टैक्स में लचीलापन बहुत जरूरी
- इनकम टैक्स में छूट, मेडिकल सेवाएं भी सस्ती होनी चाहिए

कानपुर। शहर के लोगों की मांग है कि बजट ऐसा होना चाहिए जिससे शहर का उद्योग बढ़े, इसके साथ ही शहर भी चमके। सरकार को उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए टैक्सों को लचीला बनाना चाहिए। शहर के औद्योगिक और व्यापारिक विकास के लिए अन्य राजधानी क्षेत्रों से सीधे हवाई संपर्क बहुत जरूरी है। लोगों ने इनकम टैक्स के छूट के दायरे में बढ़ोत्तरी, मेडिकल सेवा सस्ते होने की भी आस जताई है।






उद्योग को बढ़ाने के लिए एमएसएमई सेक्टर के लिए अलग से टैक्स स्लैब होना चाहिए। जीएसटी जब लागू किया गया था उस वक्त इसके भविष्य में दो स्लैब तक सीमित किए जाने की बात हुई थी। अब समय आ गया है इसके दो स्लैब बनाए जाने का ऐलान होना चाहिए।

**-अतुल सेठ, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रोविंशियल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन**



इस बार का बजट लोक लुभावना होने की उम्मीद है। आज पेट्रोल और डीजल का महंगा होना सबसे बड़ी मुसीबत है। इसे सस्ता किए जाने की बहुत जरूरत है। इसके अलावा उद्योग जगत में बैंक लोन बगैर अचल संपत्ति के गिर्वी रखे मिलना चाहिए। इससे सहूलियत होगी।

**-जय हेमराजानी, आईआईए**



वित्त मंत्री को इस बार के बजट में पेंशनरों का खास ख्याल रखना चाहिए। इसके लिए पेंशन को इनकम टैक्स के दायरे से दूर रखना चाहिए। पेंशनर्स की यह लंबे समय से मांग है, उसे इस बजट में पूरा करना चाहिए। इसके अलावा महंगाई भत्ते को भी इनकम टैक्स से दूर करना चाहिए। इससे बड़ी राहत मिलेगी।

**-राजेश शुक्ला, उपाध्यक्ष पेंशनर्स फोरम**



कर्मचारियों की यही मांग है कि बजट में इनकम टैक्स में छूट के दायरे को बढ़ाना चाहिए। इससे कर्मचारियों की कुछ बचत हो सकेगी। इसके अलावा सरकार को पुरानी पेंशन को भी इस बजट में बहाल किए जाने की घोषणा करना चाहिए। कर्मचारी लंबे समय से यह मांग कर रहे हैं।

**-प्रभात मिश्रा, अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद**



उम्मीद है कि इस बजट में ऐसे प्रावधान होंगे जिससे चमड़ा कारोबार को सहूलियत मिलेगी। चमड़ा कारोबार नए रुझान की ओर मुड़ रहा है। ऐसे में कारोबार के बैरियर को दूर करने का काम यह बजट कर सकता है। निर्यात संबंधी कई प्रावधान भी हो सकते हैं।

**-जावेद रिजवान, रीजनल चेयरमैन, सीएलई**



शहर के औद्योगिक स्वरूप को बढ़ाने के लिए देश की सभी प्रमुख राजधानियों के लिए फ्लाइट शुरू होनी चाहिए। इससे कारोबार बढ़ सकेगा। फिलहाल सिर्फ दो फ्लाइट शहर से उड़ रही हैं, जो कि शहर के औद्योगिक स्वरूप को देखते हुए काफी नहीं है। मांग बहुत है पर फ्लाइट नहीं है।

**-शारिक अल्वी, अवध ट्रेवल्स**



बजट में मेडिकल सुविधाएं सस्ती होने के लिए प्रावधान होना जरूरी है। प्राईवेट मेडिकल सुविधा हर किसी को सहूलियत से मिल सके इसके लिए प्रावधान होना चाहिए। इसके अलावा कर्मचारियों का एक महीने का वेतन इनकम टैक्स में चला जाता है। इस पर छूट बढ़नी चाहिए।

**-शैलेंद्र द्विवेदी, प्रदेश संयोजक, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ**



उद्योग व व्यापार को बचाने के लिए जीएसटी का सरलीकरण होना बहुत जरूरी है। यह टैक्स इतना जटिल है कि इसे कारोबारी आज तक समझ नहीं पाए हैं। टैक्स की जटिलता का असर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से कारोबार पर पड़ रहा है। इस टैक्स के सिर्फ दो स्लैब ही होने चाहिए।

**-सुनील वैश्य, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य, आईआईए**



रेल यात्रा के दौरान वरिष्ठ नागरिकों किराए पर 40 फीसदी छूट मिलनी चाहिए। यह सुविधा कोरोनाकाल से बंद हो गई, जिसे दोबारा चालू नहीं किया गया। उम्मीद है कि इस बार कोरोनाकाल में रोका गया 18 महीने का महंगाई भत्ता के एरियर का भुगतान का ऐलान भी इस बार हो सकता है।

**-बीएल, गुलाबिया, संयोजक, सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन**



बजट में इस बार कर्मचारियों को इनकम टैक्स में राहत मिलनी ही चाहिए। कर्मचारियों के पास बचत का कोई दूसरा जरिया नहीं है। बजट में इनकम टैक्स में राहत मिलने से उसे महंगाई से बचाव का उपाय मिल सकेगा। इसके अलावा पेट्रोल के दामों में भी कमी होनी चाहिए।

**-नितिन गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ**

## बजट में शहर के पर्यटन को भी मिले बढ़ावा

**कानपुर।** बजट की उम्मीदों में शहर के पर्यटन को बढ़ाने के लिए भी सहयोग जरूरी है। पर्यटन देश का सबसे तीसरा सबसे बड़ा रोजगार देने वाला क्षेत्र है। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। ऐसे में शहर को भी इसमें कुछ मिलने की उम्मीद है। जिला पर्यटन विकास एवं प्रोत्साहन समिति के समन्वयक व सीएसजेएमयू के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सिधांशु राय ने कहा कि आने वाले समय में धार्मिक पर्यटन एक प्रमुख आयाम के रूप में सामने आएगा। जिसका ताजा उदाहरण अयोध्या नगरी है जहां अनुमान है की करोड़ों की संख्या में इस वर्ष घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटक भ्रमण करेंगे। ऐसे समय में अन्य धार्मिक पर्यटन वाले जनपद अपने स्थलों की मार्केटिंग कर उन पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित कर सकते हैं। शहर में भी बिठूर स्थल अपनी पौराणिक और धार्मिक आस्था के साथ ऐसे पर्यटकों की पहली पसंद बन सकता है। वर्तमान में जिला प्रशासन भी पर्यटन को बढ़ाने में लगा हुआ है। इससे कानपुर दर्शन सिटी टूर भी लगातार पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस टूट में अब तक लगभग दो हजार लोग शामिल हो चुके हैं। इसलिए शहर के पर्यटन को बढ़ाने के लिए बजट में स्थान जरूर होना चाहिए।



डॉ. सिधांशु।

# एलिवेटेड ट्रैक और रोड को बजट मिलने के आसार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अंतरिम बजट में कई बड़ी परियोजनाओं की सौगात आज कानपुर को मिल सकती है। इनमें अनवरगंज से आईआईटी तक एलिवेटेड ट्रैक, गोल चौराहा से रामादेवी तक एलिवेटेड रोड, रमईपुर से हमीरपुर होते हुए कबरई तक समानांतर फोर लेन राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रोजेक्ट को बजट मिलने के आसार हैं। इसके साथ ही मेगा लेदर क्लस्टर के विकास के लिए 125 करोड़ रुपये का प्रावधान भी बजट में किया जा सकता है। रिंग रोड परियोजना पर काम शुरू हो गया है। इसके लिए भी और बजट आवंटित किए जाने की उम्मीद है। सांसद सत्यदेव पचौरी हों या देवेंद्र सिंह भोले इन परियोजनाओं के लिए इस बार बजट आवंटन को लेकर आशांवित हैं।



क्रॉसिंग पर जाम से छुटकारा चाहती है जनता। अमृत विचार

### एलिवेटेड ट्रैक देगा जाम से राहत

अनवरगंज से आईआईटी तक प्रस्तावित एलिवेटेड रेलवे ट्रैक की डीपीआर को रेलवे बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी है। इस प्रोजेक्ट को रेल मंत्रालय को भेजा जा चुका है। करीब एक हजार करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने के लिए गुरुवार को बजट का आवंटन हो सकता है। इसके बन जाने जीटी रोड पर रेलवे क्रासिंगों की वजह से लगने वाला जाम समाप्त हो जाएगा। एलिवेटेड रेल ट्रैक बनने से प्रमुख बाजारों पी रोड, गुमटी नंबर पांच, 80 फीट रोड, कल्याणपुर, काकादेव कोचिंग क्षेत्र, सर्वोदय नगर, रावतपुर, अशोक नगर समेत आसपास क्षेत्रों में कारोबार को भी बढ़ावा मिलेगा। इस ट्रैक को बनाने के लिए कल्याणपुर और रावतपुर स्टेशन को खत्म कर सीएसजेएमयू के पास दलहन अनुसंधान संस्थान की भूमि पर नया स्टेशन बनाया जाएगा।

# एलिवेटेड रोड बनी तो जाम से निजात मिलेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रामादेवी से गोल चौराहा तक प्रस्तावित एलिवेटेड रोड करीब सवा 10 किलोमीटर की है। इस रोड के बन जाने से कोकाकोला, गुमटी, जरीब चौकी, अफीम कोठी, झकरकटी, टाटमिल चौराहा पर लगने वाला जाम समाप्त हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट की डीपीआर अभी नहीं बनी है। इसके लिए कंसलटेंट नामित हो चुका है। प्रोजेक्ट को बजट में स्वीकृति मिल सकती है।

फोर लेन एलिवेटेड रोड सिंगल पिलर पर बननी है। कंसलटेंट कंपनी जल्द ही सर्वे कर यह तय करेगी कि कहां- कहां रैंप बनेगी। करीब तीन हजार करोड़ रुपये इस पर खर्च आना है।

### कानपुर- कबरई समानांतर हाईवे को भी हरी झंडी चाहिए

रमईपुर से हमीरपुर होते हुए कबरई तक फोर लेन समानांतर हाईवे बनाया जाना है। कबरई के आगे छतरपुर होते हुए भोपाल तक यह चौड़ा हो रहा है। इस हाईवे के निर्माण के लिए 37 सौ करोड़ रुपये खर्च होना है। करीब एक हजार करोड़ रुपये की लागत भूमि अधिग्रहण पर आएगी। इसके बन जाने से भोपाल से लखनऊ तक आना-जाना आसान होगा। अभी तो कबरई तक टू लेन हाईवे होने से आए दिन हादसा होता है और जाम लगता है।




ऐलिवेटेड रोड बनने से टाट मिल का जाम खत्म हो जाएगा। अमृत विचार

# ऑनलाइन बाजार पर जरूर नकेल कसे सरकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बजट से पहले कारोबारियों ने बैठक कर अपनी मांग फिर से जाहिर की है। कारोबारियों ने अपनी मांग दोहराई कि इस बजट में ऑनलाइन कारोबार पर नकेल लगाए जाने के लिए प्रावधान सरकार को करना चाहिए। कारोबारियों ने ऑनलाइन बाजार में नजर रखने के लिए नियामक आयोग का जल्द ही गठन करने की मांग की है। दोहरे टैक्स पर भी कारोबारी मुखर हुए।

बजट से पहले बुधवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक हुई। कोपरगंज में हुई बैठक में मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्रा ने कहा कि ऑनलाइन बाजार थोक व रेडीमेड कपड़ा बाजार को धीरे-धीरे खत्म कर रहा है। देश में करोड़ों कारोबारी ऑनलाइन बाजार से सीधे प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में इस बजट में सरकार को ऑनलाइन कारोबार पर नकेल लगाना जरूरी है। बैठक में विजय गुप्ता 'गोरे', राजेश आहूजा, रतन सिंह, आरिफ मार्टिन, अब्दुल वाहिद सहित अन्य कारोबारियों ने कहा कि ऑनलाइन कारोबार पर नजर रखने के लिए नियामक आयोग जल्द बनाया जाना जरूरी है। सरकार को इस कारोबार को खुली छूट देने से बचना चाहिए।



व्यापारियों ने बैठक कर रखीं मांगें। अमृत विचार

### दोहरा टैक्स भी खत्म होना चाहिए

बैठक में टेनी खान, सत्य नारायण खन्ना, हसीब अहमद व राकेश गुप्ता ने कहा कि पूरे विश्व में जहां इनकम टैक्स नहीं था वहां पर जीएसटी लागू किया गया। जीएसटी लागू करने के बाद कई देशों ने इनकम टैक्स को खत्म कर दिया। देश में आज भी कारोबारी दोहरा टैक्स दे रहे हैं। ऐसे में इनकम टैक्स में या तो छूट का दायरा 10 लाख रुपये तक होना चाहिए या इनकम टैक्स खत्म होना चाहिए। इस तरह से दोहरा टैक्स कारोबारियों की कमर तोड़ रहा है।

# विवि और टेक्नोलॉजी सेंटर में करार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) और एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर के बीच बुधवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक व एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर की तरफ से आनंद दयाल, प्रबंध निदेशक पी. स्वाइन ने हस्ताक्षर किए। अब एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर उपलब्ध उच्च गुणवत्ता परक मशीनों के माध्यम से तकनीकी शिक्षा प्राप्त करेगा। जिसकी क्षमताओं में वृद्धि होने के साथ देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। वहीं, विश्वविद्यालय के छात्रों की प्रतिभा का संवर्धन भी सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स के माध्यम से किया जाएगा। इस मौके पर कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, डॉ शिल्पा कायस्था, प्रो. रॉबिंस पोरवाल, डायरेक्टर स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन, असिस्टेंट डीन डॉ. राजेश कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी नवाचार फाउंडेशन विवेक मिश्रा, स्टार्टअप फाउंडर राहुल दीक्षित व नवाचार अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. विनय पाठक और सेंटर के अधिकारी। अमृत विचार

- एमएसएमई टेक्नोलाजी सेंटर से किया समझौता

## फांसी लगाने से हुई थी टेनरी कर्मी की मौत

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी में 23 दिन से लापता टेनरीकर्मी का शव फांसी के फंदे पर लटकते मिलने के बाद हड़कंप मच गया था। बुधवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या की पुष्टि हुई है।

काशीराम कालोनी फेस-2 निवासी सीमा खान का छोटा बेटा 18 वर्षीय सोहेल उनके साथ जाजमऊ स्थित नार्दन टेनरी में काम करता था। टेनरी के आफिस से सात जनवरी को 25 हजार रुपये चोरी हो गए थे। जिसमें टेनरी के सीसीटीवी फुटेज में सोहेल अपने साथी के साथ चोरी करते दिखा था। घटना के बाद से सोहेल लापता हो गया था।

मंगलवार की देर शाम को उसका शव वहीं की बंद पड़ी कॉलोनी में फांसी के फंदे से लटका मिला था। सीमा ने बेटे के साथी शनि और राम-लखन पर हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया। थाना प्रभारी ने बताया कि मां के आरोपों की जांच की जाएगी। पोस्टमार्टम में फांसी से मौत की पुष्टि हुई है।

**शिक्षा में प्रयोग** | अब तक परिषदीय स्कूलों के 219 छात्रों ने किया है कानपुर भ्रमण

# साथियों को कानपुर दर्शन की कहानी सुनाएंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के बच्चे कहानी किस्सों के जरिये कानपुर दर्शन का यात्रा वर्णन अन्य बच्चों को सुनाएंगे। इसके अलावा बच्चे चित्रों और निबंध में भी इस यात्रा को शामिल करेंगे। 15 फरवरी से स्कूलों में यह कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। हर रविवार को बच्चे शहर के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण करते हैं। अब तक 219 बच्चे भ्रमण कर चुके हैं।

कानपुर दर्शन के तहत अब तक 6 ब्लॉक के स्कूलों के छात्र-छात्राएं शहर की यात्रा में शामिल हो चुके हैं। इनमें किदवई नगर, बिधनू, प्रेम नगर, सदर बाजार, कल्याणपुर व चौबेपुर ब्लॉक शामिल हैं। सभी ब्लॉक मिलाकर 14 स्कूल अब तक इस योजना में शामिल हुए हैं।

जिला प्रशासन की ओर से कराए जा रहे इस भ्रमण में अन्य बच्चों की रुचि बढ़ सके इसके लिए कक्षा स्तर पर प्रतियोगिताएं कराया जाना तय किया गया है। कार्यक्रम प्रभारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि कक्षाओं में प्रतियोगिताओं के लिए भ्रमण पर गए सभी बच्चों के स्कूलों में जानकारी दी जा रही है। अन्य स्कूलों के बच्चों को भी इस भ्रमण में शामिल कराया जाएगा। इससे बच्चों में अपने शहर के पर्यटन स्थलों की जानकारी बढ़ती है, रुचि बढ़ती है और कानपुर के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है।



रविवार को स्कूली बच्चों ने पर्यटन केंद्र की सैर की थी। अमृत विचार



# 18 गांवों में चकबंदी जल्द एआई का उपयोग होगा

## दूसरी बार कवायद, ड्रोन और रोवर सर्वे से चकबंदी की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** नर्वल, घाटमपुर और बिल्हौर तहसील के 18 गांवों में दूसरी बार चकबंदी कराने की तैयारी शुरू हो गई है। यह पहला अवसर होगा जब ड्रोन और रोवर सर्वे से चकबंदी कराई जाएगी। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व ब्लॉकचेन का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे किसानों की भूमि का सही तरीके से चिन्हांकन हो सकेगा। साथ ही किसानों की अलग-अलग स्थान पर पड़ी भूमि सहमति के आधार पर एक स्थान पर हो सकेगी। जिन सरकारी जमीन पर कब्जे और अतिक्रमण हो गए हैं उन्हें भी हटाया जा सकेगा। इससे घूरा, चरागाह , ग्राम समाज की भूमि भी आसानी से चिह्नित हो जाएगी।

प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक उप्र जोत चकबंदी अधिनियम, 1953 के तहत पुराने गांवों में तो चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। कुछ गांवों में डीएम से लगातार दोबारा चकबंदी कराने की मांग हो रही थी। इसके बाद डीएम ने राजस्व परिषद को प्रस्ताव भेजा था। वहां से मंजूरी के बाद पुनः चकबंदी कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी गांवों में पुनः चकबंदी कराने के लिए सभी तथ्यों की जांच कराने और प्रस्ताव तैयार कराने के लिए कहा था। नए प्रस्ताव का अवलोकन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी किया था। उनकी सहमति के बाद ही राजस्व परिषद की ओर से शासनादेश जारी किया गया। एडीएम न्यायिक सूरज यादव की अध्यक्षता में 18 गांवों में चकबंदी होगी। चकबंदी से जुड़ी प्रक्रिया शुरू हो गई है। फसल कटने के बाद चकबंदी होगी। इन गांवों के किसानों को बता दिया गया है कि उनके यहां चकबंदी की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। ड्रोन और रोवर सर्वे से चकबंदी से पारदर्शिता भी रहेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व ब्लॉकचेन से चकबंदी लेखपालों को काम करने में आसानी होगी।

### इन गांवों में होगी चकबंदी

बम्बुराहा, महोली, खरौटी, दीपापुर, हाथीगांव, टीकरभाऊ, विपौसी , डोमनपुर, अखरी, खुजौरी, नर्वल, पूरनपुर , रायपुर नर्वल , हरचन्दखेड़ा, सिकटिया , शीशूपुर, मनोह व विरोह गांव में चकबंदी होगी।



प्रदेश व्यापी जिला स्तरीय संवाद एवं कार्यशाला में बनी रणनीति। अमृत विचार

# राहुल गांधी के समर्थन में निकालेंगे यात्राएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रायोजित प्रदेश व्यापी जिला स्तरीय संवाद एवं कार्यशाला कार्यक्रम में बुधवार को उत्तर, दक्षिण एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटियों ने तिलक हाल मे संवाद एवं कार्यशाला का आयोजन किया। कमेटी के उपाध्यक्ष एवं कानपुर लोकसभा प्रभारी राहुल राय और कानपुर जिला प्रभारी संतराम नीलांचल की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई।

इस दौरान वार्ड, ब्लाक एवं विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ता दो फरवरी से 10 फरवरी तक कांग्रेस महानायक राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में यात्राएं निकालने और बूथ स्तर पर गांव-गांव व मोहल्लों में घर-घर जाकर मतदाताओं के मध्य जनसम्पर्क अभियान चलाकर कांग्रेस का संदेश पहुंचाने का निर्णय लिया गया। सभी कांग्रेस पदाधिकारियों एवं वार्ड अध्यक्षों ने प्रस्तावित भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में अपने-अपने क्षेत्रो मे यात्राएं निकालने का आश्वासन दिया। शहर कांग्रेस उत्तर के अध्यक्ष नौशाद आलम ग्रामीण अध्यक्ष अमित पाण्डेय पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी सहित एआईसीसी, पीसीसी के सदस्यों, शहर एवं ग्रामीण कमेटियों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# टॉस्क पूरा करने के नाम पर ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में साइबर ठगों ने एक एप के माध्यम से टॉस्क पूरा करने के नाम पर ठगी की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता और उनके सदस्यों से करीब 63 हजार रुपये की ठगी कर उन लोगों को ब्लॉक कर दिया गया। जिसके बाद आरोपी पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

आदर्श नगर दहेली सुजानपुर निवासी प्रियंका शुक्ला ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 25 दिसंबर 2023 को एक इवरेंट मोबाइल एप डाउनलोड किया था। इस एप में इलेक्ट्रानिक ऑटो मोबाइल को रिचार्ज करने वाली मशीन को किराए पर लेने (खरीदने) का प्रस्ताव दिया जाता था। जिसके लिए सदस्यों को एप के वॉलेट में यूपीआई की ओर से धनराशि का रिचार्ज कराना पड़ता था। एप में वॉलेट में धन आने के बाद सदस्य एप में उपलब्ध मशीनों को निर्धारित किराए पर ले सकता था। जिसके परिणामस्वरुप एप सदस्य को एक निश्चित समय तक प्रतिदिन एक निश्चित धनराशि दिए जाने का वादा किया गया था। वह धनराशि मध्यरात्रि 12.05 के आस पास एप पर दिखाई देती थी। जिसे सदस्य सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से अपरान्ह 3.30 बजे तक ही निष्कासित कर सकते थे। बताया कि धनराशि निष्कासन के लिए एप पर आवेदन करने के 4-5 घंटे के पश्चात कुल धनराशि का आठ प्रतिशत काटकर बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाता था।

बताया कि इस एप में 25 दिसंबर से निवेश प्रारंभ किया गया। इसके बाद 5,000, 15,000 (तीन बार) रुपये अलग-अलग तारीखों में था। प्रतिदिन उन्हें 150, 750(3 बार) रुपये प्राप्त होते थे जोकि तीन माह और छह-छह माह की अवधि के थे। पीड़िता के अनुसार 21 जनवरी 2024 तक कुल 32,000 रुपये प्राप्त हुए। इसके बाद दूसरे मोबाइल नंबर से 13,000 रुपये निवेश किया। जिससे उन्हें 7500 की धनराशि प्राप्त हुई। बताया कि कुल 95,000 रुपये कि धनराशि उक्त एप में निवेश की गई। जिसमें कुल 39,500 प्राप्त किए। 19 जनवरी से धनराशि उनके और अन्य सदस्यों के बैंक खातों में आना बंद हो गई। जिसके बाद 22 जनवरी को एप संचालक कथित मार्टिन नेविस और उनके सदस्यों के टेलीग्राम समूह में स्पष्टीकरण किया गया। जहां बताया गया कि कुछ तकनीकि समस्या के कारण धनराशि वॉलेट से नहीं निकल पा रही है। जिसे उनकी आईटी टीम ठीक करने का प्रयास कर रही है। इसमें 48 घंटे लग सकते हैं। पीड़िता के अनुसार धीरे-धीरे वाट्सएप और टेलीग्राम समूह एप के संचालकों की ओर से प्रतिक्रिया देना बंद कर दिया गया। इसके बाद एक-एक करके निवेशक सदस्यों को ब्लॉक कर दिया गया। चकेरी प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इवरेंट एप के संचालक कथित मार्टिन नेविस पता अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट के मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### ठगी का शिकार होने पर यहां करें संपर्क

संबंधित कोई भी शिकायत हो तो राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल की वेबसाईट cybercrime.gov.in तथा हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराएं तथा साइबर क्राइम सेल के 7839863270 पर संपर्क कर सकते हैं।

# चलती ट्रेन से सामान छीनने वाले दबोचे गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जीआरपी और आरपीएफ ने पकड़े सात बंजारे
- मोबाइल सहित लाखों रुपये का माल बरामद

**अमृत विचार।** चलती ट्रेनों से यात्रियों का सामान छीनने वाले सात शातिरों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने इन शातिरों को पकड़ा गया है। टीम ने इनसे लाखों रुपये का माल भी बरामद किया है। इनके गिरोह के बारे में पूछताछ की जा रही है।

जीआरपी प्रभारी योगेंद्र सिंह व आरपीएफ प्रभारी बीपी सिंह ने बताया कि आरोपियों ने यह कबूल किया है कि वे ट्रेनों से यात्रियों का सामान चुराकर और लूटकर उसे बेचते थे। इन लोगों को मुखबिर की सूचना पर हैरिसगंज के पास से दबोचा गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लोग बड़े स्टेशनों क पास अपना डेरा लगाते हैं। बंजारे होने के चलते उनपर जल्दी कोई शक भी नहीं करता है। इसी की आड़ में वे वारदात करते हैं। वे लोग जब ट्रेन धीमी होती है तो उस पर चढ़ जाते हैं और यात्रियों का सामान झपट्टा मारकर छीनकर नीचे फेंक देते हैं।

इसके बाद वे लोग भी उतर जाते हैं। पकड़े गए आरोपियों में विनोद, शनि, विक्की, सोनू, गुलजार, बरसात व सूरजा देवी शामिल हैं। इन लोगों के पास से यात्रियों के लूटे गए मोबाइल फोन, अटेचियां, आर्टिफिशियल ज्वेलरी सहित अन्य सामान बरामद हुआ है।

# बारादेवी-नौबस्ता सेक्शन में 200वां गर्डर रखा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बारादेवी-नौबस्ता सेक्शन में गर्डर रखा गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-1 (आईआईटी-नौबस्ता) के अंतर्गत निर्माणाधीन लगभग 5 किमी. लंबे बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन में काम तेजी से चल रहा है। सेक्शन में कुल 348 यू-गर्डर रखे जाने हैं, जिनमें से 200वां यू-गर्डर रखा गया। यूपीएमआरसी ने बौद्ध नगर स्टेशन के पास 200वें यू-गर्डर के परिनिर्माण (इरेक्शन) का काम पूरा किया। इसके साथ ही मेट्रो ने जनवरी माह के दौरान सेक्शन में पाइलिंग का कार्य पूरा करने, 150 वें पियर कैप के इरेक्शन और किदवई नगर स्टेशन में डबल टी गर्डर का परिनिर्माण समेत कई मील के पत्थर हासिल किए।

बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन में निर्माण कार्यों की शुरुआत आठ अगस्त 2022 को हुई थी। इस सेक्शन में बारादेवी, किदवई नगर, वसंत विहार, बौद्ध नगर और नौबस्ता पांच मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन हैं। मंगलवार और बुधवार की मध्य रात्रि को इस सेक्शन के 200 वें यू-गर्डर का इरेक्शन भी पूरा कर लिया गया। 29 जनवरी को इस सेक्शन पर पाइलिंग, जिसे मेट्रो कॉरिडोर की नींव भी कह सकते हैं, का कार्य पूरा हुआ था। इस सेक्शन में कुल 1153 पाइल्स लगाई गईं हैं। इससे पहले 19 जनवरी को 150 वें पियर कैप का परिनिर्माण भी पूरा किया गया था। पियर निर्माण स्थल पर ही तैयार होते हैं, जबकि पियर कैप और गर्डर प्री कास्ट होते हैं, जिन्हें कास्टिंग यार्ड में तैयार किया जाता है और फिर क्रेन से कॉरिडोर में निर्धारित स्थान पर रखा जाता है। बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन में प्रयुक्त हो रहे यू- गर्डर, डबल टी-गर्डर्स और पियर कैप को नौबस्ता स्थित कास्टिंग यार्ड में तैयार किया गया है।

- किदवई नगर में भी डबल टी-गर्डर परिनिर्माण पूरा

### डबल टी-गर्डर का परिनिर्माण पूरा

सेक्शन में अब बारादेवी के बाद किदवई नगर स्टेशन पर भी डबल टी-गर्डर्स का परिनिर्माण पूरा कर लिया गया है। इस सेक्शन के प्रत्येक स्टेशन पर 52 डबल टी-गर्डर्स का इरेक्शन होना है, जिनमें से बारादेवी और किदवई नगर स्टेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है। डबल टी-गर्डर्स मेट्रो स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल (एलिवेटेड स्टेशन का पहला तल) को आधार प्रदान करेंगे।

## सार-संक्षेप

### फतेहपुर के युवक ने गुजैनी में दी जान

**कानपुर।** गुजैनी थानाक्षेत्र में फतेहपुर रेहसुपुर के युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। फतेहपुर रेहसुपुर निवासी रामसिंह यादव का बेटा 17 वर्षीय हिमांशु दो महीने पहले शहर आया था। वह दादानगर स्थित फैक्ट्री में काम करता था। गुजैनी में वह किराये पर कमरा लेकर रहता था। बुधवार सुबह जब वह नौकरी पर नहीं पहुंचा तो सुपरवाइजर ने दोस्त को फोन कर हिमांशु को काम पर भेजने की बात कही। दोस्त हिमांशु के कमरे पर पहुंचा तो शव फंदे से लटका मिला। घटना के बाद मां नीलम और बहन महक का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सेवानिवृत्ति पर कर्मचारी नेता को दी विदाई

**कानपुर।** 41 वर्ष का सेवाकाल पूरा कर आयुध उपस्कर निर्माणी फूलबाग से बुधवार को सेवानिवृत्त हुए किला मजदूर यूनियन के पूर्व अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ के सचिव सिद्धनाथ तिवारी को किला मजदूर यूनियन ने विदाई दी। निर्माणी के सभी कर्मचारियों ने यूनियन कार्यालय के साथ ओईएफ मुख्य द्वार पर माला पहनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य व लंबी आयु की कामना की। किला मजदूर यूनियन के अध्यक्ष महेंद्र नाथ, महामंत्री दिनेश चंद्र, संयुक्त मंत्री समीर बाजपेई व कोषाध्यक्ष रोहित तिवारी ने सहित यूनियन के सभी सदस्यों ने सिद्धनाथ तिवारी को शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। विदाई समारोह में फेडरेशन के उपाध्यक्ष एचएन तिवारी, कोषाध्यक्ष विनोद तिवारी, यूनियन के महामंत्री दिनेश चंद्र, संयुक्त मंत्री समीर बाजपेई, अशोक पांडेय, संजय गुप्ता, निशात अनवर, मोहम्मद अजीम, रोहित तिवारी, अरविन्द द्विवेदी, फरीद अहमद, शिवकुमार पाल, दुर्गानंदन पटेल, अनिल कुमार, रंजीत राणा, आमोद ज्योति, शैलेन्द्र द्विवेदी, विजय पाल, मनोज दीक्षित, नीरज सिंह, जयप्रकाश शर्मा रहे।

### शराब के लिए रुपये न देने पर की आत्महत्या

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में शराब के लिए रुपये न देने पर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की।

ओमपुरवा निवासी 26 वर्षीय राजू पतंग कारीगर था। मां सरोज, भाई सोनू और भाभी सुधा के साथ रहता था। परिजनों ने बताया कि राजू शराब का लती था। बताया गया कि बुधवार सुबह वह अपनी मां से शराब पीने के लिए रुपये मांग रहा था। जिस पर मां ने रुपये देने से मना किया तो गुस्से में वह कमरे में चला गया। जहां पर दुपट्टे से बल्ली के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। काफी देर तक जब राजू कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने जाकर देखा तो उन्हें राजू का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। यह देखकर परिजनों मे कोहराम मच गया। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### डॉ. विकास मिश्रा बने प्रदेश अध्यक्ष



डॉ विकास मिश्रा।

**कानपुर।** सर्वब्राह्मण विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. कमल किशोर अवस्थी ने उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य व चिकित्सा समिति के प्रो. डॉ. विकास मिश्रा को प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है।

### एडीसीपी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

**कानपुर।** एडीसीपी यातायात शिवा सिंह ने नौबस्ता चौराहा से नौबस्ता बम्बा तक हो रही यातायात के दबाव की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए भौतिक निरीक्षण किया। समस्या का निवारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर यातायात प्रभारी दक्षिण जोन नित्यानंद राय, टीएसआई दक्षिण जोन सतेन्द्र कुमार व सेक्टर प्रभारी नौबस्ता टीएसआई प्रदीप शर्मा मौजूद रहे।

### संदिग्ध हालात में दो गोवंश की मौत

**रूरा।** थाना क्षेत्र के जगदीशपुर में संदिग्ध हालात में एक खेत पर दो गोवंश मृत पड़े मिले। ग्राम प्रधान ने बताया कि सुबह वह अपने खेतों की तरफ गए तो उन्होंने अपने खेत पर गोवंशों के शव देखे। इसकी सूचना थाने में दी है।

# गुरु हर राय का मना प्रकाश पर्व

**कानपुर।** श्री गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा रतनलाल नगर में बुधवार को श्री गुरु हर राय जी का प्रकाश पर्व मनाया गया। पंत के रागी साहिबानों ने गुरबाणी का हरजस कीर्तन कर संगत को निहाल किया। संगत ने यहां गुरु का अटूट लंगर छका। लंगर के दौरान समाज के युवाओं ने लंगर सेवा भी की। हर उम्र के श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा आकर लंगर रूपी प्रसाद छक खुद को निहाल किया। समरोह के दौरान श्रद्धालुओं को जरूरतमंदों की सेवा करने की सीख दी गई। कार्यक्रम में गुरुद्वारे के प्रधान सरदार रविंदर सिंह एडवोकेट, हरजीत सिंह लकी, योगेश सचदेवा, प्रितपाल सिंह भाटिया, त्रिलोक सिंह, रविंद्र सिंह आनंद मौजूद रहे।

# डायमंड टॉवर की 14 वीं मंजिल में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



आग से जला पड़ा सामान।



14 वीं मंजिल से उठतीं लपटें।

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में स्थित एनआरआई सिटी के डायमंड टॉवर की 14 वीं मंजिल में निर्माण के दौरान भीषण आग लग गई। बिल्डिंग के फ्लैटों में रह रहे लोगों में अफरातफरी मच गई। दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले काम कर रहे श्रमिकों ने पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। अग्निशमन अधिकारी को बिल्डिंग में लगा फायर सिस्टम काम करता नहीं मिला। इस मामले में जांच कर कार्रवाई की बात कही गई है।

मैनावती मार्ग पर एनआरआई सिटी में 14 वीं मंजिल पर अशोक भरतिया के फ्लैट में बुधवार देर शाम आग लगी। वहां सील फालिंग का काम कर रहे श्रमिकों में हड़कंप मच गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि दिन में मजदूर आग जलाकर ताप रहे थे। उसकी चिंगारी से आग लगी। फ्लैट में लगी सीलिंग और फर्नीचर आदि जल गया है। आग से डरे लोग अपने-अपने फ्लैटों को बंद करके नीचे आकर खड़े हो गए। इस दौरान श्रमिकों ने पानी, मिट्टी डालकर आग पर काबू पाया। मौके पर दमकल की तीन गाड़ियां रवाना की गईं थीं। अग्निशमन व्यवस्थाओं की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### कार में लगी आग, मची अफरातफरी

**कानपुर।** बुधवार रात चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर बाईपास पर एक कार में आग लगने से राहगीरों में हड़कंप मच गया। मीरपुर छावनी से पहुंची दमकल ने आग पर कुछ देर में काबू पा लिया। कार सवार बचकर निकल गए। पुल पर कुछ देर के लिए वाहन सवारों को भी रुकना पड़ा। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं है।

# हत्या के प्रयास में चार पर केस

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के संदलपुर कस्बा निवासी गुफरान अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 जनवरी को गांव के मोहम्मद हाशिम से मेले में कहासुनी हुई थी, जिसमें उसने देख लेने की धमकी दी थी। 25 जनवरी की शाम वह सामान लेने बाजार जा रहा था, तभी पहले से ही घात लगाए मोहम्मद हाशिम और उसके साथ रमजान, मकसूद अहमद व जसीम ने लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि मारपीट व हत्या के प्रयास के आरोप में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# आरोपी की पैरवी में उतरा व्यापार मंडल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौबस्ता थाने में कारोबारी की पिटाई का मामला

**अमृत विचार।** नौबस्ता थाने में हार्डवेयर कारोबारी ऋतिक गुप्ता से रुपये वसूलने के मामले में दरोगा वीरेश यादव ने मारपीट की थी। आरोपी कारोबारी सौरभ भदौरिया की पैरवी के लिए कानपुर उद्योग व्यापार मंडल (कंछल गुट) उतर आया। प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस कमिश्नर के स्टॉफ अफसर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। तहरीर भी दी गई है।

गुजैनी ए ब्लॉक निवासी हार्ड वेयर व प्लाईवुड कारोबारी ऋतिक गुप्ता आरोपी कारोबारी सौरभ भदौरिया की ओर से वर्ष 2020 में लिए गए प्लाइवुड की खरीद फरोख्त में गारंटर थे। इसी पैसों को वापस लेने के लिए बीती 25 जनवरी को ऋतिक को नौबस्ता थाना बुलाकर दरोगा वीरेश यादव ने बेरहमी से पीटा। जिसमें दरोगा निलंबित कर दिया गया और फिर पुलिस कमिश्नर के आदेश पर नौबस्ता थाने में एफआईआर भी दर्ज कर ली गई। इसी प्रकरण में सौरभ भदौरिया की तरफ से व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा और महामंत्री अनूप तिवारी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि पीड़ित कारोबारी ऋतिक गुप्ता पहले भी कई कारोबारियों के साथ ठगी कर चुका है और सौरभ भदौरिया भी इसका शिकार हुए हैं। सौरभ ने 13 जनवरी और 17 जनवरी को डीसीपी साउथ के यहां शिकायत भी दर्ज कराई थी। आरोप लगाया है कि ऋतिक और उनके बीच तीन वर्षों से व्यापारिक संबंध है और छह लाख उस पर बकाया था। जिसमें से 3.50 लाख ऋतिक दे चुका है और 2.5 लाख रुपए बकाया चल रहा था।

हमारी मांग — संयुक्त मंच व अधिवक्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, जुलूस निकाल कर प्रदर्शन

# ईवीएम नहीं, बैलेट पेपर से कराएं चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




संयुक्त मंच और अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी की। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता भानु प्रताप व एड. महमूद प्राचा के आह्वान पर सामाजिक संगठनों के संयुक्त मंच ने अधिवक्ताओं के साथ मिलकर बुधवार को ईवीएम के विरोध में कौशिक पार्क से जुलूस निकाल कर जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम का संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

मंच के गोविन्द नारायण ने बताया कि भारत देश एक लोकतांत्रिक गणराज्य है और देश में चुनाव प्रक्रिया से हम लोकसभा व विधानसभा के लिए अपना एक प्रतिनिधि चुनते हैं। निष्पक्ष चुनाव के लिए चुनाव आयोग का गठन किया गया है। वर्तमान समय में ईवीएम मशीन से चुनाव कराया जाता है, जिसपर विपक्षी पार्टियों ने कई बार आपत्ति जताई है। यदि भारतीय नागरिकों को ईवीएम पर कोई शक या शंका है तो जबरन ईवीएम से चुनाव कराने का मतलब संविधान के मौलिक अधिकारों का हनन है, इसलिए हम ईवीएम से चुनाव कराने पक्ष में नहीं हैं। बैलेट पेपर से लोकसभा चुनाव कराने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में चमन खन्ना, एड. सोनेलाल गौतम, औसान सिंह, श्रीकान्त पाल, सुरेश कुमार वर्मा, मलखान सिंह, रामपाल नागवंशी, अतर सिंह, निलेश भारतीय, पेरियार कुलदीप यादव, हरीशंकर वर्मा, शिवकुमार, एड. कमल कुमार, एड. नीरज यादव, एड. जाफर आबिद, एड. मो. जावेद, राकेश कुमार, ओमप्रकाश, मदन बाल्मीकि, ओमप्रकाश वाल्मीकि व शिव शंकर आदि लोग मौजूद रहे।

# 25.2 अधिकतम पारा टूटा 5 साल का रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उत्तर पश्चिमी हवाओं के कमजोर हो जाने से बदला मौसम का मिजाज
- न्यूनतम तापमान में भी उछाल, 8 डिग्री सेल्सियस पारा दर्ज किया

**अमृत विचार।** मौसम ने बुधवार को अचानक अपना रुख बदला। अधिकतम तापमान में अचानक बढोत्तरी से पारे ने 25.2 डिग्री सेल्सियस तक की छलांग लगा दी। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो बढ़े हुए तापमान ने 31 जनवरी का पांच साल का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। इससे पहले 31 जनवरी 2018 में अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा था। उधर मौसम विभाग की ओर से न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

सर्दी के सितम से परेशान शहरवासियों को बुधवार को काफी राहत मिली। तापमान बढ़ने से लोगों को घरो के भीतर ठंड और बाहर बेहतर धूप मिली। यही वजह रही कि दोपहर को लोगो को धूप सेंकते हुए देखा गया। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि उत्तर पश्चिमी हवाओं के कमजोर होने पर मौसम में बदलाव हुआ है। फिलहाल शुक्रवार तक धूप निकलेगी। हवाओं के रुख बदलने से बादल आ सकते हैं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि चमकीली धूप निकलने के साथ ही शुक्रवार से मौसम में बदलाव संभव हो सकता है। शुक्रवार के बाद बारिश व बूंदाबादी की संभावना भी बन रही है।

# रफ्तार का कहर: तीन की मौत, तीन गंभीर

**○ सजेती थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक हादसे ○ छात्रा की मौत पर दो घंटे जाम रहा मुगल रोड ○ एसीपी के आश्वासन पर खुला जाम**

सजेती थाना क्षेत्र में बुधवार को खूनी रफ्तार ने कहर बरपाया। मुगल रोड पर डंपर ने स्कूल से घर लौट रही तीन छात्राओं को टक्कर मारते हुए कुचल दिया, जिसमें एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि दो छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने मुगल रोड पर जाम लगा दिया। एसीपी ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। इस दौरान करीब दो घंटे यातयात प्रभावित रहा। उधर, सजेती थाना क्षेत्र में ही हमीरपुर हाईवे पर तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने तीन दोस्तों को रौंद दिया, जिसमें दो की मौत हो गई, जबकि एक के पैर कट गए। तीसरे की हालत भी गंभीर है।

## बेकाबू डंपर ने तीन छात्राओं को रौंदा

संवाददाता, घाटमपुर

**मुगल रोड पर हादसा**

- चंदापुर मोड़ पर हादसे में एक की मौत, दो गंभीर घायल
- एसीपी ने कार्रवाई का आश्वासन देकर खुलवाया जाम

**अमृत विचार:** सजेती थाना क्षेत्र के चंदापुर मोड़ के पास स्कूल से घर लौट रहीं तीन छात्राओं को तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया, जिसमें एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे से गुस्साए लोगों ने मुगल रोड पर जाम लगा दिया। एसीपी के समझाने-बुझाने के बाद करीब दो घंटे बाद ग्रामीणों ने जाम खोला। इस दौरान मुगल रोड पर वाहनों की कतार लगी रही।

चंदापुर गांव के पप्पू सविता की बेटी कंचन गांव की ही अपनी सहेली मानसी और गुड़िया के साथ मुगल रोड पर स्थित एक विद्यालय में पढ़ती थी। बुधवार को स्कूल में छुट्टी होने के बाद तीनों छात्राएं घर लौट रही थीं। तीनों चंदापुर गांव मोड़ के पास ही पहुंची थीं, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने तीनों छात्राओं को रौंद दिया। हादसे में तीनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। राहगीरों ने हादसे की सूचना फोन पर पुलिस को दी।



जाम लगाए ग्रामीणों को समझाते एसीपी रंजीत कुमार सिंह। अमृत विचार

मौके पर पहुंची सजेती पुलिस ने घायल छात्राओं को एंबुलेंस की मदद से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां से छात्रा कंचन को गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां ले जाते समय रास्ते में छात्रा की मौत हो गई। वही दो घायल छात्राओं का इलाज नगर स्थित निजी अस्पताल में जारी है। छात्रा की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने मुगल रोड पर जाम लगा दिया। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची सजेती पुलिस ने परिजनो को कार्रवाई का आश्वासन देकर मुगल रोड से जाम खुलवाया है। इस दौरान यहां पर लगभग दो घंटे यातायात प्रभावित रहा। सजेती थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। डंपर की तलाश की जा रही है।

## सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत

संवाददाता, घाटमपुर

**हमीरपुर हाईवे पर हादसा**

- सजेती क्षेत्र के सरगांव के पास हुआ दर्दनाक हादसा
- गंभीर रूप से घायल तीसरे दोस्त की भी हालत चिंताजनक

**अमृत विचार:** हमीरपुर रोड पर सरगांव सहकारी समिति के पास बुधवार की शाम तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी की टक्कर से दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक के पैर कट गए। तीनों दोस्त कानपुर के थे और एक ही बाइक से तीनों कानपुर लौट रहे थे। तीसरे दोस्त की भी हालत गंभीर बनी है।

कानपुर नगर के गंगापुर कॉलोनी गोपाल नगर निवासी सौरभ यादव पुत्र रणविजय यादव और मोहल्ले के ही आलोक पाल पुत्र राजेंद्र पाल सहकारी साधन समिति अमौली सरगांव में कार्यरत थे। दोनों कानपुर से एक साथ ही आते-जाते थे। बताते हैं कि गंगापुर कॉलोनी का ही रहने वाला इनका दोस्त शंकर पांडेय भी बुधवार को सजेती क्षेत्र में आया था। शंकर पांडेय एमआर था। फोन पर बात होने के बाद शंकर भी सौरभ और आलोक के पास आ गया था। समिति बंद होने के बाद तीनों एक ही बाइक से कानपुर के लिए निकले। तीनों जैसे ही बाइक से हमीरपुर




घायलों को एंबुलेंस से हैलट अस्पताल भेजा गया। अमृत विचार

हाईवे पर पहुंचे, तभी तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने इन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद बोलेरो का ड्राइवर तेज रफ्तार से गाड़ी भगाकर निकल गया। आसपास के लोगों ने हादसा देखा तो मौके पर पहुंचे। हादसे में सौरभ यादव और आलोक पाल के पैर कट गए। हालत गंभीर देख तीनों लोगों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया गया, जहां एमआर शंकर पांडेय को मृत घोषित कर दिया गया। डॉक्टरों के मुताबिक हादसे में ब्रेन हेमरेज होने से शंकर की मौत हुई है। सीएचसी में सौरभ यादव और आलोक पाल की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। हैलट में आलोक पाल की भी सांसें थम गईं। सूचना पाकर तीनों के परिवार वाले अस्पताल पहुंच गए। मृतकों के परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## जानलेवा हमले में दोषी को सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**फैसला**

- घाटमपुर क्षेत्र के कमंडलपुर में पांच साल पहले हुई थी घटना
- कारावास के साथ 42 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

**अमृत विचार:** घाटमपुर क्षेत्र के कमंडलपुर गांव में करीब पांच साल पहले बकरी को डंडा मारने पर हुए विवाद में अनुसूचित जाति के एक युवक को गंभीर रूप से घायल करने के मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायालय (एससी-एसटी एक्ट) रजत सिन्हा की अदालत ने बुधवार को दोषी को सात साल के कारावास की सजा सुनाई और अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता आशीष कुमार तिवारी ने बताया कि घाटमपुर क्षेत्र के गांव कमंडलपुर निवासी सुनील ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया था कि तीन जून 2018 की शाम उसकी भतीजी वंदना घर के बाहर चबूतरे पर लेटी थी, तभी वहां से गुजर रहे गांव के महेश उर्फ कुदारी ने वहां बंधी उसकी बकरी को डंडा मार दिया था। भतीजी ने विरोध किया तो उसने जाति सूचक गालियां देते हुए भतीजी को भी डंडे से पीटने लगा। शोर सुनकर पहुंचे भतीजे आशीष ने उसे रोकना चाहा तो महेश उर्फ कुदारी ने आशीष पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट रजत सिन्हा की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी को दोषी ठहराया था। बुधवार को अदालत ने सजा के बिंदु पर दोनों पक्षों को सुनने के बाद दोषी को सात साल के कारावास की सजा सुनाई, साथ ही उस पर 42 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

### युवती से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल का कारावास

**कानपुर देहात।** अकबरपुर क्षेत्र में करीब छह साल पहले एक गांव की युवती को खेत पर दबोच कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद बुधवार को अपर जिला जज (एफटीसी) प्रथम की अदालत ने आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और उस पर अर्थदंड भी लगाया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चैहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अकबरपुर क्षेत्र की युवती 26 अक्टूबर 2017 की शाम को गांव के बाहर खेत पर शौच के लिए गई थी, तभी गांव के ही अंगद कुमार ने उसे दबोच लिया था।

## लटका मिला शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, भीतरगांव

**मामला संदिग्ध**

- साढ़ थाना क्षेत्र के चंदापुर गांव के बाहर लटका मिला शव
- पुलिस बोली, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार:** साढ़ थाना क्षेत्र के चंदापुर गांव के बाहर बुधवार को युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। ग्रामीणों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। परिवार वालों ने युवक की हत्या कर शव पेड़ पर टांगे जाने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

साढ़ थाना क्षेत्र के चंदापुर गांव निवासी होमगार्ड लक्ष्मीकांत ने बताया कि मंगलवार की देर रात उनका बेटा आलोक (22) अपनी ननिहाल गूंजा से निबियाखेड़ा बारात जाने के लिए निकला था। परिवार के लोग यही समझ रहे थे कि वह शादी समारोह में शामिल होने गया है। बुधवार की सुबह गांव वालों के जरिए पता चला कि गांव के किनारे तालाब के पास नीम के पेड़ पर उसका शव रस्सी के सहारे फंदे पर लटक रहा है। ग्रामीणों ने शव पेड़ पर लटका देखा तो सूचना दी। इस खबर से परिवार में हड़कंप के साथ कोहराम मच गया।

पिता लक्ष्मीकांत ने आलोक की हत्या कर शव पेड़ पर टांगे जाने की आशंका जताई है। उसका कहना है कि आत्महत्या की बात गले नहीं उतर रही। मौके पर पहुंची साढ़ पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाने के साथ शव का पंचनामा भरकर



आलोक कुमार।

पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। आलोक चार भाई- बहनों में सबसे बड़ा था। ग्रामीणों में प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या किए जाने की चर्चा है। साढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## दलित परिवार को दबंगों ने पीटा, एफआईआर

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** रेवना थाना क्षेत्र में खेतों पर खाद डालने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद लाठी-डंडे चल गए। मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं। इस दौरान किसी ने एक घर में आग लगा दी। इसके बाद युवक ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की है।

रेवना थाना क्षेत्र के अकबरपुर झवाईया के मजरा पूरनपुर निवासी राजू संखवार ने रेवना थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव के तनकू यादव उर्फ राजू से अपने खेत पर खाद डलवाने के लिए कहा था। राजू ने खाद नहीं डाली, जिसको लेकर रात में दोनों के बीच कहासुनी के बाद विवाद हो गया। आरोप है कि तनकू यादव अपने साथी दीपक, छुटकन, शिवकरण समेत चार अज्ञात लोगों के साथ आकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीचबचाव करने पहुंची पत्नी शशि, बेटा बादल, बेटी सोनम और दिनेश को भी पीटा और धमकी देते हुए भाग निकले। सभी लोगों का सीएचसी में इलाज कराया गया है। रेवना पुलिस ने राजू की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के साथ मारपीट, बलवा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। आग लगाने की भी जांच हो रही है।

## करणी सेना ने खिलाया समोसा

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** करणी सेना ने अपने पांचवें स्थापना दिवस पर बुधवार को अंध विद्यालय नेहरू नगर के बच्चों के बीच गुजारा। उन्होंने बच्चों को ढोकला, समोसा के साथ चाय पिलाई और गिफ्ट के तौर पर नमकीन, बिस्किट के पैकेट बांटे।

स्थापना दिवस पर करणी सेना के प्रदेश संगठन महामंत्री शिवांश चंदेल के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंद अंध बच्चों को राहत सामग्री देते हुए समाज में जज्बे के साथ जीने का हौसला बढ़ाया और दिव्यांग बच्चों की हर संभव मदद का प्रयास करने का आश्वासन दिया। बताया गया कि करणी सेना के पांचवें स्थापना दिवस पर पूरे देश में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे



स्थापना दिवस पर अंध विद्यालय पहुंचे करणी सेना के कार्यकर्ता। अमृत विचार

हैं, जिसमें रक्तदान, गरीबों की सेवा और जरूरतमंदों की मदद के साथ बुजुर्गों की सेवा कार्य शामिल हैं।

स्थापना दिवस के मौके पर करणी सेना की कानपुर इकाई की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें अंध विद्यालय का कार्यक्रम मुख्य रूप से रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री के साथ जिलाध्यक्ष कानपुर नगर ऋतुराज सिंह, युवा अध्यक्ष अंश प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष विनीत गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री मीनाक्षी गुप्ता, महिला मंडल उपाध्यक्ष अंजली सिंह, अमित सिंह गौर, शिवेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, अभय सिंह, निहाल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

**एक नजर**

### खंभे से टकराकर बाइक सवार युवक घायल

**घाटमपुर।** भीतरगांव रोड क्रॉसिंग के पास एक बाइक सवार युवक बिजली के पोल से टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां इलाज चल रहा है। बम्हौरी निवासी राज सिंह पुत्र रघुराज सिंह (24) बुधवार को बाइक से अपने गांव लौट रहा था, तभी बीटा गांव क्रॉसिंग के पास एक बिजली के पोल से टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### ऋषभ मिश्रा सलाहकार समिति के सदस्य बने

**शिवराजपुर।** काकुपूर रब्बन निवासी भाजयुमो ग्रामीण के जिला महामंत्री ऋषभ मिश्रा को नेहरू युवा केंद्र की जिला सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है। समर्थकों ने मुंह मीठा कराकर बधाई दी है।

## डेरापुर ने जयपुर को हराकर जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

संवाददाता, घाटमपुर

**खिताब जीता**

- नई विजेता टीम को पुरस्कार में पल्सर बाइक दी गई
- उप विजेता टीम को प्लैटिना बाइक भेंट की गई

**अमृत विचार:** पुरंदर गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को फाइनल मैच डेरापुर बनाम जयपुर के मध्य खेला गया, जिसमें जयपुर की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 196 रन का लक्ष्य रखा। मनीष मीणा ने शानदार बैटिंग करते हुए 70 रन बनाकर शानदार पारी खेली। जवाब में 19 ओवर 4 गेंद में डेरापुर की टीम ने लक्ष्य हासिल करते हुए चार विकेट से फाइनल मैच जीत लिया।

फाइनल मैच में जीशान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। जीशान ने डेरापुर टीम के लिए 70 रनों का योगदान करते हुए चार विकेट भी झटके। मैन आफ द सीरीज मनीष मीणा को दिया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डीके सिंघल व हिमांशु सिंगल, आरिफ कुरैशी, राघवेंद्र सिंह भदौरिया, बीके तिवारी ग्राम प्रधान पुरंदर, धर्मवीर सिंह राजावत, पंकज त्रिपाठी, मनीष सचान, पूरन सिंह शिक्षक की ओर से खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

विजेता टीम डेरापुर को पल्सर मोटर साइकिल और उपविजेता टीम को प्लैटिना मोटर साइकिल पुरस्कार के रूप में दी गई। वही मैन ऑफ द सीरीज के रूप में एलसीडी ठेकेदार गौरव तिवारी के द्वारा दी गई। वहीं डॉक्टर मनीष सचान की ओर से सभी खिलाड़ियों को भी पुरस्कार वितरण किया गया। वही कार्यक्रम का संचालन पंकज त्रिपाठी के द्वारा किया गया। कमेटी कर रहे उत्तम शंखवार व माधुरी सिंह चौहान को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंपायर में राधा किशन व मोहित सिंह परमार को भी पुरस्कार किया गया।

इस दौरान कमेटी के सदस्यों में जग्गू तिवारी, पिंटू फाइटर रोजगार सेवक, अवधेश संखवार, नरेंद्र सिंह संखवार, छोटेलाल संखवार, भारत बाजपेई, प्रखर तिवारी, आशीष




विजेता टीम के कप्तान को बाइक भेंट की गई। अमृत विचार

सिंह, अतुल सिंह सेगर, अंकित सिंह परमार, विभु बाजपेई, आयुष तिवारी, प्रदीप मास्टर, कुलदीप संखवार, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, निखिल सिंह, विजय पांडे,राजकुमार पूर्व प्रधान, शिव गोपाल शर्मा, दीपू पांडेय सहित तमाम क्रिकेट प्रेमी दर्शक लोग मौजूद रहे।

## हत्याओं का खुलासा करने में पुलिस नाकाम

संवाददाता, शिवराजपुर

**चुनौती**

- अबूझ पहेली बनकर रह गई क्षेत्र की तीन घटनाएं
- चौकीदार और किसान की मौत को पुलिस ने भुलाया

**अमृत विचार:** शिवराजपुर क्षेत्र में तीन महीने के भीतर हुई तीन हत्याओं का खुलासा पुलिस के लिए चुनौती बना है। जिन घटनाओं का पुलिस ने खुलासा किया भी है, उन घटनाओं के आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। हत्याओं की गुत्थी सुलझाने में पुलिस नाकाम है। एक मामले में आरोपी खुलेआम घूम रहा है, जबकि दो घटनाओं में हत्यारोपी दो महीने बीत जाने के बाद भी गिरफ्तार नहीं किए जा सके हैं।

सात नवंबर को हरनू गांव निवासी पूर्व ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख पप्पू यादव की चुनावी रंजिश में बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के दो दिन बाद एक आरोपी ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया था, जबकि दो आरोपी पुलिस को चुनौती देते हुए कोर्ट में हाजिर हो गए थे। इस मामले में पुलिस की भूमिका पर सवाल भी उठे। आरोप लगे कि पुलिस ने जान-बूझ कर आरोपियों को अदालत में आत्म समर्पण का मौका दिया।

इसी तरह कस्बे के वार्ड नंबर दो में चार दिसंबर को पोस्ट ऑफिस वाली गली में किराए के कमरे में रह रहे थाने के चौकीदार अजय कुमार (32) का शव मिला था। सुज्जापुर के रहने वाले चौकीदार अजय कुमार की पत्नी ने थाने में तहरीर देकर एक महिला पर हत्या का आरोप लगाया था, लेकिन पुलिस ने कोई जांच-पड़ताल करने के बजाय मामले को रफा-दफा कर दिया। परिवार वालों के न्याय की गुहार लगाने के बाद भी पुलिस अभी तक कुछ नहीं कर पाई और जांच के नाम से खानापूरी कर दी।

तीसरी घटना तीन दिसंबर की रात बिरैचामऊ गांव में हुई थी। यहां का रहने वाला प्रकाश पाल (45) पुत्र घसीटे अपने खेत पर काम करने गया था। शाम को घर नहीं लौटने पर उसकी पत्नी नन्ही देवी खेत गई तो वहां उसके पति प्रकाश का शव पड़ा मिला था। इसमें भी हत्या की आशंका जताई गई थी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल कर घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया था, किंतु दो महीने बीतने के बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। इन घटनाओं का खुलासा नहीं होने से शिवराजपुर पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

खास बात यह है कि वारदातों के खुलासे में फिसड्डी बनी शिवराजपुर पुलिस सिर्फ हवा में तीर चला रही है। थाने की पुलिस सिर्फ अपनी जुगत में लगी रहती है। थानाध्यक्ष का कहना है कि क्षेत्र में जो भी वारदातें अभी तक नहीं खुली हैं, उनका खुलासा करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही घटनाओं का पर्दाफाश होगा।

**कुछ चहके-कुछ मायूस** | ककवन में आयोजित हुआ रोजगार मेला, बेरोजगार युवक और युवतियों को मिली नौकरी

## मोदी और योगी ने दिया हर हाथ को काम : राहुल बच्चा

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** ककवन के दुर्गा प्रसाद स्मारक नेहरू इंटर कॉलेज में बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिल्हौर एवं सेवायोजन कार्यालय की ओर से रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों बेरोजगारों ने आवेदन कर भाग लिया। मेले में 18 युवक-युवतों को नौकरी के नियुक्ति पत्र दिए गए।

मेले में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर हाथ को काम देने




रोजगार मेले में चयनित बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। अमृत विचार

का प्रयास कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारों की कमी आई है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के चारों ब्लॉकों और जनपद के सभी दस ब्लॉकों में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका युवाओं को लाभ मिल रहा है।

इस मौके पर आईटीआई के प्रधानाचार्य मयंक मिश्रा ने बताया कि मेले में 200 युवकों ने पंजीकरण कराया था, जिसमें से 18 युवक और युवतियों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। मेले के दौरान भाजपा नेता कौशल अवस्थी, राजू दुबे, धर्मेन्द्र सिंह, ककवन बीडीओ शिवनरेश राजपूत, विद्यालय के प्रबंधक ललित कुमार शुक्ला, प्रधानाचार्य सुनील कुमार पाण्डेय, वाचस्पति शास्त्री, अजात शत्रु शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

### 200 की भीड़ और नौकरी मिली सिर्फ 18 को

**बिल्हौर।** रोजगार मेले में ककवन ब्लॉक की 25 ग्राम पंचायतों के युवाओं को लाभ दिया जाना था। मेले में 200 बेरोजगारों का पंजीकरण हुआ और इनमें भी सिर्फ 18 बेरोजगारों को ही नौकरी मिल सकी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रेजगार मेले के नाम पर सिर्फ खानापूरी की जा रही है। मेले के दौरान भाजपा नेता राजू दुबे, कौशल किशोर अवस्थी विभागीय अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते रहे और कहा कि क्षेत्र के युवाओं को लाभ न मिल पाने का सबसे बड़ा कारण अधिकारी और कर्मचारी हैं। विधायक ने भी कम संख्या पर सवाल खड़े किए। इससे पहले शिवराजपुर, चौबेपुर और बिल्हौर ब्लाक में भी मेले के आयोजन किए गए, लेकिन उद्देश्य पूरा नहीं हो पाया। कानपुर देहात से जुड़े कई गांव ककवन सीमा में आते हैं, लेकिन जागरूकता के अभाव में लोगों को जानकारी ही नहीं हो पाई।

## रूमा में एक साथ दिखे तीन अजगर

**सरसौल।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के रूमा इंडस्ट्रियल एरिया में रेलवे पटरी के पास झाड़ियों में बुधवार की सुबह तीन अजगर एक साथ दिखने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद भी वन विभाग की टीम नहीं पहुंची।

रूमा इंडस्ट्रियल एरिया में सुबह एक साथ तीन अजगर दिखने पर आसपास के लोगों ने इनका वीडियो बना लिया। तीनों अजगर आठ से दस फीट लंबे बताए जा रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने वन विभाग को सूचना दी, लेकिन देर शाम तक वन विभाग की ओर से कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। बताते हैं कि आसपास के लोग वन विभाग की टीम का इंतजार करते रहे। लोगों का कहना है कि पहले भी अजगर निकल चुके हैं।

# अब गर्मी में मिलेगी राहत, 150 करोड़ से व्यवस्था होगी दुरुस्त

## 10 एमवीए का लगेगा ट्रांसफार्मर, स्वीकृत के लिए भेजा गया प्रस्ताव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गर्मी के दिनों में नगर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाती है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। इसके लिए बिजली विभाग ने शासन को पॉवर हाउस में लगे 10 और पांच एमवीए ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा था। जिस पर शासन की ओर से बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए करीब 150 करोड़ की और धनराशि बिजली विभाग को दी गई है।

शुक्लागंज पॉवर हाउस और गंगाघाट टाउन से नगर के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों को बिजली आपूर्ति की जाती है। गर्मी के दिनों में आये दिन ट्रांसफार्मर फुंकने और एबीसी लाइन जलने के साथ ही अन्य फाल्ट होते हैं। जिससे बिजली उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ती थी। जिसे देखते हुये इसको सुधारने के लिए अधिशाषी अभियंता ने पॉवर हाउस में लगे 10 एमवीए और 5 एमवीए ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा था। जिसके तहत 5 एमवीए की क्षमता बढ़ाकर 10 एमवीए की स्वीकृत मिल गई है। इसके साथ ही बेहतर बिजली सप्लाई के लिए अतिरिक्त एक और 5 एमवीए टांसफार्मर का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। नगर की विद्युत व्यवस्था में सुधार लाने के लिये करीब 150 करोड़ की धनराशि अवंटित हुई हैं।



जानकारी देते अवर अभियंता विष्णु शुक्ला। अमृत विचार

### 150 करोड़ रुपये आवंटित

जेई विष्णु शुक्ला ने बताया कि करीब 150 करोड रुपये और धन आवंटित हो चुका है। इसके साथ ही रोस्टिंग को खत्म करने के लिये एसडीओ ने एक्सईएन के माध्यम से लखनऊ को पत्राचार कर रोस्टिंग मुक्त करने की मांग की है।

### आज से शुरू होगा अनुरक्षण माह

जेई ने बताया कि आज से विभाग अनुरक्षण माह के तहत बिजली संयंत्रों का दुरूस्त करने का काम शुरू करने जा रहा है। जिसमें पॉवर हाउस स्टेशन पर साफ सफाई के साथ ब्रेकर, पैनल, ट्रासफार्मर का मेटिनेंस शुरू किया जायेगा।

## एक नजर

### दुष्कर्म में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**पाटन उन्नाव।** बिहार थाना में दर्ज दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक वांछित विजय कुमार कोरी पुत्र शीतला प्रसाद निवासी गांव बदन खेड़ा थाना बिहार के विरुद्ध 19 दिसंबर को थाना बिहार पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना के दौरान अपहृता की सकुशल बरामदगी करते हुए मामले में दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट की वृद्धि की गई थी। बुधवार को भगवंतनगर चौकी इंचार्ज विमल कांत गोयल ने फोर्स के साथ वांछित युवक को गांव कपूरपुर स्थित नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि अभियुक्त को कोर्ट से जेल भेज दिया गया है।

### बाइकें टकराईं, चार घायल

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के हुलास खेड़ा निवासी प्रेम की पत्नी का प्रसव मंगलवार को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में हुआ था। जिससे मिलने उसके परिजन सीएचसी आए थे। देरशाम प्रेम का बड़ा भाई राजेश अपनी बहन संगीता व भाई गंगा को लेकर बाइक से घर जा रहा था। इस दौरान नवाबगंज जैतीपुर लिंक रोड पर स्थित एक फैक्ट्री के पास सामने से आ रहे बाइक सवार राम गोपाल निवासी आटा बंथर कोतवाली अजगैन ने जोरदार टक्कर मार दी। बाइकों की टक्कर में चारों लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया।

# कब्र से निकाले शव का पैनल से हुआ पोस्टमार्टम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** फोरेंसिक एक्सपर्ट सहित तीन डाक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के बीच नवविवाहिता के शव का दोबारा पोस्टमार्टम किया। इसके बाद शव को पुलिस अभिरक्षा में कब्र में दफन करने के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट हाईकोर्ट में दाखिल की जाएगी। सूत्र बताते है कि चार माह पुराना शव होने के कारण शरीर का अधिकांश हिस्सा गल जाने के कारण कोई विशेष कारण हांथ नही लगा है।

बता दें कि आसीवन थानाक्षेत्र के खरगौरा गांव निवासी रामबाबू ने 28 अप्रैल 2023 को बेटी सुनीता देवी उर्फ रीता की शादी सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बरहाली गांव निवासी शुभम से की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराली बेटी को दहेज लेकर प्रताड़ित करते थे। बीती 16 सितंबर की शाम शुभम पत्नी के साथ गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अतरी गांव रिश्तेदारी में गया था। लौटते समय मवेशी की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर अतरी पुल के नीचे गिर गई। पानी अधिक होने से सुनीता की डूबकर मौत हो गई। वहीं पति शुभम बाहर निकल आया। 17 सितंबर को पीएम रिपोर्ट में श्वास नली में अवरोध से मौत की पुष्टि हुई। लेकिन पिता को संदेह था की पहले पति में उसकी बेटी को साजिश के तहत जहर खिलाया फिर पानी में डूबने की कहानी बनाई। जिले के अधिकारियों से पिता ने गुहार लगाई लेकिन कार्रवाई नहीं हुयी। इस पर उसने लखनऊ हाईकोर्ट में गुहार लगाई। कोर्ट ने डीएम उन्नाव को दोबारा पोस्टमार्टम कराने का आदेश दिया। बुधवार को फोरेंसिक एक्सपर्ट आशुतोष वार्ष्णेय सहित दो अन्य डाक्टरों ने वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम किया गया।



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद पिता।

## सार-संक्षेप

### झपकी आने से डिवाइडर से टकराई पिकअप

**औरास उन्नाव।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर चालक को झपकी आने से तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। इसमें चालक गंभीर घायल हो गया। औरैया जिले के गांव कबीरपुर निवासी आलोक द्विवेदी पिकअप चलाता है। वह पिकअप पर औरैया से नमकीन लादकर लखनऊ जा रहा था। बुधवार सुबह आलोक हरदोई जिले के कासिमपुर थानाक्षेत्र के जाहिदपुर गांव के सामने पहुंचा था, तभी झपकी लगने से तेज रफ्तार पिकअप डिवाइडर से टकरा गया। यूपीडा की रेस्कयू टीम ने उसे औरास सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### आर्थिक सहायता के लिए लगाई गुहार

**पुरवा उन्नाव।** तत्कालीन सीओ पुरवा व एसएचओ पर हमलवारों की मदद करने और जांच में नाम बाहर करने का आरोप लगाकर करीब एक माह पहले दलित युवक ने एसपी ऑफिस में आग लगाई थी। इलाज के दौरान हुई मौत के बाद हंगामा हुआ था। पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता का आश्वासन मिला था। बुधवार को युवक के भाई ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर सहायता दिलाने की मांग की है। बता दें कि पुरवा के भूलेमऊ गांव में एक दलित व मुस्लिम परिवार के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जिसका विवाद कोर्ट में भी लंबित था। लेकिन इसे लेकर दोनों पक्षों में तनातनी रहती थी। इसे लेकर हुई मारपीट में दलित मूलचंद्र के सिर पर गंभीर चोटें आईं। एससीएसटी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पीड़ित पर भी कई दिन बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। इसे लेकर लगातार सीओ पुरवा सहित अन्य अफसरों को चौखट पर दौड़ने के बाद श्रीचंद ने बीती 27 दिसंबर को आग लगा ली थी। उस घटना को एक माह से अधिक समय होने के बाद भी पीड़ित परिवार की मांगों को पूरा नहीं किया गया। इस पर उसके भाई मूलचंद्र ने डीएम को प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। डीएम ने जल्द मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया है।



रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

**पाटन उन्नाव।** बीघापुर तहसील क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय मलयपुर में बुधवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। शुभारंभ प्रधान शिक्षक अजीत कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक आशीष दीक्षित ने अभिभावकों को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों व योजनाओं से अवगत कराया। अभिभावकों को उनकी जिम्मेदारी व योगदान के प्रति प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से विद्यालय प्रबंध समिति व अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रतिभागी बच्चों रोमी, आयुषी, नागेन्द्र, दीपक, अवनी, स्वाती, बुलबुल, रिया, प्रिया, देवेन्द्र, आस्था, आयुष, जूली, संजना को अभिभावकों के समक्ष पुरस्कृत कर उत्साहवर्धक किया गया। इस दौरान आरती यादव, मुकेश सचान, छोटेलाल, विनय शंकर, गोपाल सिंह, उषा देवी आदि विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व अभिभावक मौजूद रहे।

### एसडीएम से नाली बंद करने की शिकायत

**पाटन उन्नाव।** दबंग ने सार्वजनिक पक्की नाली पर दोनों ओर दीवार बनाकर कब्जा कर लिया। इससे नाराज लोगों ने एसडीएम को प्रार्थनापत्र देकर नाली खुलवाने की गुहार लगाई है। एसडीएम ने राजस्व व पुलिस विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। तहसील क्षेत्र के दैता मजरा परसंडा निवासी रामकरन ने वर्षों की नाली पर कब्जा करने की शिकायत की है। उनका कहना है कि घरों से निकलने वाले गंदे पानी की रुकावट होने से गांव में गंदगी व प्रदूषण की भारी समस्या है। ग्रामीणों ने एसडीएम बीघापुर क्षितिज कुमार द्विवेदी को प्रार्थनापत्र देकर अवैध निर्माण हटवाकर नाली का प्रवाह सुचारु करवाने की मांग की है। शिकायत पर एसडीएम ने राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को आदेश कर कार्रवाई का निर्देश दिया है। शिकायत करने वालों में रामदेई, कल्लू प्रसाद, शीलादेवी, रामपियारे, दिनेश कुमार, विजय बहादुर व प्रधान प्रतिनिधि श्रीराम आदि रहे।

### छत से गिरकर महिला घायल


**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के रूरी सादिकपुर गांव में पैर फिसलने महिला छत से गिरकर घायल हो गई। पड़ोसी जनपद हरदोई के थाना कासिमपुर के गांव ककरिया निवासी राकेश की पत्नी मायावती (40) कुछ दिनों पूर्व अपनी रिस्तेदारी बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के रूरी सादिकपुर आई थी। बुधवार दोपहर वह किसी काम से घर की छत पर गई थी। तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह जमीन पर गिरकर गंभीर घायल हो गई। महिला का इलाज चल रहा है।

# ओवरलोडिंग के खेल से अफसर अनजान

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** शासन ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए चाहे जितने सख्त कदम उठा ले, लेकिन मातहत ही सरकार के आदेशों की अवहेलना करते नजर आ रहे हैं। सरकार की सख्ती के बाद भी थानाक्षेत्र की सड़कों पर दौड़ रहे रेत से भरे ओवरलोड वाहनों की धरपकड़ नहीं हो पा रही है। पड़ोसी जनपद कानपुर की ओर से उन्नाव की सीमा में प्रवेश कर रहे वाहन सरकारी तंत्र की शह पर चल रहे हैं और एआरटीओ व पुलिस अधिकारी इसे लेकर आखें मूंदे हुए हैं।

केंद्र व प्रदेश की सरकारें मार्गो को गड्ढामुक्त व दुर्घटनामुक्त बनाने के लिए नित नए कानून व प्रावधान बनाकर मार्गों को क्षतिग्रस्त होने से बचाने में प्रयासरत हैं। मार्गों को क्षतिग्रस्त करने में तय भार से अधिक लोड लादकर गुजरने वाले वाहन अहम भूमिका निभाते हैं। सरकारी तंत्र के सहयोग से निर्धारित भार से अधिक लोड लेकर सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे वाहनों पर कार्यवाही न कर सरकारी मातहत ही सरकार के आदेशों को पलीता लगा रहे हैं। कमोवेश यही स्थिति क्षेत्र के प्रमुख कालीमिट्टी-दबौली मार्ग पर भी देखने को मिलती है। यहां क्षेत्र में गांव दबौली के पास गंगा नदी के सरैया घाट पर बने पुल से कानपुर की ओर से जिले की सीमा में प्रवेश कर रहे मौरंग व बालू लदे भार वाहन क्षेत्र की प्रमुख मार्ग काली मिट्टी-दबौली मार्ग को जर्जर कर रहे हैं। समय व दूरी बचाने के चक्कर में जहां यह भार वाहन मार्ग को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं वहीं मार्ग पर जाम लगने व दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। मार्ग की क्षमता से अधिक भार लादकर गुजर रहे वाहनों पर धरपकड़ करने जैसी कार्यवाही न करने से सरकारी तंत्र की मिली भगत होने अथवा सरकारी तंत्र का आशीर्वाद प्राप्त होने का अनुमान लगाया जाता है। एआरटीओ प्रवर्तन अरविंद सिंह ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही अभियान चलेगा।



रोड से जाता ओवरलोड डंपर। अमृत विचार

- शासन ओवरलोडिंग पर सख्त, मगर अफसर नहीं दे रहे ध्यान

# युवक की हत्या में दंपति और दो बेटे गए जेल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** माखी थानांतर्गत चचेरे भाई की हत्या के मामले में पुलिस ने दंपती सहित हत्या में शामिल उनके दोनों बेटों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद चारों को कोर्ट में हाजिर किया गया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

बता दें कि माखी थानांतर्गत जमीनी विवाद में माखी थानांतर्गत मर्दनखेड़ा गांव निवासी रामू लोध व सुरेश सगे भाई है। दोनों में पैतृक जमीन को लेकर करीब 10 साल से विवाद चल रहा है। इसे लेकर दोनों परिवारों में अक्सर कहासुनी भी होती रहती है। सोमवार रात करीब आठ बजे सुरेश का बेटा सर्वेश (28) बाजार से घर लौट रहा था। इसी दौरान उसके चचेरे भाई मन्ना उसकी पत्नी सीमा और दो बेटों ने उस पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया।

इसके बाद सभी ने उसके सिर पर ईंट-पत्थर से कई वार कर दिये। सिर व अन्य अंगों में आई गंभीर चोटों से उसकी मौत हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस सभी पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। बुधवार को माखी पुलिस ने मन्ना उसकी पत्नी सीमा व दोनों बेटो को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।



माखी पुलिस की गिरफ्त में हत्या के आरोपी दंपति।

- जमीन के विवाद में चचेरे भाई ने बेटों के साथ मिलकर की थी हत्या

# नए अधिकारियों ने ली बैठक, दिए दिशा-निर्देश

**सफीपुर उन्नाव।** बार एसोसिएशन ने नए एसडीएम व तहसीलदार के साथ परिचय गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें अधिवक्ता संघ ने इमानदारी से कार्य करने वाले लेखपाल का माल्यार्पण कर उपहार भेंट किया। बुधवार को सफीपुर बार एसोसिएशन कक्ष में अधिवक्ता संघ की ओर से नवागत एसडीएम नवीन चंद्र व तहसीलदार रामआसरे के साथ परिचय गोष्ठी हुई। कार्यक्रम समापन के दौरान अधिवक्ताओं ने राजस्व लेखपाल आलोक बाजपेई को माला पहनाकर स्वागत कर किया। साथ ही लेखपाल को अधिवक्ताओं ने उपहार भेंट किए। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपतेंद्र सिंह, महामंत्री श्याम सुन्दर यादव, उपाध्यक्ष संजीव शुक्ल, गुफरान अली, अरशद जमील, आनंद गुप्ता, अशोक सेठ, रामखेलावन, रामप्रकाश पाल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पत्रकार के बेटे की हत्या में दो को आजीवन कैद

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा निवासी एक पत्रकार के बेटे की वर्ष-2022 में हत्या कर हरिहरपुर रोड़ के किनारे बने एक खंडहर में शव फेंका गया था। पत्रकार की तहरीर पर पुलिस ने दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। दोष सिद्ध होने पर कोर्ट ने दोनों को दोषी करार देते हुये आजीवन कारावास के साथ 30-30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

इंद्रा नगर निवासी निवासी पत्रकार लालजी वर्मा का बेटा चंपापुरवा निवासी विकास वर्मा उर्फ मुन्नू वर्मा 13 अगस्तर 2022 को घर से निकला था। जिसके बाद 17 अगस्त 2022 को हरिहरपुर मार्ग स्थित एक खंडहर में कई दिन पुराना शव मिला था। पुलिस ने जांच पड़ताल की। जहां मुख्य मार्गों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और पिता लालजी वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने गोपीनाथपुरम निवासी संतोष वर्मा पुत्र सियाराम वर्मा और चंपापुरवा निवासी रमन तिवारी पुत्र दयाशंकर तिवारी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने दोनों ओरापियों पर कार्यवाही कर जेल भेजा था। जहां दोनों ने कबूल किया था कि विकास को घर से ले जाकर हत्या कर शव छिपा दिया था। इधर रमन तिवारी जमानत पर बाहर चल रहा था। बुधवार को पत्रकार के बेटे की हत्या के मामले की कोर्ट ने अंतिम सुनवाई की। जहां निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज और बृजेश कुमार शुक्ला की विवेचना की। शासकीय अधिवक्ता आनंद कुमार गौड़ और मनोज कुमार पांडे की दलीलों पर एसीजे 4 ईसी एक्ट के न्यायाधीश अनिल कुमार सेठ ने आरोपियों को आजीवन कैद के साथ अर्थदंड लगाया है।



- 17 अगस्त 2022 को हरिहरपुर के पास खंडहर में मिला था शव

# बाइकों की टक्कर में युवक घायल

**आसीवन।** थानाक्षेत्र के कस्बा रसूलाबाद निवासी हर्ष क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी दोस्त दुर्गेश के साथ बाइक से उन्नाव जा रहा था। अभी वह उन्नाव-संडीला मार्ग पर अटिया मोड़ के पास ही पहुंचा था कि सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने घायलों को मियागंज सीएचसी पहुंचाया। जहां से डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# फलफूल रहा फर्जी जन्म प्रमाणपत्र का धंधा

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के कई डिजिटल सेंटरों द्वारा फर्जी तरीके से जन्म प्रमाणपत्र जारी करने का गोरखधंधा जारी है। इसका खुलासा तब होता है जब परिजन प्रमाणपत्र लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं। प्रमाणपत्र फर्जी तरीके से जारी होने की जानकारी मिलने पर अभिभावक इधर-उधर चक्कर काटने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

इससे संबंधित एक मामला बुधवार को स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचा। जिसमें परिजन बिचपरी निवासी मोनू सिंह की बेटी को कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिलाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो पटल पर तैनात कर्मचारी ने बताया कि बच्चे का यह जन्म प्रमाणपत्र फर्जी है। क्योंकि बच्ची का जन्म लखनऊ के निजी अस्पताल मे हुआ है और उसका जन्म प्रमाणपत्र उन्नाव नगर पालिका से जारी दिखाया गया है। कर्मचारी ने बताया कि इसी तरह से गांव संभरखेड़ा के बुद्धिमान समेत करीब एक दर्जन लोग अपनी बच्ची का प्रमाणपत्र लेकर आये जो फर्जी थे।

बताते हैं कि दिलवल, बहेरियाखुर्द, गौरा कठेरुआ आदि गावों में एक संस्था शिविर लगाकर फर्जी प्रमाणपत्र जारी किए थे। सूत्रों की मानें तो कुछ डिजिटल व कम्प्यूटर सेंटर ऐसे भी हैं जोकि जन्म के प्रपत्र ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए बगैर ही अपने आपसे ही जारी कर रहे हैं।

- विकासखंड क्षेत्र के कई डिजिटल सेंटरों पर चल रहा ये काम

**जीत की खुशी** 118 वोटों से जीत के साथ उन्नाव बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने सतीश

# आठवीं बार सतीश शुक्ला का हुआ 'बार', की गई आतिशबाजी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** उन्नाव बार एसोसिएशन के आठवीं बार अध्यक्ष बने सतीश शुक्ला ने यह साबित कर दिया कि अब उनका बनाया रिकार्ड तोड़ पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी है। बार चुनाव के लिए बुधवार सुबह नौ बजे से शुरू हुई मतगणना 10 घंटे तक चली। जिसमें अध्यक्ष पद पर सतीश शुक्ला ने आठवीं बार जीत दर्ज कर अधिवक्ताओं का समर्थन प्राप्त किया। उन्होंने दो बार उन्नाव बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके गिरीश मिश्रा को कड़ी टक्कर देते हुए 118 वोटों से अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। इसमें अवैध मत 16 रहे। वहीं महामंत्री पद पर 9 प्रत्याशियों में हुई टक्कर में अरविंद दीक्षित जीते। उन्होंने सिद्धांत अवस्थी को 49 मतों से हराया। इसमें कुल अवैध मतों की संख्या 50 रही। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजकुमार श्रीवास्तव विजयी घोषित हुए। उन्होंने दिलीप शुक्ला को 73 मतों से हराया। इसमें 40 मत अवैध रहे।

बुधवार सुबह करीब नौ बजे बार एसोसिएशन उन्नाव के पुस्तकालय कक्ष में पहले संयुक्त मंत्री प्रकाशन, संयुक्त मंत्री पुस्तकायल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष पद व उपाध्यक्ष पद की गणना से शुरू हुई। एल्डर कमेटी के चेयरमैन बीके बाजपेई, चुनाव अधिकारी प्रकाश निगम, सदस्य जयराम सिंह, हरिशंकर सिंह चौहान सहायक चुनाव अधिकारी विजय कुमार की देखरेख में 26 सहायक निर्वाचन अधिकारियों ने गणना शुरू की। गणना का सीधा प्रसारण बाहर लगे एलईडी पर होता रहा। सीओ सिटी विजय आनंद, कोतवाली प्रभारी प्रमोद मिश्रा, दही थानाध्यक्ष अनुराग सिंह ने मतगणना स्थल का निरीक्षण भी किया। खास बात यह रही कि अध्यक्ष पद पर जीते सतीश शुक्ला ने इस पद पर आठवीं बार जीत हासिल की। उन्हें 533 वकीलों का समर्थन मिला। जबकि, उनके प्रतिद्वंदी गिरीश मिश्रा को 415 मत ही मिले। बताते हैं कि सतीश शुक्ला मतगणना के शुरुआती राउंड से ही बढ़त बनाए रहे। जो आखिर तक चलती रही। इसी तरह महामंत्री पद पर विजयी अरविंद दीक्षित को 323 मत मिले। जबकि, प्रतिद्वंदी सिद्धांत अवस्थी को 274 मत हासिल हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजकुमार श्रीवास्तव 411 मत मिले वहीं निकटतम प्रतिद्वंदी दिलीप कुमार शुक्ला को 338 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर रेनू तिवारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी उमेश यादव को 164 मतों से हराया। रेनू तिवारी को 477 मत मिले तो वहीं उमेश यादव को 313 ही मत प्राप्त हो सके। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर कृष्ण कुमार लोधी को 476 मत प्राप्त हुए उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रदीप कुमार 394 मत ही प्राप्त हो सके। संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पद पर मणि कांत रावत ने 11 मतों से विजय हासिल की। संयुक्त मंत्री प्रशासन पद पर नीलम देवी ने अपने प्रतिद्वंदी सुशील कुमार को 133 मतों से पराजित किया। वहीं संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद पर आशुतोष सैनी विजयी हुए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी अजय तोमर 175 मतों से शिस्कत दी। चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही अधिवक्ताओं ने विजयी अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष का गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत कर आतिशबाजी की।



समर्थकों के साथ सतीश शुक्ला। अमृत विचार



मतगणना करते मतदान अधिकारी। अमृत विचार

# सीडीओ व सिटी मजिस्ट्रेट को मिली अयोध्या में तैनाती

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले में सीडीओ रहे आईएएस ऋषिराज सहित शासन ने सिटी मजिस्ट्रेट अरुण मणि तिवारी को अयोध्या स्थानांतरित किया है। सीडीओ को फिलहाल इसी पद पर अयोध्या स्थानांतरित किया गया है, लेकिन नगर मजिस्ट्रेट को प्रमोशन से नवाजते हुए एडीएम पद सौंपा गया है।

उल्लेखनीय है कि सीडीओ ने करीब एक साल पहले जिले में पदभार संभाला था। इसलिए उन्हें लोकसभा निर्वाचन को लेकर स्थानांतरित किए जाने की संभावना नहीं थी। वहीं एक साल से कम अवधि तक जिले में तैनात रहे नगर मजिस्ट्रेट के तबादले की भी सुगबुगाहट नहीं थी। बुधवार को सीडीओ सहित नगर मजिस्ट्रेट के स्थानांतरण आदेश की जानकारी होते ही मातहत अधिकारियों सहित स्टाफ के अन्य लोग उन्हें श्रीराम कृपा प्राप्त होने की बधाइयां देने पहुंचने। कइयों तो लगे हाथ तैनाती रहते नवस्थापित श्रीराम लाला के दर्शन कराने की सिफारिश करने से गुरेज नहीं समझा। दोनों स्थानांतरित अधिकारियों फोन पर स्थानांतरण की जानकारी देकर डीएम अपूर्वा दुबे से मुलाकात के लिए वक्त भी मांगा। सीडीओ सौंपे गए कार्य को पूरे मनोयोग से कराने वाली क्षवि रखते थे। जिले में तैनाती के दौरान सीडीओ ने जहां गोबर से पेंट तैयार कराने में रुचि ली। वहीं स्वयं सहायता समूहों की आय बढ़ाने पर भी जोर दिया। समूहों में शामिल महिलाओं से वार्ता करते हुए वह सीधे संवाद करते और सुझाव देते। नगर मजिस्ट्रेट का कार्यकाल भले ही कम समय का रहा, लेकिन उन्होंने अपनी बेहतर छवि बनाई।

- सीडीओ संभालेंगे वही पदभार, सिटी मजिस्ट्रेट होंगे एडीएम

# नवीन पुल पर तीन घंटे जाम, कराहे लोग

## तमाम बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाए, ड्यूटी जाने वालों को हुई देरी, वाहनों की संख्या बढ़ने से हुई परेशानी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



बालूघाट पर मोड़ पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार



फोरलेन पर जाम में वाहनों की लगी कतार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवीन पुल ढाल से लेकर बालूघाट मोड़ तक मार्ग संकरा होने के कारण सुबह-शाम जाम लगना आम बात हो गई है। स्कूल खुलने के चलते वाहनों का भार अधिक बढ़ गया। जिससे मंगलवार को भीषण जाम लगा रहा। तमाम छात्र स्कूल नहीं पहुंच सके। इसी तरह बुधवार को भी एक बार फिर नवीन पुल से लेकर फोरलेन अंबिकापुरम तक लंबा भीषण जाम लगा रहा। जाम में तमाम स्कूली बच्चे फंसे रहे। इसके साथ ही ड्यूटी जाने वाले लोगों को भी देरी हुई।

नवीन पुल से कानपुर पढ़ने जाने वाले छात्रों और दैनिक मजदूरी व सरकारी नौकरी करने वाले लोगों को जाने का एक ही मात्र रास्ता है। सोमवार और मंगलवार को जाम लगा था। जिसके बाद बुधवार को

- बालूघाट मोड़ तक मार्ग संकरा होने के कारण जाम आम बात

भी संकरे रास्ते के कारण सुबह के समय ही जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर फोरलेन अंबिकापुरम तक ठंसाठंस जाम लग गया। जाम की सूचना पर पुलिस कर्मी आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा करते रहे। पुलिस कर्मी काफी देर तक जाम छुड़ाने के लिये मशक्कत करते रहे। इसके बावजूद जाम की स्थिति बनी रही। जाम इतना भीषण लगा कि नवीन पुल के डिवाइडर पर भी दोपहिया वाहनों की कतार लग गई। वहीं भीषण जाम लगने के कारण कानपुर ड्यूटी जाने वाले अधिकांश लोग पैदल ही निकले। इसके साथ ही स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं भी जाम लगने के कारण पैदल ही स्कूल जाने को मजबूर हुये हैं। खास बात यह है कि कई दिनों से भीषण जाम लग रहा है। स्कूली छात्र-छात्राओं के प्रेक्टिकल तक छूट रहे हैं। दोपहर करीब बारह बजे के बाद वाहनों का भार कम हुआ। जिसके बाद जाम हट सका। इसके बावजूद उन्नाव और कानपुर के जिम्मेदारों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। जिससे आये दिन शुक्लागंजवासियों को जाम का दंश झेलना पड़ रहा है।

# नाले में गिरकर ढाई साल के मासूम की मौत

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- ननिहाल में मां के साथ रहता था बच्चा
- मासूम की मौत से परिजन रो रोकर बेहाल



दिवंगत मासूम।



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अजगैन थाना क्षेत्र में पति से अनबन के बाद अपने दो मासूम बच्चों के साथ मायके में रह रही महिला का ढाई वर्षीय बेटा खेलते समय घर के पास बहते नाले में गिर गया। तलाश करते पहुंचे परिजन उसे निकालकर अस्पताल लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बरुआ गांव निवासी चमनलाल की बेटी निशा की शादी करीब चार साल पहले हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के हसनापुर गांव में हुई थी। पति व ससुरालियों से विवाद के बाद महिला दो वर्षीय बेटे यश व ढाई माह के सूर्यांश के साथ मायके में रह रही है। मंगलवार शाम यश घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान नानी चंद्रावती उसे खाने के लिए बुलाने निकली तो यश दिखाई नहीं पड़ा। आसपास खेल रहे अन्य बच्चों के साथ परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। घर से कुछ दूरी पर निकले कच्चे नाले में बच्चे को पड़ा देख परिजन उसे बाहर निकालकर एक निजी अस्पताल लाए। फिर उसे हाईवे स्थित निजी मेडिकल कालेज लाया गया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मां, नानी चंद्रावती समेत परिजन रो-रोकर बेहाल रहे। बच्चे के नाना चमनलाल ने बताया कि दामाद पुत्तीलाल निवासी हसनापुर लुधियाना में रहकर काम करता है। बेटी अपने बच्चों के साथ करीब तीन माह से मायके में रह रही है। मंगलवार को घर के बाहर खेल रहा यश नाले में गिर गया। जिसकी डूबने से मौत हो गई। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि मंगलवार रात बरुआ गांव में एक बच्चे की नाले में गिरने से मौत हो गई थी।

# प्रैक्टिकल में वसूली का वीडियो वायरल, परीक्षार्थियों में हड़कंप

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- डीआईओएस बोले-खबरों के आधार पर होगी जांच, नहीं मिली शिकायत

**अमृत विचार।** नगर स्थित सुभाष इंटर कालेज के इंटर मीडिएट के परीक्षार्थियों से बोर्ड परीक्षाओं के तहत हो रही प्रायोगात्मक परीक्षा में अच्छे अंक दिलाने के नाम पर सुविधा शुल्क वसूलने का वीडियो तेजी से वायरल होता रहा। वीडियो में एक व्यक्ति परीक्षार्थियों से कह रहा है कि सभी ने पैसा जमा कर दिया। छात्र हां में उत्तर देते हैं। फिर एक व्यक्ति निर्देश देता है कि पैसा जमा करने वाले सभी छात्र परीक्षा पुस्तिका लेकर अंदर जाएं।

दरअसल माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाई स्कूल सहित इंटर मीडियट के लिए नगर के सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित सुभाष इंटर कालेज को बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाया है। इस परीक्षा केंद्र से क्षेत्र के करीब आधा दर्जन निजी इंटर कालेज के परीक्षार्थी भी प्रतीक्षा देंगे। फिलहाल बोर्ड की ओर से जारी प्रायोगिक परीक्षा कार्यक्रम के तहत विभिन्न विषयों की परीक्षाएं कराई जा रही हैं। प्रयोगात्मक परीक्षा को लेकर वायरल हो रहे वीडियो को लोग स्पष्ट नहीं स्वीकार कर रहे हैं। इसीलिए अमृत विचार भी वीडियो की किसी तरह पुष्टि नहीं करता है। हालांकि वीडियो में प्रत्येक परीक्षार्थी से 600 रुपए वसूलने और परीक्षार्थी सीट सहित कक्ष में जाने की बात कही जा रही है। वीडियो में तीन हजार रुपए में पहले से लिखी हुई उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराना भी लोग संदिग्ध ठहरा रहे हैं। लोगों का कहना है कि परीक्षा कक्ष (प्रयोगशाला) में ही उत्तर पुस्तिकाएं बांटना स्टाफ के लिए अधिक सुरक्षित व सुविधाजनक होता। इसलिए वीडियो भ्रमित करने वाला लगता है। गौरतलब है कि इस इंटर कालेज की स्थापना भी नगर के मूल निवासी जिले के प्रथम सांसद पं. विश्वंभर दयालु त्रिपाठी के प्रयासों से ही हो सकी थी। डीआईओएस एसपी सिंह के मुताबिक बोर्ड परीक्षा की तैयारियां का दबाव अधिक है। इस संबंध में कोई लिखित शिकायत भी नहीं प्राप्त हुई है। फिर भी मीडिया से मिली जानकारी पर जांच कराई जाएगी। साथ ही आवश्यकतानुसार बोर्ड को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# नाबालिग सहित तीन चोर दबोचे

**उन्नाव।** सदर कोतवाली पुलिस ने एसओजी व सर्विलांस की मदद से एक नाबालिग सहित तीन चोरों को गिरफ्तार कर रिवाल्वर, जेवरात बरामद किया है। शातिर चोरों को जेल कोर्ट में पेश किया। बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के पूरन नगर मोहल्ला निवासी ब्रजेश सिंह मूल रूप से माखी थानाक्षेत्र के जुनैदपुर गांव के निवासी है। बीती 21 जनवरी को उनकी मां विद्यावती का देहांत हो गया था। इस कारण वह शहर के घर में ताला बंद कर परिवार सहित गांव चले गए थे। बीते सोमवार सुबह पत्नी अर्चना व बच्चों के साथ सुबह करीब 10 बजे वापस लौटे। मेन गेट में लगा ताला टूटा था। बुधवार एएसपी अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि चोर लकी उर्फ इंजमाम हुसैन दरोगाबाग, आरिफ निवासी कांशीराम कालोनी सहित नाबालिग को पकड़ा है।

# दूरसंचार की डैमेज केबिल बदलने लगी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- नई केबिल से मोबाइल नेटवर्क, ब्राडबैंड की सुविधा होगी बेहतर

**अमृत विचार।** दूर संचार के लिए फोरलेन के किनारे भूमिगत केबिल डाली गई थी। केबिल कटने और डैमेज होने के कारण दूर संचार की सेवाएं प्रभावित हो रही थी। ऐसे में बीएसएनएल के उपभोक्ता परेशान हो रहे थे। जिसे देखते हुए उन्नाव टीडीएम के निर्देश पर डैमेज केबिल को बदलने का काम शुरू करा दिया गया है। कार्य पूरा होने के बाद उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी।

उन्नाव प्रियदर्शनी नगर टेलीफोन एक्सचेंज में कानपुर मालरोड स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के बीच संचार सेवाओं के लिये भूमिगत मेन केबिल डाली गई थी। जो शुक्लागंज में फोरलेन के किनारे भूमिगत पड़ी हुई है। विद्युत केबिलों के अलावा अन्य केबिलें भूमिगत डालने के कारण दूर संचार की केबिल दबने से डैमेज हो गई हैं। जिससे उपभोक्ताओं को दूर संचार सेवाएं ढंग से नहीं मिल पा रही हैं। जिसे देखत हुये उन्नाव टीडीएम के निर्देश पर डैमेज केबिल को ढूंढा गया। जहां सरैया पॉवर हाउस से टेलिफोन एक्सचेंज के बीच करीब 150 मीटर तक भूमिगत केबिल डैमेज पायी गई है। जिसे बदलने के लिये विभाग ने कार्य शुरू करा दिया है। कार्य पूरा होने के बाद 4जी, 5जी सेवा के साथ ब्राडबैंड, लैंडलाइन सुविधा और बेहतर होगी।

## सार-संक्षेप



स्वास्थ्य कर्मी को माला पहनाते एसीएमओ। अमृत विचार

### सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर पालिका गंगाघाट में कार्यरत दो टैक्स कलेक्टर और न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एनएमए का बुधवार को कार्यकाल पूरा हो गया। जिस पर पालिका कर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने उन्हें विदाई दी। बुधवार को नगर पालिका गंगाघाट में कार्यरत टैक्स कलेक्टर श्याम दीक्षित और सुरेन्द्र कुमार शर्मा का कार्यकाल पूरा हुआ। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय ने उनका विदाई समारोह किया। इस मौके पर ईओ मुकेश मिश्रा, संदीप पांडे, जेई घनश्याम मौर्य, अनूप शुक्ला, महेन्द्र सिंह, राजेश गुप्ता, कमल वर्मा व सभासदों ने उन्हें उपहार भेंट किया। इसी तरह न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में स्वास्थ्य कर्मी नान मेडिकल सुपरवाइजर सभाजीत विश्वकर्मा को भी विदाई दी गई। एसीएमओ डा. हरिनंदन सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रवि सचान, डा. आशुतोष वार्ष्णेय, डा. रश्मि वर्मा, डा. शिप्रा झा, डा. ज्ञान प्रकाश ने उन्हें विदाई दी। इस दौरान अवनीश मिश्रा, अमित कुशवाहा, सिद्धार्थ बाजपेई आदि रहे।

### गंगा में मगरमच्छ दिखा, लगवाए चेतावनी बोर्ड

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगा में मगरमच्छ की चहलकदमी देखने के बाद पालिकाध्यक्ष के निर्देश पर बुधवार शाम नगर के सभी घाटों पर मगरमच्छ से बचाव के लिए चेतावनी बोर्ड लगवाए गए हैं। कानपुर के घाटों पर मगरमच्छ की चहलकदमी देखी गई थी। जिसका कुछ लोगों ने एक के बाद एक कई वीडियो बनाकर सोशल साइटों पर वॉयरल किया। उसके बाद शुक्लागंज में भी देखा गया। वीडियो वायरल होने के बाद पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने संज्ञान में लिया। क्योंकि नगर के गंगा विशुन घाट, नमामि गंगे घाट, रेलवे पुल के नीचे, पुराने यातायात पुल के नीचे, आनंद घाट के अलावा सभी घाटों पर नित्य गंगा स्नान करने वाले पहुंचते हैं। स्नान करने वालों को मगरमच्छ से खतरा हो सकता है। पालिकाध्यक्ष के निर्देश पर बुधवार शाम पालिका कर्मियों ने मिश्रा कॉलोनी से लेकर नमामि गंगे घाट तक मगरमच्छ से बचाव से संबंधित चेतावनी बोर्ड लगवाए हैं। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने बताया कि मगरमच्छ को लेकर पालिका प्रशासन गंभीर है। मगरमच्छ की चहलकदमी को लेकर चेतावनी बोर्ड लगवाए गए हैं।

### कुशाल खेड़ा पहुंची वन विभाग की टीम

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कुशाल खेड़ा गांव में जंगली जानवर के देखे जाने पर ग्रामीणों में हड़कंप मचा हुआ है। बुधवार को भी वन विभाग की टीम गांव के जंगलों में पहुंच कर कांबिग की। इसके साथ ही जंगली जानवर के पैरों के निशान ढूंढे लेकिन टीम को कहीं कोई ताजे निशान नहीं मिले। कुशाल खेड़ा गांव निवासी शिवांगी ने बताया कि रविवार दोपहर गांव के बाहर सरैयां निवासी अनूप के यूकेलिप्टिस के बाग के पास मवेशी चरा रही थी, इसी बीच झाड़ियों में खड़े एक जंगली जानवर को देखा था। जिसका उसने वीडियो बनाकर सोशल साइट पर वायरल किया था। जिस पर मंगलवार को क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रेम शंकर तिवारी, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह, बीट प्रभारी अनुज कुमार उसी जंगल पहुंचे। जहां काफी दूर तक छानबीन करते हुये कांबिंग की थी। इधर जंगली जानवर के देखे जाने पर कुशाल खेड़ा के अलावा आस पास गांवों में रहने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं बुधवार को वन दरोगा केपी वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में बराबर नजर रखने के साथ ही कांबिंग की जा रही है।

### हादसे में दो बाइक सवार घायल

**शुक्लागंज।** कानपुर गोलाघाट निवासी चंदन अपने साथी गुच्छू के साथ बुधवार रात बाइक से घर जा रहे थे। जैसे ही वह आजाद नगर के सामने पहुंचे तभी उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। दोनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।

# स्वास्थ्य केंद्र में निर्माण की धांधली लखनऊ पहुंची

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- डिप्टी सीएम ने गठित की जांच के लिए कमेटी
- वायरल वीडियो का डिप्टी सीएम ने लिया संज्ञान

**अमृत विचार।** पुरवा में सीएचसी में निर्माण कार्य में धांधली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मामले का संज्ञान लेने के बाद जांच कमेटी नियुक्त करने की। चर्चा है इससे अफसरों में हड़कंप मचा है। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

बता दे प्रधानमंत्री आरोग्य योजना के तहत पुरवा सीएचसी में डेढ बिस्वा भूमि पर तीस लाख रुपये की लागत से लैब भवन का निर्माण कराया जा रहा हैं। उक्त निर्माण कार्य का एक वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल हुआ।जिसमें ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में पूर्व में बनी दीवाल पर ही नई दीवाल बनाई जा रही हैं ऐसा बताया गया हैं। वीडियो को वायरल होने की जानकारी पर एसडीएम रनवीर सिंह ने सीएमओ को जांचकर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए पत्र भेजा हैं। बताते चले कि लैब का निर्माण कार्यदायी संस्था सीएलडीएफ द्वारा लगभग तीस लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य कराया जा रहा हैं।जिसमें दो कमरे नीचे व शौचालय तथा ऊपर भी दो कमरे व शौचालय का निर्माण होना हैं। वहीं शोसल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक द्वारा लिए जाने की चर्चा फैली तो स्थानीय अफसरों के हांथ पांव फूल गए। हालाकि सीएमओ सत्य प्रकाश ने निर्माण कार्य रुकवा दिया है और बताया कि वह गुरुवार को स्थलीय जांच को जाएंगे।

# कई इंस्पेक्टर और दरोगा के बदले गए कार्यक्षेत्र

**उन्नाव।** एसपी ने पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर सियाराम वर्मा को अपना पीआरओ बनाया है। इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र मिश्रा को आसीवन थाने का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया है। दरोगा संतोष राय को बिहार थाने से फतेहपुर चौरासी, अरविंद सिंह रघुवंशी को बारासगवर से सफीपुर कोतवाली, विनोद कुमार को बारासगवर से असोहा थाना, राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी को फतेहपुर चौरासी से बीघापुर कोतवाली, रोहित पांडेय को बेहटा मुजावर से मौरावां, विनोद कुमार को चौकी प्रभारी कुरसठ से औरास थाना भेजा गया है। अजगैन की राजाबाग चौकी प्रभारी रहे रामेश्वर सिंह को कुरसठ चौकी की कमान सौंपी गई है। दारोगा बने ज्ञान सिंह को दही थाने से अजगैन की राजाबाग चौकी का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात दारोगा संजय सिंह व इंद्र बहादुर सिंह को असोहा थाने में तैनात किया है।

# पानी की आस में सड़क हुई जानलेवा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



इस तरह पाइप लाइन डालने के बाद खास्ताहाल पड़ी सड़क। अमृत विचार

- अमृत योजना के तहत चंपापुरवा इलाके की खोद डाली गईं सड़कें

**अमृत विचार।** अमृत योजना के तहत हर घर जल पहुंचाने के लिए नगर के चंपापुरवा इलाके की चमचमाती गलियों को खोद कर भूमिगत पाइप लाइन डाली गई है, अभी कब तक लोगों के घरों में शुद्ध पानी पहुंचेगा। इसका अभी कोई जानकारी नहीं है। हां यह जरूर है कि नई इंटरलॉकिंग सड़कें खोद दी गई है। जिससे गलियों में रहने वाले लोगों के लिए सड़कें जानलेवा बन गई हैं।

जल निगम की ओर से वार्ड नंबर 9 चंपापुरवा में भूमिगत वॉटर लाइन डालने का काम कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था द्वारा मानकों को ताक पर रखकर भूमिगत पाइप लाइन डाली गई हैं। जिससे जलापूर्ति चालू होने के दौरान जगह-जगह से पाइप लाइन फट सकती हैं। इतना ही नहीं चंपापुरवा, तेजीपुरवा, मनसुख खेड़ा की अधिकांश गलियों को मानकों को ताक पर रखकर नई इंटरलॉकिंग को उखाड़ दिया गया है। जिसके बाद पाइप लाइन डालकर ऐसे ही छोड़ दिया गया है। जिससे गलियों में जानलेवा गड्ढे बन गये हैं। रात के अंधेरे में छोटे बच्चे गलियों में गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। इसके साथ ही बाइक सवार भी गिर रहे हैं। गलियों को बनवाने के लिये जब कार्य करा रही कार्यदायी संस्था से कहा गया तो ठेकेदार ने एक टूक में जबाव देते हुये कहा कि हम लोगों का काम पाइप लाइन डालने का है। सड़क बाद में बनवाई जायेगी।

**बोले जिम्मेदार**

सड़क बनवाने को लेकर जल निगम के अधिकारियों से बात हुई है। जिन सड़कों पर पाइप लाइन डालने का काम कराया गया है। जल्द ही सभी गलियों को बनवाया जाएगा।

–मुकेश कुमार मिश्रा, अधिशासी अधिकारी गंगाघाट

## खेल-खिलाड़ी

स्व. रजनीन्द्र दीक्षित जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में होटल इन व मुस्कान इंटरप्राइजेज के मध्य हुआ फाइनल मुकाबला

# शिवा इन ने जीता क्रिकेट लीग मैच

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



विजेता टीम के साथ आयोजक व अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्व. रजनीन्द्र दीक्षित जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में बुधवार को होटल इन व मुस्कान इंटरप्राइजेज के मध्य फाइनल मुकाबला हुआ। इसमें होटल शिवा इन ने मुस्कान इंटरप्राइजेज को 6 विकेट से हराया।

पहले बल्लेबाज़ी करते हुए मुस्कान की टीम ने 174 रन 9 विकेट खोकर 30 ओवर, जिसमें उपनिषद ने 40 रन, रितेश 28, नवरतन 22 शिवा इन की तरफ से आयुष 4 विकेट, सूरज व मोनू 2-2 विकेट लिए। जवाब में शिवा इन ने लक्ष्य की प्राप्ति 24.3 ओवर में कर लिया। सूरज ने 87 रन, मोनू पाल 38 रन व आयुष जैसवाल ने 20 रन बनाये। मुस्कान की ओर से सौरभ ने 2 विकेट, अमन व नवरतन ने 1-1 विकेट लिए। विजयी टीम को सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पुरुस्कार वितरण किया। मुख्य अतिथि का स्वागत सचिव पीके मिश्रा, विकास सिन्हा, ओम मिश्रा ने किया। कार्यवाहक अध्यक्ष संजय राठी ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। इस दौरान आनंद अवस्थी, राजेश शुक्ला, संजय शुक्ला, संजय श्रीवस्तव, मंसूर खां, मुकेश बाजपेई, जितेंद्र दीक्षित, वीपी तिवारी, अभिषेक शंकर, सुनील पटेल, अनुज यादव, राकेश अस्थाना आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन खेल सचिव नवीन सिन्हा ने किया।

# यूनिटी हाउस ने जीती चैंपियनशिप

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव



खिलाड़ियों को ट्राफी सौंपते प्रबंधक रिजवान अहमद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के संडीला मार्ग स्थित आरएस पब्लिक स्कूल में बुधवार को इंटर हाउस फुटबॉल चैंपियनशिप का समापन हुआ। यूनिटी हाउस ने चैंपियन शिप पर कब्जा किया।

फुटबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग के रोमांचक फाइनल मैच में यूनिटी हॉउस ने होप हाउस को 2-3 से पराजित किया। इस रोमांचक मुकाबले में शिवा जायसवाल व अरनव पटेल ने यूनिटी हाउस की ओर से सर्वाधिक गोल किए। मैच में शिवा जायसवाल को प्लेयर ऑफ दा टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया। इसी प्रकार बालिका वर्ग के कांटे के मुकाबले में नोबल हॉउस ने होप हाउस पर एक गोल से विजय प्राप्त की। नोबल हाउस की ओर से अनुष्का सिंह ने अपनी टीम के लिए मात्र एक गोल किया। इसके पूर्व चैंपियनशिप में बालक व बालिका वर्ग के 4 हॉउस ने भाग लिया। जिसमें बालक वर्ग में होप हाउस ने पीस व यूनिटी हाउस ने नोबल हॉउस को मात देकर फाइनल में जगह बनाई। कैप्टन शिवा जायसवाल और साथी खिलाड़ी अयान, विहान, गगन, सनी व अनुभव ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा बालिका वर्ग में नोबल हाउस ने यूनिटी हाउस व पीस हॉउस ने नोबल हाउस को हराकर फाइनल मे जगह बनाई। बालिका वर्ग में नोबल हाउस की ओर से अनुष्का, शिफा, शबी पटेल, अवि पटेल, जाज़बा, पल्लवी, रिया, अनुप्रिया, महविश व प्रकृति आदि खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन पर विद्यालय के प्रबंधक रिज़वान अहमद ने विजेता टीम के कैप्टन को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# सपा से अनु टंडन के लोकसभा प्रत्याशी बनने पर बांटी मिठाई

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** लोकसभा प्रत्याशियों के नाम की सपा ने मंगलवार को घोषित की। उन्नाव से पूर्व सांसद अनु टंडन को प्रत्याशी बनाया है। जिस पर नगर के सपा कार्यकर्ताओं ने लोगों को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कई जिले से लोकसभा प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। जिसमें उन्नाव जिले से पूर्व सांसद अनु टंडन को प्रत्याशी बनाया गया है। जिसे देखते हुये मंगलवार रात सपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते आने जाने वाले लोगों को लड्डू खिलाया। इस दौरान सपा नेता हाजी सैंय्यद इरफान ने कहा कि अनु टण्डन इस बार जिले से जीत हासिल करेंगी। वहीं प्रत्याशी को जिताने के लिये मौजूद कार्यकर्ताओं ने अभी से बूथ स्तर पर तैयारी करने की बात कही है। इस मौके पर अनिल सिंह, अवधेश यादव, शुभ गुप्ता, कुलदीप तिवारी, अभिषेक साहू अमन राठौर, मो. इश्तियाक, फारुख, प्रिय, अमन आदि रहे।




मिठाई बांटते अनु टंडन के समर्थक। अमृत विचार

एक : सम्पत्रमश्नाति वस्त्रे वासश्च शोभनम् ।
योऽसंविभज्य भृत्येभ्य : को नृशंसतरस्तत : ॥

जो व्यक्ति स्वार्थी है, कीमती वस्त्र, स्वादिष्ट व्यंजन, सुख-ऐश्वर्य की वस्तुओं का उपभोग स्वयं करता है, उन्हें जरूरतमंदों में नहीं बाटंता-उससे बढ़कर क्रूर व्यक्ति कौन होगा?

## संपादकीय

# बजट से उम्मीदें

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को बजट सत्र के उद्घाटन अवसर पर संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में कहा कि एक देश तेज गति से तभी प्रगति कर सकता है जब वह अतीत की चुनौतियों को हरा दे और भविष्य के निर्माण में अधिकतम ऊर्जा लगाता है। उन्होंने कहा सरकार का मानना है कि विकसित भारत की भव्य इमारत युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसानों और गरीबों के चार मजबूत स्तंभों पर खड़ी होगी। यानि स्पष्ट है कि भविष्य के लिए हम कौन सी राह पकड़ने वाले हैं। ध्यान रहे लोकसभा चुनाव से पहले संसद का यह आखिरी सत्र है। गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम अंतरिम बजट सदन में पेश करेंगी। इस बजट पर पूरे देश की नजर रहेगी। हालांकि बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी क्योंकि यह आम चुनाव से पहले लेखानुदान होगा। सरकार जो अंतरिम बजट पेश करेगी वह सिर्फ तब तक के लिए सरकारी खर्चों को पूरा करने के वास्ते होगा जब तक कोई नई सरकार नहीं बन जाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि जब चुनाव का समय निकट होता है, तब आमतौर पर पूर्ण बजट नहीं रखा जाता है, हम भी उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए पूर्ण बजट नई सरकार बनने के बाद लेकर आएंगे।

लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ताधारी पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी ऐसा होते देख चुके हैं। 'किसान सम्मान निधि' योजना की घोषणा फरवरी 2019 के अंतरिम बजट में ही की गई थी। उसके दो महीने बाद लोकसभा के चुनाव हुए थे। सर्वे एजेंसी सीएसडीएस के मुताबिक लोकसभा चुनाव में इस योजना ने खेल परिवर्तक की भूमिका निभाई। मौजूदा लेखानुदान में क्या होगा, किन योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, उनकी अटकलें ही लगाई जा सकती हैं, लेकिन देश के सामने जो समस्याएं और चुनौतियां हैं, उनके आधार पर विश्लेषण किया जा सकता है। दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत रही है। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था कोरोना के बावजूद बेहतर स्थिति में है, लेकिन रोजगार, नौकरी, असमानता और देश पर कर्ज का बोझ आदि ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें अब बजट के जरिए गंभीरता से संबोधित किया जाना चाहिए।

# शीत का प्रकोप, ऊष्मा और प्रकाश से हमारा नाता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0 .5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है।

सबसे ठंडा शहर साइबेरिया में साखा रिपब्लिक (रूस) का फेडरल डिस्ट्रिक्ट याकुत्स्क है। यहां 31 जनवरी को तापमान शून्य से नीचे 32 डिग्री सेल्सियस था। हर तरफ बर्फ था। लगता है याकुत्स्क फ्रीज हो गया है। फिर भी लोग जीते हैं और सक्रिय हैं। 'फिजियोलॉजी ऑफ कोल्ड' के लिहाज से देखा जाए तो यह बड़ी हिम्मत है। यहां रहने वाले लोगों के शरीर ने अनुकूलन कर लिया है। अमेरिका और याकुतिया के वैज्ञानिकों की रिसर्च यह बताती है कि दीर्घ निवास के कारण याकुट लोगों की शरीर क्रिया अनुकूलन की वजह से शीत को अद्भुत रूप से झेलने के काबिल हुई है। वैज्ञानिकों ने इन लोगों की शरीर क्रिया, मौसम के अनुसार शारीरिक गतिविधि, शरीर में वसा और कार्बोहाइड्रेट, हार्मोन और ठंड की वजह से शरीर के अंग-प्रत्यंगों में सूजन की संभावना होने के अलावा पोषण स्तर का आंकलन भी किया है। यह मालूम हुआ कि इनके शरीर में विशिष्ट प्रकार से मेटाबोलिक क्रियाओं की उत्पत्ति के बावजूद कुछ खास तरह से चयापचई विकारों का विकास होता है जिसे अमेरिका-रूस की संयुक्त मेडिकल रिसर्च टीम ने दर्ज किया। ऐसी ही कुछेक शारीरिक दिक्कतें भारत में मैदानी और पर्वतीय इलाकों में रहने वालों में देखा गई हैं जिनके कारण और नैदिनिकी कुछ अलग तरह की है।

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0.5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है। राजस्थान में चुरू और हरियाणा के हिसार और नारनौल में तो यह शून्य दर्जे सेल्सियस से भी एक-दो दर्जा नीचे अनेक बार आंका गया है। गर्मी झेलने वाले लोग एक डिग्री सेल्सियस तक और 46 डिग्री तक तापमान पहुंचने पर अनुकूलन कैसे करते हैं। यह रहस्य शरीर की चयापचयी क्रियाओं और हार्मोन्स के स्राव की मात्रा के स्तर, रक्त में इसके विचरण और शरीर के रेस्पांस पर निर्भर करता है। हमारे लिए जून महीने में हीट-स्ट्रेस और शीत ऋतु में कोल्ड-स्ट्रेस को झेलना मुश्किल होता है। शरीर को अपने भीतर का 'कोर-टेम्परेचर' बनाए रखने से पहले कुछ परिवर्तन करने पड़ते हैं। यह तभी संभव है जब

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते।

शरीर के भीतर मौजूद एंडोक्राइन ऑर्गन्स का आपस में सही जैव-रासायनिक संबंध कायम रहे और कोशिकाओं और सिस्टम में मौजूद संवेदी अर्थात् रिसेप्टर्स अपना काम सही से करें। चूंकि ऋतु परिवर्तन के दौरान दिन और रात की अवधि, प्रकाश और अंधेरे के कुल समय और तापमान एवं वायुमंडल में मौजूद नमी में बदलाव धीरे-धीरे होता है। इसलिए अनुकूलन भी साथ-साथ, धीमी गति से होता रहता है। मई-जून में लू चलने पर वातावरण अत्यधिक गर्म होने से और शीत ऋतु में कंपकपा देने वाली पश्चिमी हवाओं के चलने या कोल्ड-वेव के दौरान शरीर का एक हिस्सा अगर उघड़ा रह जाए और शरीर में पानी की कमी हो जाए तो क्रमशः हीट-स्ट्रेस और कोल्ड स्ट्रेस होता है।

कोल्ड-स्ट्रेस के बाद अगर 'हाइपोथर्मिया' हो जाए और समय से शरीर को उष्मा के संपर्क में न लाया जाए तो मृत्यु निश्चित है। वैज्ञानिक अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि शरीर का भीतरी तापमान 85.1 डिग्री फारेनहाइट तक अगर गिर जाता है तो यह जानलेवा संकट की स्थिति है और ऐसे में प्रति मिनट एक-दो बार ही दिल धड़कता है। नब्ज़ और सांस तो करीब-करीब बंद ही मालूम पड़ते हैं। अगर तापमान गिर कर 68 डिग्री फारनहाइट हो जाए तो मृत्यु निश्चित है। उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप लंबी अवधि तक बना रहे तो प्रत्येक जीवधारी के शरीर में स्वैच्छिक रूप से चलने वाली मेटाबोलिक प्रक्रियाएं कुछ उत्पात कर सकती हैं। मधुमेह और हृदय रोग से पीड़ितों के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय होता है। बच्चों और वृद्ध लोगों के लिए यह बड़ी मुश्किलें पैदा करता है। सोने-जागने के समय और अवधि में अनिश्चितता होने लगती है, भूख बिगड़ जाती है और तरल भोजन का सेवन न करने और आहार की किस्म का ध्यान न रखने, पर्याप्त मात्रा में गुनगुना पानी न पीने के कारण भी शरीर का रेस्पोंस और जैव-रासायनिक संतुलन अत्यधिक ठंडे मौसम मैं चौपट हो जाता है।

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते। अधिक ठंड और गर्मी में चिक को नीचे सरका कर लू और शीत से बचाव कर लिया जाता और अंदर के कमरों का तामामान 4-5 डिग्री सेल्सियस तक कम रखा जा सकता था। यूरोप, रूस, कनाडा, उत्तरी अमेरिका और जापान में पारंपरिक घरों को गर्म रखने के लिए एक केंद्रीय व्यवस्था बनाई जाती थी। इसमें एक दहन कक्ष में आग जलाकर इसकी ऊष्मा को पक्के सुरंगों और पाइप्स के जरिए पूरी इमारत में पहुंचाया जा सकता था। इसे सेंट्रल हीटिंग सिस्टम कहते हैं।

उत्तरी अक्षांशों में बसे शहरों में रईस लोगों और सरकारी इमारतों में आज भी यह सिस्टम चालू है। भारत में उत्तर के सर्दी झेलने वाले इलाकों में आजकल बनाए जाने वाले घरों के डिजाईन 'बिगाड़' दिए गए हैं। आर्किटेक्ट लोग आर्टिफीसियल-हीटिंग और कूलिंग को तरजीह दी जाए, ऐसा डिजाईन निकालते हैं। इससे घरों में एयर-कंडिशनर लगाने पड़ते हैं और जीवनयापन मंहगा हो जाता है। अत्यधिक शीत को सहने की क्षमता को पहचानने के लिए पृथ्वी पर अनेक चुनिंदा जगहों पर रहने वाले जीव-जंतुओं और मनुष्यों के शरीर पर अध्ययन किए गए हैं ताकि अनुकूलन कैसे होता है इसका पूरा मैकेनिज्म मालूम किया जाए और किसी वजह से इसके दुष्प्रभाव की चपेट में मनुष्य या पालतू जीव आए तो उसका सही से इलाज किया जा सके। ऊंचे और हिमपात वाले पर्वतों पर ऑक्सीजन की कमी भी गैर-रहवासियों को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है अगर अनुकूलन के नियमों का पालन न किया जाए। मैदानी स्थानों पर जहां हिमपात होता है या अत्यधिक शीत होती है, तब पालतू पशु और मनुष्य के विपत्ति में पड़ने पर इलाज करने के प्रोटोकॉल न केवल तय किए गए हैं, बल्कि अत्याधुनिक रिसर्च से इसमें बराबर सुधार भी आता रहा है। उत्तरी ध्रुव क्षेत्र और हिमपात होने वाले पर्वतों और मैदानी इलाकों में जो जीव-जंतु रहते हैं वे हिमपात से पहले या तो नीचे आ जाते हैं या वे दीर्घ निद्रा लेते हैं। दीर्घ निद्रा के दौरान इनके शरीर की चयापचयी प्रक्रियाएं सुस्त पड़ जाती हैं और अंदर के मल द्रव्य 'री-सायकल' होने शुरू हो जाते हैं। इसकी बायो-केमिस्ट्री बड़ी अद्भुत है और नाइट्रोजन वेस्ट पदार्थ सुसुप्तावस्था में भी बाहर न निकले तो भी किसी प्रकार की टॉक्सिसिटी पैदा नहीं करते। यह लाखों साल में क्रमिक विकास के दौरान अनुकूलन से ही संभव हुआ है।

एक और महत्वपूर्ण बात यह कि कोहरे और आकाश में जरूरत से अधिक नमी व्याप्त हो जाने से कई दिन तक मनुष्य को अगर सूरज दिखाई न दे शरीर के भीतर मौजूद 'जैव-घड़ी' अर्थात् बायो-लॉजिकल क्लॉक, की सुइयां स्लो हो जाती हैं या कूदने-फांदने लगती हैं, कंफ्यूज हो सकती हैं और व्यक्ति का ध्यान डिगा सकती हैं। इसे 'डिस-ओरिएंटेशन' कह सकते हैं। अगर किसी व्यक्ति को मेटाबोलिक डिसऑर्डर है और दवा पर निर्भर है तब उसकी दवा की रोजाना की डोज और दिनचर्या को हल्का सा बदलने की जरूरत भी हमारा डॉक्टर बताएगा।

स्वस्थ मनुष्य को शारीरिक गतिविधि और हल्का व्यायाम, तरल, गर्म और ताजा आहार लेने। मांस-मदिरा से बचने, धूम्रपान कम कर देने या बिल्कुल ही त्याग देने और आहार में नमक और मीठा कम करने की भी स्लाह तो देगा ही, डॉक्टर यह भी कहेगा कि दवा निश्चित समय नियमित तौर पर लें। इसलिए सूरज के उदय होने के बाद अस्त होने तक विभिन्न उष्मीय तीव्रता से दृष्टिगोचर होना और इसे महसूस करना, ऋतु में अत्यधिक शीत होने के दिनों में जरूरी माना गया है। सबसे जरूरी है कोल्ड-एक्सपोज़र से बचना और शरीर की अंदरूनी ऊष्मा को बचा कर रखना। कुल मिलाकर यह मामला 'डाईयुर्नल रिदम्स' और सोलर-रेडिएशन से जुड़ा हुआ है जिसके केंद्र में है सूर्य और इससे मिलने वाली ऊष्मा की मात्रा और प्रकाश की तीव्रता और अवधि। इस दौरान ऋतु अनुसार वायु के प्रवाह की गति और वर्षा जरूरी हैं।

## प्रसंगवश

# महात्मा गांधी के आखिरी घंटे

वो 30 जनवरी का दिन था। महात्मा गांधी सुबह 3:30 बजे उठे और कुछ कांग्रेस के कागजी मसौदों को तैयार करके वापस सोने चले गए। इस दौरान उन्होंने नींबू और शहद का गरम पेय और मौसमी का जूस पिया। दोबारा वे 8:00 बजे उठे अखबारों पर नजर दौड़ाई फिर बृज कृष्ण ने उनकी तेल से मालिश की, नहाने के बाद उन्होंने बकरी का दूध, उबली हुई सब्जियां टमाटर मूली, गाजर का सलाद और संतरे का रस लिया। इस दौरान उनके पुराने साथी जो डरबन में उनके साथ थे रुस्तम सोराब जी अपने परिवार के साथ उनसे मिलने आए। इसके बाद बापू दिल्ली के कुछ मुस्लिम नेताओं से भी मिले। सुधीर घोष और उनके सचिव प्यारे लाल ने नेहरू और पटेल के बीच मतभेदों पर लंदन टाइम्स में छपी एक टिप्पणी पर उनकी राय मांगी तो बापू ने कहा यह मामला वह पटेल के सामने उठाएंगे, जो 4:00 बजे शाम को उनसे मिलने आ रहे हैं और नेहरू से भी बात करेंगे, जो 7:00 बजे शाम में आएंगे।



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

उधर बिरला हाउस के लिए निकलने से पहले नाथूराम गोडसे ने नारायण दत्तात्रेय आप्टे से कहा कि उसका मूंगफली खाने का मन कर रहा है। आप्टे उनके लिए मूंगफली लेने गए। थोड़ी देर बाद आकर बोले मूंगफली मिल नहीं रही है, लेकिन गोडसे ने फिर से उनसे मूंगफली लाने के लिए कहा, आप्टे फिर से निकले और इस बार वह मूंगफली लेकर आए। दोनों ने मूंगफलियां खाई आप्टे ने कहा कि काम पर निकलने का समय हो रहा है। 4:15 बजे उन्होंने कनॉट प्लेस से एक तांगा किया और बिरला हाउस से कुछ पहले ही वह उतर गए। (इस बात को लॉपियर एंड कॉलिन्स ने अपनी किताब फ्रीडम एट मिडनाइट में लिखा है।)

4:00 बजे शाम को सरदार पटेल अपनी पुत्री मनी बेन के साथ बापू से मिलने आए और शाम 5:00 बजे प्रार्थना के समय तक उनसे बातचीत करते रहे। सरदार पटेल के साथ बात करते हुए बापू लगातार चरखा चला रहे थे और उन्हें समय का आभास न हुआ, पर आभा को मालूम था कि गांधी जी को प्रार्थना में देरी से पहुंचना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। वह परेशान हो रही थी, लेकिन सरदार पटेल के सामने उनकी हिम्मत नहीं हो रही थी कि वह गांधी को टोक सकें कि उन्हें देर हो रही है। इसलिए उन्होंने बापू की जेब घड़ी उठाई और उसे धीरे से हिलाकर बापू को दिखाया। मणिबेन ने देखा और उनकी बातचीत में हस्तक्षेप किया। 5:10 हो चुके थे। आभा और मनु ने बापू को चप्पल पहनाकर उनका हाथ अपने कंधे पर रखकर उठाया। रास्ते में उन्होंने आभा से मजाक किया तुमने आज मुझे मवेशियों का खाना दिया था। उनका इशारा गाजरों की तरफ था आभा ने कहा हां बा भी इसको घोड़े का खाना कहती थीं, इस पर बापू हंसते हुए बोले अब मेरी दरियादिली देखों मैं इसका आनंद उठा रहा हूं जिसकी कोई परवाह तक नहीं करता है।

आभा ने बात को आगे बढ़ते हुए कहा आज आपकी घड़ी सोच रही होगी कि उसे नजर अंदाज किया जा रहा है तो बापू हंसते हुए बोले मैं घड़ी की तरफ क्यों देखूं यह नर्स का काम होता है। तुम्हारी वजह से मुझे 10 मिनट की देरी हो गई नर्स को अपना काम बिल्कुल समय पर करना चाहिए। ईश्वर के सामने भी प्रार्थना सभा में एक भी मिनट की देर से मुझे चिढ़ होती है। यही बात करते-करते हुए प्रार्थना स्थल तक पहुंच चुके थे।

आभा और मनु ने उन्हें बैठाते हुए अपने कंधों से उनका हाथ हटाया और बापू ने अपने दोनों हाथ लोगों के अभिवादन के लिए जोड़ लिए। तुरंत ही बाएं तरफ से नाथूराम जाकर उनके पैरों में झुका तो मनु को लगा कि वह उनका पैर छूना चाहता है। आभा ने जोर से बोला बापू को पहले ही देर हो चुकी है, उनके रास्ते में व्यवधान न उत्पन्न करिए, लेकिन गोडसे ने मनु को धक्का दिया तो उनके हाथ से माला और पुस्तक नीचे गिर गई। मनु उसे उठाने के लिए झुकी तो गोडसे ने पिस्तौल निकालकर सीधे तीन गोलियां बापू के सीने और पेट में दाग दीं। बापू के मुंह से "हे राम ममम" निकला और वह नीचे की ओर गिरे, आभा ने गिरते हुए बापू को संभाल लिया।

नाथूराम फायर करने के बाद पिस्टल को अपने हाथ से ऊपर उठकर पुलिस-पुलिस चिल्लाने लग गया, लेकिन वहां तो जैसे सारी चीज रुक गई थी और कम से कम एक मिनट तक कोई इंसान उसके पास तक नहीं आया। बाद में माली रघु काका ने उसके सर पर खुरपी के बट से प्रहार किया और उसे पकड़ लिया।

# बदलते दौर में भारत और ताइवान के रिश्ते



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है।

ताइवान पूर्व एशिया में स्थित एक खूबसूरत द्वीप जो रिपब्लिक ऑफ चाइना भी कहलाता है। चीन ताइवान को 'वन चाइना पॉलिसी' का हिस्सा मानता है। जबकि यह अपने को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखता है और दुनिया भी इसे इसी नजरिए से देखती है। क्षेत्रफल के आधार पर ताइवान एशिया में शायद सबसे छोटा देश और दुनियाभर में 129 वां है। तुलनात्मक रूप से क्षेत्रफल में यह केरल से भी छोटा और जनसंख्या में हरियाणा से भी कम है, लेकिन विशेष भौगोलिक स्थिति के कारण न तो चीन इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर रखना चाहता है और न ही अमेरिका इसे प्रभाव मुक्त करना चाहता है।

दरअसल चीन के बढ़ते प्रभुत्व को देखते हुए अमेरिका भी उससे खौफ खाया हुआ है। दक्षिण पूर्वी चीन के तट से लगभग सौ मील की दूरी पर ताइवान स्थित है। अमेरिका की चिंता है कि अगर ताइवान पर चीन का कब्जा हो जाता है तो हवाई द्वीप पर स्थित अमेरिकी सेना के ठिकाने चीन के निशाने पर आ सकते हैं। साथ ही प्रशांत महासागर में चीन को खुला रास्ता मिल सकता है, जो अमेरिका के हितों को प्रभावित करेगा। इसलिए अमेरिका ताइवान का शुभचिंतक बना है। उसे निरंतर सैन्य सहायता और कूटनीतिक मदद भी करता आया है।

हाल ही में 13 जनवरी को ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव हुआ जिसमें डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी यानी सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार लाइ चिंग-ते जो वर्तमान में उपराष्ट्रपति पद पर हैं, ने जीत हासिल की। यह दल तीसरी बार सत्ता संभालने जा रहा है। लाइ चिंग-ते ने त्रिकोणीय संघर्ष में 40 प्रतिशत वोट हासिल किए। ताइवान चुनाव इस साल की सबसे चर्चित भू राजनीतिक घटनाओं में से पहली है। अमेरिका और चीन के आपसी रिश्तों के लिए भी यह अहम माना जा रहा है। अगर दोनों के रिश्तों में फर्क पड़ता है तो भारत पर भी असर पड़ना तय है। ज्ञात रहे कि इस साल भारत, अमेरिका समेत दुनिया के लगभग 50 देशों में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होने हैं। भारत ताइवान से व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध रखता है, लेकिन वन चाइना पॉलिसी को भी मानता है। यह पॉलिसी 1949 में आई और भारत ने इसे तुरंत मान्यता दे दी, परंतु अमेरिका ने इसे तीन दशक बाद यानी 1979 में मान्यता दी। यही कारण है कि चीन और अमेरिका कई बार आमने-सामने दिखते हैं।

ताइवान ने अमेरिका से पर्याप्त मात्रा में हथियार भी खरीदे। अमेरिकी सांसद नैंसी पेलोसी के 2022 में ताइवान दौरे के बाद चीन और अमेरिका के संबंधों में और ज्यादा कड़वाहट आई। उस दौरान चीन ने ताइवान सीमा पर युद्ध अभ्यास शुरू कर घेराबंदी भी कर दी थी। अमेरिका को ललकारते हुए चीन का यह बयान भी आया था कि जो लोग आग से खेल रहे हैं, वे जल जाएंगे। ताइवान दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में स्थित देशों से घनिष्ठता बढ़ा रहा है। हालांकि भारत में हमेशा से इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय मामलों में सावधानी बरतते हुए ही कदम आगे बढ़ाए हैं। वन चाइना पॉलिसी मानने के बावजूद भारत ने वर्ष 2008 से इसका जिक्र करना बंद कर दिया है। यह कदम चीन की उस धृष्टता के बाद उठाया गया था जब उसने अरुणाचल प्रदेश के दो शहरों को मंदारिन नाम देते हुए जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश के लोगों को स्टेपल वीजा जारी कर दिया था। इस दौरान ताइवान और भारत एक-दूसरे के करीब आते रहे। भारत और ताइवान शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीक, व्यापार के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ खड़े हैं।

टेक्नोलॉजी की बात करें तो ताइवान कंप्यूटर उद्योग का घर है। आईटी उत्पादों का निर्माण, डिजाइन और निर्यात करने वाली एसर जैसी विश्वसनीय कंपनी यहीं की है। कंपनी के उत्पादों में पर्सनल कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, टैबलेट, पीसी, स्मार्टफोन, स्मार्ट डिवाइस, एलसीडी मॉनिटर, सर्वर आदि शामिल हैं। आज भी करीब तीन हजार भारतीय छात्र ताइवान में पढ़ाई कर रहे हैं। व्यापारिक भागीदारी लगातार बाढ़ रही है। भारतीय फिल्म समारोहों में ताइवान की फिल्मों का प्रदर्शन हो रहा है। यह बात अलग है कि वन चाइना पॉलिसी को मानते हुए भारत ताइवान के खुलकर समर्थन में नहीं आ पाता है।

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है। ताइवान भी इस क्षेत्र की शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए हमेशा से वचनबद्ध रहा है। समान दृष्टिकोण होने के कारण भारत के साथ इसके वैचारिक रिश्ते प्रबल हैं। बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला यह देश लोकतंत्र का भी सच्चा समर्थक नजर आता है।

## सोशल फोरम

# जिज्ञासा महा ठगनी हम जानी

जिज्ञासा की मोहिनी कभी इस तरह ठग लेती है कि आदमी खुद को भस्म करने की हद तक नाचता है। मेरे एक बॉस साबुन बनाने वाली कंपनी के लिए मार्केटिंग रिसर्च कर रहे थे। वे जानना चाहते थे कि कोई अपना साबुन किस तरह चुनता है? एक दिन जिज्ञासा की झोंक में उन्होंने अपनी काम वाली बाई को करीब बुलाया और उससे पूछ बैठे-तुम कौन सा साबुन इस्तेमाल करती हो? बॉस का प्रश्न नितांत अकादमिक था, पर बाई ने उसे निजी दिलचस्पी का मामला माना और रोते हुए मेम साब से शिकायत कर दी। भाभी जी ने बॉस की खूब लू उतारी।



संजय वर्मा
इंदौर


यह किस्सा यूं याद आया कि पिछले दिनों मुझे भी जिज्ञासा की नागिन ने डस लिया। मैं 'द बर्थ ऑर्डर बुक' नाम की एक किताब पढ़ रहा था। इसके लेखक केविन लैमन का मानना है कि आप जैसे भी हैं, आपको वैसा बनाने के लिए आपका बर्थ ऑर्डर जिम्मेदार है। मतलब आप अपने माता-पिता की कौन से क्रम की संतान हैं, इससे तय होगा कि आपका व्यक्तित्व, दिलचस्पियां और जीवनशैली कैसी होगी। मुझ पर किताब का नशा ऐसा चढ़ा कि लगा मुझे जीवन के सारे प्रश्नों का हल मिल गया है। मैं मानने लगा कि पुतिन ने यूक्रेन पर हमला क्यों किया इसके पीछे भी उसका बर्थ आर्डर है। मुझे लगा कि मैं किसी को भी देखकर उसका बर्थ ऑर्डर बता सकता हूं। इसी बीच एक पार्टी में जाना हुआ। मैंने पार्टी में आए हर शख्स को इसी निगाह से देखना शुरू किया। एक भाभी जी बहुत इठला रही थीं। मैंने उनके पास जाकर पूछ क्या आप अपने भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं? भाभी जी हड़बड़ा गईं। उन्हें पता नहीं था कि मैं ऐसी कोई किताब पढ़ रहा हूं। न ही यह पता था कि मैं अभी तक किताब आधी ही पढ़ी है और यह अधजल गगरी छलक रही है। उन्होंने यथासंभव रुखा होते हुए कहा-नहीं मैं अपने भाई बहनों में सबसे बड़ी हूं, पर इससे आपको क्या मतलब? मैंने अपना तीसरा पैग जल्दी-जल्दी खत्म किया और निकल लिया। यारों ऐसा भी होता है। आप सिर्फ काम, क्रोध लोभ, मोह और अहंकार की वजह से ही नहीं, जिज्ञासा की वजह से भी पिट सकते हैं। बहरहाल किताब बड़ी दिलचस्प है। मुझे खास तौर पर इसलिए पसंद आई, क्योंकि मैं मंझलों की विलुप्त प्राय प्रजाति का सदस्य हूं और इसमें मंझलों के दुख की बात है।

**- फेसबुक वॉल से**

# धड़कते दिल की तमन्ना हो, मेरा प्यार हो तुम



पिछली सदी के चौथे एवं पांचवे दशक की स्टार अभिनेत्री और दिलकश गायिका सुरैया के बारे में यह बहस होती रही है कि उनके अभिनेत्री और गायिका रूपों में बेहतर रूप कौन सा था। अभिनेत्री के रूप में उन्हें हिंदी सिनेमा की पहली 'ग्लैमर गर्ल' माना जाता है जिन्होंने अपने चुंबकीय व्यक्तित्व, शालीन सौंदर्य और दिलफरेब अदाओं से करोड़ों के दिल जीते थे। अपनी सीमित अभिनय प्रतिभा के बावजूद उस दौर की कई बेहतरीन अभिनेत्रियों-नूरजहां, नरगिस, कामिनी कौशल, निम्मी और मधुबाला के बीच भी उनकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ी। अपने दो दशक लंबे कैरियर में सुरैया की कुछ चर्चित फिल्मे थीं - उमर खैयाम, विद्या, परवाना, अफसर, प्यार की जीत, शमा, बड़ी बहन, दिल्लगी, वारिस, माशूका, जीत, खूबसूरत, दीवाना, डाक बंगला, अनमोल घड़ी, मिर्ज़ा ग़ालिब और रुस्तम सोहराब। इन फिल्मों में अभिनेत्री के तौर पर सुरैया में नया और अलग कुछ भी नहीं था। सीधे-सादे अभिनय के बावजूद पर्दे पर उनकी शालीन उपस्थिति, ग्लैमर, मीडिया द्वारा बनाए गए उनके रहस्यमय आभा मंडल और अभिनेता देव आनंद के साथ चर्चित, लेकिन असफल प्रेम-संबंधों की वजह से ही लोग उनकी फिल्मों तक खींचे चले आते थे।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

ज्यादातर लोगों का मानना यह है कि सुरैया अभिनेत्री से बेहतर एक गायिका थी जिनकी खनकती, महीन, सुरीली आवाज के लाखों मुरीद आज भी हैं। हालांकि उन्होंने संगीत की कभी विधिवत शिक्षा नहीं ली, लेकिन उनका रूझान बचपन से ही संगीत की ओर था। वे पार्श्वगायिका ही बनना चाहती थीं। उनके गायन की शुरुआत आकाशवाणी से हुई थी। संगीतकार नौशाद ने आकाशवाणी के एक कार्यक्रम में जब सुरैया को गाते सुना तो उनकी आवाज और अंदाज से प्रभावित हुए। उन्होंने पहली बार सुरैया को फिल्म 'शारदा' में गाने का मौका दिया। उसके बाद जो हुआ वह इतिहास है। उनके कुछ बेहद लोकप्रिय गीत हैं - तू मेरा चांद मैं तेरी चांदनी, जब तुम ही नहीं अपने दुनिया ही बेगानी है, तुम मुझको भूल जाओ, ओ दूर जाने वाले वादा न भूल जाना, धड़कते दिल की तमन्ना हो मेरा प्यार हो तुम, नैन दीवाने एक नहीं माने, सोचा था क्या क्या हो गया, वो पास रहे या दूर रहे नजरों में समाए रहते हैं, मुरली वाले मुरली बजा, तेरे नैनो ने चोरी किया मेरा छोटा सा जिया, नुक्ताचीं है गमे दिल उसको सुनाए न बने, दिले नादां तुझे हुआ क्या है, ये न थी हमारी किस्मत कि विसाले यार होता, ये कैसी अज़ब दास्तां हो गई है, ऐ दिलरुबा नज़रे मिला। 'मिर्ज़ा ग़ालिब' में गुलाम मोहम्मद के संगीत में गालिब की कुछ गजलों को जिस बारीकी और खूबसूरती से उन्होंने गाया है, उन्हें सुनना आज भी एक विलक्षण अनुभव है। उनकी आवाज की खनक, गहराई और भंगिमाएं सुनने वालों को एक दूसरी ही दुनिया में ले जाती थी। लता के उत्कर्ष के पूर्व सुरैया ने ही हिंदी सिनेमा में गीत को गरिमा और ऊंचाई दी थी। राष्ट्रपति का स्वर्ण कमल पुरस्कार प्राप्त फिल्म 'मिर्जा गालिब' में सुरैया की गायिकी से प्रभावित होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उनसे कहा था- 'तुमने मिर्जा गालिब की रूह को जिंदा कर दिया।' आज उनके अभिनय का अंदाज पुराना पड़ गया है, लेकिन उनकी दिलकश गायिकी का असर संगीत प्रेमियों पर कई सदियों तक हावी रहेगा।

# केलिगीतों की परंपरा

भागवत-कार ने रास-प्रसंग में केलिगीतों का उल्लेख किया है-निशम्य गीतं तदनंग वर्द्धनम्। केलिगीतों की परंपरा उससे भी प्राचीन रही होगी। गाहा सतसई में राधा का उल्लेख है। तमिल साहित्य के अध्येताओं ने मुल्लइ वन-प्रांतर में गाय चराने वाले ऐयर जन में प्रचलित लोकगीतों की बात कही है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ब्रज साहित्य के समीक्षकों ने गोप-आभीर-गुर्जर के लोकगीतों का संदर्भ दिया है। कोई गीत-परंपरा गीत गोविंद के पीछे है और कोई गीत-परंपरा विद्यापति के गीतों से जुड़ी हुई अवश्य है। विद्यापति के जमाने में राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लोक प्रचलित थे और हरगौरी के गीत भी लोक जीवन में गाए जाते थे। विद्यापति ने राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लिखे और हरगौरी के गीत भी लिखे विद्यापति के गीत-महेशवानी, सोहर, बटगमनी, तिरहुत, समदाउन, नचारी आदि पुनः लोकमानस में रच बस गए। उनके गीत मंदिरों में कीर्तन के रूप में भी गाए जाने लगे। सूरदास के पदों के संबंध में यही बात आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने कही है। ऐसे अनेक लोकगीत आज भी ब्रज में प्रचलित हैं जिनमें सूर के पद तथा लोकगीत का भेद कहीं खो गया है।

केलिगीतों की वही प्राचीन परंपरा भागवतकार के मन में गूंज रही थी जिसका स्वर वेणुगीत, युगलगीत, गोपीगीत, भ्रमरगीत और महिषीगीत का राग बन गया है।

वह लोकमन ही था, जो भागवतकार के मन में संक्रांत हुआ, ठीक वैसे ही जैसे भागवतकार का मन जयदेव, विद्यापति, महाप्रभु चैतन्य और आचार्य वल्लभ के मन में संक्रांत हुआ तथा आचार्य मानस, कवि मानस और भक्त मानस से वह पुनः लोक मानस में संक्रांत हुआ। लोकमन से प्रेरणा पाकर भारत के चित्रकारों ने रस और रास के चित्र बनाए तथा संगीतकारों ने रास के संगीत और नृत्य का विकास किया। यह लोक मानस और शास्त्र मानस की निरंतर प्रक्रिया है।

# लाल सिग्नल तोड़कर गुजरी ट्रेन, हड़कंप

## शिवगंगा एक्सप्रेस ट्रेन ने किया ओवरशूट, आधे घंटे रेल मार्ग ठप

संवाददाता, भरथना-इटावा

- ढाई घंटे बाद गंतव्य के लिए रवाना हुई ट्रेन
- भरथना स्टेशन पर यात्री होते रहे परेशान



भरथना स्टेशन पर यात्री होते रहे परेशान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक स्थित भरथना व टूंडला रेल प्रशासन में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब बनारस से चल कर दिल्ली जा रही सुपरफास्ट शिवगंगा एक्सप्रेस ट्रेन भरथना पहुंचने से पहले सुबह सवा 7 बजे आउटर पर लगे लाल सिग्नल को तोड़ते हुए (ओवरशूट) आगे निकल गई। हालांकि केबिन मैन व गार्ड की वॉकीटॉकी पर मिली सूचना पर चालक लोको पायलट ने सिग्नल तोड़कर ट्रेन को आउटर पर ही रोक लिया। इसके चलते सुपरफास्ट शिवगंगा ट्रेन करीब आधे घंटे तक दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक की मेन अपलाइन पर खड़ी रही। रेल प्रशासन को दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक की अप लाइन पर करीब आधे घंटे तक रेल यातायात ठप हो गया।

इटावा व भरथना रेलवे प्रशासन के निर्देश पर शिवगंगा को 7.45 बजे धीमी गति से भरथना रेलवे स्टेशन तक ले जाया गया। स्टेशन की अप लूप लाइन के प्लेटफार्म नम्बर 4 पर ट्रेन पर खड़ा कर अधिकारियों ने ट्रेन के चालक लोको पायलट का डॉक्टरी परीक्षण कराते हुए अन्य जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस दौरान चाय-पानी नाश्ता और बगैर कैंटीन वाली स्टेशन पर सुबह,सुबह ट्रेन को खड़ा करने पर रेल यात्रियों को जल पान नास्ता आदि उपलब्ध करने में ट्रेन यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे के जिम्मेदार सूत्रों के मुताबिक ट्रेन का ओवरशूट होना बड़ी घटना है। लाल सिग्नल तोड़कर ट्रेन की आगे गंतव्य को निकलना बड़ी लापरवाही है। यदि आगे कोई अन्य ट्रेन रेलवे ट्रैक पर खड़ी होती तो एक बड़े ट्रेन हादसे को रोक पाना मुश्किल होता।

हालांकि तमाम जांच पड़ताल के बाद रेल प्रशासन ने अन्य चालक लोको पायलट बुलाकर ट्रेन को करीब ढाई घंटे बाद 9.24 बजे गंतव्य के लिए सुरक्षित रवाना कर दिया। तब तक रेल यात्री भरथना स्टेशन पर परेशान होते रहे।


क्रॉसिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

# ट्रेन के ब्रेक शू चिपकने से उठा धुआं

संवाददाता, अछल्दा-औरैया

- ट्रेन को रोककर ब्रेक सही होने के बाद किया रवाना


घसारा स्टेशन पर खड़ी ट्रेन।

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर सुबह ब्रम्हपुत्र मेल के ब्रेक पहिया में चिपक जाने से उसमें से धुंआ उठने लगा। जिससे ट्रेन को स्टेशन पर रोक कर सही किया गया। उसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग के डाउन लाइन पर दिल्ली से कानपुर की तरफ जा रही 15657 ब्रम्हपुत्र मेल में दोपहर करीब 12 बजे के एसी कोच के पहियों से चिंगारी के साथ तेज धुंआ उठने लगा। जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। जानकारी होने पर ट्रेन को घसारा स्टेशन पर रोक दिया गया। ट्रेन में मौजूद रेलवे स्टाफ सहित आरपीएफ ने फायर गैस से धुंआ उठना बंद कराया। इसके करीब आधा घंटा बाद ट्रेन को रवाना किया गया। जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि पहिये मे ब्रेक चिपकने की वजह से ट्रेन रोकी गई थी।

### एक घंटे क्रॉसिंग बंद होने से लगा लंबा जाम

**अछल्दा औरैया।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेन की लेट लतीफी के चलते गेट नंबर 13 एक घंटा न खुलने से फफूंद बिधूना मार्ग पर जाम लग गया। जाम इतना लंबा लगा कि बाइक सवारों को जूझना पड़ा। फफूंद बिधूना मार्ग पर बुधवार दोपहर 12:20 बजे गेट 13बी बंद हो गया। जिससे अति व्यस्ततम रेल मार्ग होने की वजह से 13बी गेट नहीं खुल सका। फफूंद बिधूना मार्ग पर लंबा जाम लग गया। करीब 1:25 बजे क्रॉसिंग खुली।

# जूता फटा, दुकानदार को भेजा वकील ने नोटिस

संवाददाता फतेहपुर

- कहा, साले के लड़के की शादी में नहीं जा सका
- जूते की रकम न देने पर केस की चेतावनी


फटा जूता दिखाते अधिवक्ता।

**अमृत विचार।** दुकान से खरीदा जूता खराब होने के एक अधिवक्ता अपने साले की शादी में शामिल से वंचित रह गया। तनाव में आकर बीमार भी पड़ गए। इलाज के बाद वकील के जरिए फुटवियर संचालक को नोटिस थमाई है। अधिवक्ता ने दुकानदार से जूते की रकम के साथ बीमारी में खर्च हुए रुपये भी मांगे हैं। न देने पर कोर्ट केस की चेतावनी दी है।

शहर के कमला नगर कलक्टरगंज निवासी ज्ञानेंद्र भान त्रिपाठी पेशे से अधिवक्ता है। उन्होंने बताया कि सिविल लाइन स्थित एक ब्रांडेड जूते की दुकान से 12 सौ रुपये का जूता खरीदा था। दुकानदार द्वारा छह माह की गारंटी दी गई थी, लेकिन एक माह बाद ही जूते की सिलाई खुलने लगी। जूते का शोल टूटने लगा, जिससे वह तनाव में आकर बीमार हो गए। उन्हें इलाज के लिए हृदय रोग संस्थान जाना पड़ा। ज्ञानेन्द्र भान के मुताबिक उनका मानसिक तनाव इसलिए बढ़ा कि जूता खराब होने से वह अपने साले की शादी की शामिल नहीं हो सके। नकली जूता देने से उन्हें मानसिक और आर्थिक क्षति हुई है। बताया कि उन्होंने अधिवक्ता अभिषेक शर्मा से जरिए दुकानदार को नोटिस भेजते हुए जूते की रकम, बीमारी में खर्च हुए राशि और अन्य खर्च का भुगतान की मांग की है। तय तिथि तक रकम नहीं दिए जाने की दशा पर दुकानदार के खिलाफ केस कराएंगे।

# दो एमओआईसी पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सीडीओ ने स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रगति पर जताया अंसतोष

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक विकास भवन के प्रेरणा सभागार में हुई। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि शासन से संचालित योजनाएं, आयुष्मान कार्ड ,जननी सुरक्षा , टीकाकरण , संचारी रोग एवं दस्तक अभियान जैसी अन्य योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं ।

उन्होंने ताखा एवं चकरनगर की प्रगति रिपोर्ट पर असंतोष व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया की दोनों एमओआईसी के खिलाफ कार्रवाई अवश्य की जाए । उन्होंने कहा कि समस्त एमओआईसी प्रतिदिन अपने-अपने कार्य क्षेत्र में विजिट कर समस्याओं का समाधान करेंगे। शिकायत पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्साधिकारी प्रतिदिन अपने स्तर से समीक्षा भी करते रहे। उन्होंने सभी एम ओआईसी को बैठक में रिपोर्ट के साथ न आने पर नाराजगी व्यक्त की । उन्होंने सेम बच्चों को 100 प्रतिशत दवाई पिलाई जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जो भी आशा एएनएम घर घर जाकर टीकाकरण कर रही हैं , इसकी रिपोर्टिंग भी की जाए , एमओआईसी बढ़पुरा द्वारा रिपोर्टिंग नहीं की जा रही है, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कोई भी समस्या आने पर आप स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सीएससी ,पीएससी पर निरीक्षण के दौरान जो भी एएनएम अनुपस्थित पाई जाती है उनका एक दिन का वेतन अवश्य काटा जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी गीताराम ,सीएमएस, एमएस , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, दो की मौत

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के गांव रावतपुर सरायं निवासी राहुल कुमार उर्फ छोटू रैदास (22) पुत्र रामकिशुन अपने मौसेरे भाई के साले मलवां थाना क्षेत्र के गांव बादलपुर निवासी विनय कुमार (23) पुत्र छोटेलाल के साथ बाइक से देर रात अजमतपुर गांव किसी काम से जा रहा था।

शिवरी गांव के समीप आकूपुर मोड़ के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। दोनों युवक बाइक समेत करीब 20 मीटर तक घसीटते चले गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने पुलिस और युवक के परिजनों को सूचना दी।

# किशोरी की हत्या में एक को आजीवन कैद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- चार लोगों को संदेह का लाभ देते हुए कोर्ट ने किया बरी
- दस साल बाद कोर्ट ने सुनाया फैसला



**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश एससीएसटी कुमार प्रशांत ने दस साल पूर्व एक किशोरी की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को हत्या का दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे उम्र कैद की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर पांच हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा। इसके अलावा कोर्ट ने इस मामले के चार आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि भरथना थाना क्षेत्र के गांव बूढा निवासी सत्य सिंह ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि वह 31 जुलाई को अपने परिवार के साथ घर पर थे तभी पडोस के गांव जुग पुरा के रहने वाले सरमन सिंह पुत्र छोटे लाल, रमेश चंद्र पुत्र इतवारी लाल, जगदीश पुत्र इतवारी लाल , देवेंद्र पुत्र सरमन व राम जीवन पुत्र बदन सिंह उसके दरवाजे पर आए और उसकी 17 साल की पुत्री अलका उर्फ खुशबू से मजदूरी पर खेतों में काम करने के लिए कहा। इस पर उसकी पत्री ने काम पर जाने से मना कर दिया।

इसी बात से नाराज होकर उक्त लोगों ने गाली गलौज कर उसे व परिवार के लोगों को जाति सूचक गालियां देकर अपमानित किया। जब उसने गाली गलौज करने से मना किया तो इसी बात से नाराज होकर उक्त लोगों ने फायरिंग कर दी। वहीं रमेश ने उसकी पुत्री को गोली मार दी। गोली लगने से खुशबू की मौके पर ही मौत हो गई। फायरिंग में उसीरा गांव के रहने वाले इंद्रेश के भी छर्रे लगे। बाद में उक्त लोग धमकी देते हुए भाग निकले। सत्य सिहं की तहरीर पर पलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। बाद में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छानवीन के बाद पुलिस ने सरमन , रमेश, जगदीश , देवेंद्र व रामजीवन के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एससीएसटी कोर्ट में हुई। विशेष लोक अभियोजक रमा कांत चतुर्वेदी के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने रमेश पुत्र इतवारी लाल को हत्या का दोषी पाया और उसे उम कैद की सजा सुनाई।

# ग्राम प्रधान को लात घूसों से मारापीटा

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

- टंकी निर्माण में मानक के अनुसार कार्य न करने का किया था विरोध

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत रसीदाबाद तिवारियान के ग्राम प्रधान पर हमलावरों ने लात-घूसों से जमकर पीटा। जानमाल की धमकी दी। प्रधान ने गांव में टंकी निर्माण में मानक के अनुसार कार्य न करने का विरोध किया था। पीड़ित प्रधान ने सीओ से शिकायत की है।

थाना कंपिल क्षेत्र के गांव रसीदाबाद तिवारियान के ग्राम प्रधान अजय कुमार ने सीओ को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है उनकी ग्राम पंचायत में पानी की टंकी का निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उसमे पीली ईट लगाई जा रही है जिसमें गुणवत्ता नहीं है वही मानक के अनुसार सामग्री नहीं लगाई जा रही है। इसको लेकर वह 28 जनवरी को मौके पर पहुंचे। ठेकेदार को मानक के अनुसार कार्य करवाने को कहा और वापस चला आया। ग्राम प्रधान का कहना है उसके दो दिन बाद ठेकेदार उसके घर आया और कहा कि कंपनी के कुछ लोग आए है और पानी की टंकी के पास है। इस पर ग्राम प्रधान ठेकेदार के साथ चला गया। जहां देखा एक चौपहिया वाहन में कुछ लोग असलहों के साथ बैठे थे। उन लोगो ने प्रधान से जाति पूछकर गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने लात-घूसों से जमकर मारपीट की। इसी बीच गांव के लोग मौके पर पहुंचे और प्रधान को बचाया। मारपीट करने वाले प्रधान को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तहरीर देने को कहा। इस पर आरोपित ने रास्ता रोका। वह कोतवाली नहीं पहुंच सका। इस पर मौका देख कर ग्राम प्रधान से सीओ से न्याय की गुहार लगाकर दोषियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## शराब पिला जूतों की माला पहनाई

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में युवक को शराब पिला कर उसके मुंह पर गमछा बांध कर दबंग ने जूतों की माला डाल दी। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर निवासी रजनीश कुमारी पत्नी स्वर्गीय वेद राम जाटव ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 जनवरी 2024 को उसका पुत्र भूरा घर पर सो रहा था, तभी गांव का शिवम पुत्र ओंकार ठाकुर घर पर आया और पीड़िता के पुत्र को घर से बुला ले गया। रजनीश के मुताबिक उसके पुत्र को जबरन आरोपी युवक ने शराब पिलाई। वहीं पर कुछ कहा सुनी होने लगी, तभी शराब के नशे में पीड़िता के पुत्र के मुंह पर उसने अंगोछा लपेट दिया और युवक के गले में जूतों की माला डाल दी। जब इस बात की जानकारी युवक की मां को हुई तो रजनीश कुमारी पहले आरोपी के विरुद्ध घर पर शिकायत करने गई। इसके बाद थाने जाकर पुलिस को तहरीर दी।

# रोडवेज बस की टक्कर से मवेशी कारोबारी की मौत, तीन घायल

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

- बस को पुलिस ने कब्जे में लिया, यात्रियों को दूसरी बस में शिफ्ट कर रवाना किया
- टेड़ीकोन के पास की घटना पिकअप गाड़ी से मवेशी लाद कर मोहम्दाबाद जा रहा था


राशिद।


सीएचसी में रोते परिवारीजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कायमगंज-फर्रुखाबाद रोड स्थित टेड़ीकोन के पास रोडवेज बस ने मवेशी लदे पिकअप को टक्कर मार दी। पिकअप में बैठे मवेशी कारोबारी की मौत हो गई। पिकअप चालक व उसके दो साथी घायल हो गए। कारोबारी पिकअप गाड़ी से मवेशी लाद कर मोहम्दाबाद जा रहा था। पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में ले लिया है। यात्रियों को दूसरी बस से रवाना किया गया।

क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी राशिद कुरैशी (45) गांव के ही अपने साथी रईस मिया, अबरार के साथ मवेशी बेचने का कार्य करते थे। तीनों साथी गांव के ही पिकअप चालक राजिक की पिकअप गाड़ी को किराए पर लेकर मवेशियो को लाद कर विक्रय के लिए मोहम्दाबाद नखासे जा रहे थे। जब उनकी पिकअप कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग स्थित टेड़ीकोन के पास पहुंची तभी पिकअप में लदा एक मवेशी बैठ गया। उस मवेशी को खड़ा करने के लिए राशिक ने सड़क के किनारे वाहन रुकवाया और डाले के पास खड़ा हो गया। जबकि उसके दोनो साथी वाहन के अंदर जाकर मवेशी को खड़ा करने लगे। इसी बीच कायमगंज की ओर से तेज रफ्तार रोडवेज बस के चालक ने पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी । जिससे राशिद समेत चारों घायल हो गए। गंभीर हालत में राशिद को सीएचसी लाया गया, जहां डाक्टर ने राशिद को मृत घोषित कर दिया जबकि चालक के अलावा उसके दोनो साथियो का इलाज शुरू किया गया। हादसे की जानकारी पर मृतक के परिजन सीएचसी पहुंचे। जहां राशिद का शव देकर बिलख पड़े। उनके चीत्कार से सभी के ह्रदय दहल गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने रोडवेज बस को अपने कब्जे में ले लिया। रोडवेज में सवार यात्रियों को दूसरी बस में शिफ्ट कर गंतव्य को भेजा। पिकअप गाड़ी को भी मंडी समिति भिजवाया। मृतक की पत्नी रिजवाना का रो-रो बुरा हाल है। परिजनो ने बताया मृतक का बड़ा पुत्र 15 वर्षीय अजीम, 12 वर्षीय अनस, 10 वर्षीय असद, 11 वर्षीय पुत्री आफरीन व 8 वर्ष की फलक है।

### कोहरा बना जानलेवा

**कायमगंज :** बुधवार की सुबह कोहरा बेहद था। हाल यह था कि रोड पर कुछ दूरी पर ही वाहन दिखाई नहीं दे रहे थे। सभी वाहन धीमी गति में अपनी दिशा की ओर चल रहे थे। रोडवेज बस तेज रफ्तार में थी। इसके चलते कोहरे में वह पिकअप को नजदीक पाकर बस से नियंत्रण खो बैठा और पिकअप में टक्कर मार दी।

## गन्ना लदे ट्रैक्टर में टेंपो व बाइक घुसी, दस घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** मेदपुर गांव के पास कोहरे की बजह से गन्ना लदे ट्रैक्टर में टेंपो व बाइक जा घुसी, जिसमें दस लोग घायल हो गए। एक की हालत गंभीर है। कंपिल से एक टेंपो चालक सवारिया भरकर कायमगंज की ओर रवाना हुआ जहां टेंपो मेदपुर गांव के पास खड़े गन्ना लदे ट्रैक्टर में जा घुसा। पीछे से ही बाइक सवार भी टैम्पों में जा घुसे जिसमें टैम्पों व बाइक सवार आधा दर्जन से अधिक सवार घायल हो गए। चीखपुकार मच गई। जोरदार धमाके की आवाज से आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और टैम्पों में फंसी सवारियों को बाहर निकाला। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलो को सीएचसी लाया गया। टैंपों में सवार घायलों में कंपिल क्षेत्र के गांव कुवरपुर खास निवासी पुष्पेंद्र, अबधेश, संचिद्दानंद, रामनरेश, मुनीश, मैकूलाल, दीपू, कंपिल क्षेत्र के गांव अकबराबाद निवासी बाइक सवार श्याम सिंह, उनके पुत्र रजत व शिवम घायल हो गए। गंभीर हालत में टैंपो सवार रामनरेश को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

सफल ऑपरेशन — तीन माह पहले चोट लगने से टूट गया था कूल्हा

# आर्थो विभाग ने कूल्हे का किया प्रत्यारोपण


ओटी में ऑपरेशन करते प्राचार्य सीपी पाल व अन्य। अमृत विचार

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** तीन माह से कूल्हा टूटने से परेशान मरीज का राजकीय मेडिकल कॉलेज में सफल प्रत्यारोपण किया गया। प्राचार्य समेत डॉक्टरों की टीम ने मरीज के कूल्हे को बदल दिया, जिससे अब कुछ महीनों में सामान्य रूप से चल सकेगा।

हरदोई जनपद के कस्बा पाली निवासी 23 वर्षीय सुचित के 22 अक्टूबर 2023 को चोट लगने से उसका कूल्हा टूट गया था। तीन माह से उसके परिजनों ने उसे कई डाक्टरों को दिखाया, पर वह सही नहीं हो पाया। चार दिन पहले हरदोई से उसके परिजन आर्थो सर्जन एवं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल के पास ले आए। प्राचार्य ने मरीज की परेशानियों को देखकर उसे भर्ती कर उसकी सभी जांचों के साथ सीटी स्कैन कर उसे भर्ती कर लिया। प्राचार्य ने बुधवार की सुबह सुचित का करीब ढाई घंटे आपरेशन कर उसका पूर्ण रूप से कूल्हे का प्रत्यारोपण कर दिया। प्राचार्य ने बताया कि निजी अस्पताल मे कूल्हा प्रत्यारोपण के लिए लाखों रुपये खर्च करने पड़ जाते हैं। इस दौरान आर्थो विभाग के डा. रोहित यादव, डा. प्रशांत द्विवेदी, डा. राजीव भी रहे।

## गलत इलाज से बच्ची की हालत बिगड़ी

**फतेहपुर।** शहर के हरिहरगंज मोहल्ला के रहने वाले रवि पांडेय ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर डीएम के नाम एक शिकायती पत्र एसडीएम और सीएमओ को दिया। आरोप लगाया कि 28 जनवरी को बेटी भूमि पांडेय (7) को बुखार आने पर एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। 30 जनवरी की रात में बेटी का अस्पताल के स्टाफ ने गलत इलाज कर दिया। इससे बेटी की हालत गंभीर होने पर जब डॉक्टर और स्टाफ से पूछा गया तो अभद्रता करते हुए जबरन डिस्चार्ज कर बाहर कर दिया गया। बेटी को गंभीर हालत में लेकर कानपुर गया और वहां के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया।

# ग्राम प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर कर एक लाख रुपये की हेराफेरी

संवाददाता, ककोर औरैया

- ग्राम प्रधान ने प्रधानाचार्य पर लगाया आरोप
- मामले की जांच के लिए बैंक मैनेजर से स्टेटस मांगा

**अमृत विचार।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत उसरारी में पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट में प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर करके प्रधानाचार्य ने एमडीएम पैसे का गवन कर लिया। यह मामला तब प्रकाश में आया जब ग्राम प्रधान ने मिड डे मील की हकीकत पता की। प्रधान ने इस मामले की लिखित शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी दाताराम से की है। खंड शिक्षा अधिकारी ने इस मामले की जांच के लिए बैंक मैनेजर से स्टेटस मांगा है ।

स्टेटस मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। उसरारी के प्रधान संत कुमार नायक ने बताया कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने एमडीएम एवं कंपोजिट खाते से फर्जी हस्ताक्षर करके चेक द्वारा लगभग एक लाख रूपये निकाल लिए। प्रधानाचार्य से जानकारी मांगी तो प्रधानाध्यापक ने कुछ नहीं बताया। जानकारी होने के बाद अगस्त माह के पहले 61000 एवं नवंबर महीने से पहले 39000 का गबन किया गया।

प्रधान संतकुमार ने इस मामले की जांच करवाकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। खंड शिक्षा अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में प्रधान ने आरोप लगाया कि बिना जानकारी के पैसा निकालना गलत तरीका है।

इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी दाताराम ने बताया कि एसएमसी और एमडीएम खाता से रुपए निकालने की शिकायत मिली है। बैंक द्वारा जानकारी मिलती ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन समेत 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा

## मकान-गुरुद्वारे पर कब्जे व लूटपाट का आरोप, एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** मनकापुर स्थित गुरुद्वारा पर कब्जा करने व लूटपाट के आरोप में एमपी/एमएलए कोर्ट के आदेश पर बुधवार को गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया, तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक व अपराध निरीक्षक सहित 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दोषसिद्ध होने पर सांसद को तीन वर्ष तक की सजा हो सकती है।

मनकापुर कोतवाली क्षेत्र की गुरबचन कौर ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके ससुर मोहर सिंह ने मोहल्ला 'भगत सिंह नगर में मकान का निर्माण कराया था। मकान के भीतरी हिस्से में गुरुद्वारा भी स्थापित है। आरोप है कि 13 सितंबर, 2023 को मनकापुर निवासी भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह और अपराध निरीक्षक अरुण कुमार राय तथा अन्य लोगों के साथ पहुंचे और धमकी दी कि मकान खाली कर दो। इस भूमि को


गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह।

सांसद राजा भैया ने खरीद लिया है। 14 सितंबर को इसकी सूचना अपर पुलिस अधीक्षक को दी गई तो उन्होंने क्षेत्राधिकारी मनकापुर को जांच का आदेश दिया।

15 सितंबर को निरीक्षक अरुण कुमार राय 15 पुलिसकर्मियों के संग मौके पर पहुंचे और गुरुद्वारा खाली करने के लिए धमकी देने लगे। 16 सितंबर को कानपुर के इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट लालनगर निवासी कुलवंत कौर, उनके बेटे जसविंदर सिंह, फैजाबाद के मनिंदर पाल, अंग्रेज सिंह, सहदेव यादव, अमन यादव, इरफान खान, रिजवान खान, सुधीर कुमार सिंह और अरुण कुमार राय ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर मकान पर

> कोर्ट के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराया गया है। अदालत के आदेश पर विधिक राय लेकर कोतवाली मनकापुर में सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये गये थे।
>
> – विनीत जायसवाल
> पुलिस अधीक्षक

कब्जा कर लिया। पीड़िता गुरबचन कौर ने बताया कि इसकी जानकारी तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल को दी तो उन्होंने मनकापुर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह को सहायता का निर्देश दिया, लेकिन प्रभारी निरीक्षक ने उल्टा याची के पुत्रों को ही जेल भेजने को धमकी देकर चुप रहने को कहा। इसके बाद कोर्ट के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, अपराध शाखा के निरीक्षक अरुण कुमार राय की भूमिका की जांच के लिए क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया।

पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ में पीड़िता ने 17 सितंबर को याचिका दायर की। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व नरेंद्र कुमार जौहरी ने निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, वरिष्ठ निरीक्षक अपराध अरुण कुमार राय को गोंडा जिले से हटाकर किसी अन्य जिले में तैनात करने का आदेश दिया तथा एमपी/एमएलए कोर्ट को निर्देश दिया कि मामले में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया जाए।

एमपी एमएलए कोर्ट ने बीते 18 जनवरी को सांसद कीर्तिवर्धन सिंह सहित सभी 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया जाए। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर धारा 447, 323, 395, 504, 506, 427 तथा 188 आईपीसी के तहत कुलवंत सिंह पत्नी स्वर्गीय गुरदीप सिंह, जसविंदर सिंह उर्फ गोल्डी, महिंदर पाल सिंह, कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया, अंग्रेज सिंह, सहदेव यादव, अमन यादव, इरफान खान, जीशान जिस्सू खान, रिजवान खान, सुधीर कुमार सिंह व अरुण कुमार राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पूर्व विधायक संतोष मामले में तय नहीं हो सके आरोप

**सुलतानपुर।** लंभुआ विधानसभा सीट से पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय व 12 आरोपियों के खिलाफ जारी मुकदमे में सुनवाई साल भर से लंबित है। मुकदमे के आरोपियों को अंतिम अवसर देते हुए एमपी/एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने पांच फरवरी को तलब किया है जिन पर आरोप तय होने हैं।

बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि लंभुआ के पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय, उनके दर्जन भर साथियों पर बीते विधानसभा चुनाव के



दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे वीडीओ संदीप सिंह ने केस दर्ज कराए थे। आरोप लगाया था कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की। आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन किया।

बीते साल जमानत कराने के बाद आरोपी कई पेशियों पर कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। जिस कारण आरोप तय नहीं हो सके। कोर्ट ने आरोप तय करने के लिए पांच फरवरी की तारीख नियत की है।

# सपा ने राहुल गांधी के खिलाफ कभी नहीं उतारे अपने प्रत्याशी

नीरज श्रीवास्तव परशदेपुर, रायबरेली

- अमेठी लोकसभा के चुनावों में सपा ने सिर्फ दो बार उतारे हैं अपने प्रत्याशी
- सोनिया गांधी के खिलाफ सपा ने उतारा था अपना प्रत्याशी, मिली हार

**अमृत विचार।** यूपी में सपा और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव के टिकट बंटवारे को लेकर मुद्दा गरम है। अगर देश की सबसे चर्चित सीट अमेठी का इतिहास टटोलें तो अब तक सपा ने सिर्फ दो बार अपने प्रत्याशी उतारें हैं और दोनों ही बार सपा को जीत नसीब नहीं हुई। राहुल गांधी के अमेठी आने के बाद से सपा लगातार अपना प्रत्याशी ना उतारकर एक तरह से उनका अघोषित समर्थन करती रही है।

2024 के लोकसभा चुनावों को देखते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस को 11 जिताऊ सीट ऑफर की थी। इसी बीच अखिलेश यादव ने 16 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी। सपा और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे का क्या नतीजा निकलता है ये तो आने वाला समय बताएगा लेकिन अमेठी लोकसभा का इतिहास देखें तो सपा ने सबसे पहले 1998 में शिव प्रसाद को अपना प्रत्याशी बनाया था। इस चुनाव में भाजपा ने संजय सिंह, कांग्रेस ने कैप्टन सतीश शर्मा व बसपा ने मो. नईम को टिकट दिया था। भाजपा के संजय सिंह ने





**2019 में सपा द्वारा प्रत्याशी न उतारने पर भी मिली पराजय**

राहुल गांधी ने अमेठी में 2004, 2009 व 2014 में बड़ी जीत दर्ज कर हैट्रिक लगाई। इन चुनावों में सपा ने अपने प्रत्याशी नहीं उतारे थे लेकिन 2019 में भी सपा द्वारा प्रत्याशी ना उतारने के बावजूद उन्हें भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी से पराजय का सामना करना पड़ा था।

205025 वोट पाकर जीत हासिल की थी। कांग्रेस को 181755, बसपा को 151096 व सपा को 29888 वोट मिले थे। इसके बाद जब 1999 में सोनिया गांधी अमेठी चुनाव लड़ने आई तो उनके खिलाफ सपा ने फिर अपना प्रत्याशी कुमार उज्जमा फौजी को उतारा था। भाजपा ने संजय सिंह को जबकि बसपा ने पारस नाथ मौर्य को टिकट दिया था। इस चुनाव में कांग्रेस की आंधी में बाकी दल उड़ गए। कांग्रेस को जहां 418960 वोट मिले वहीं भाजपा को 118948, बसपा को 33658 व सपा 16678 वोट ही मिले। उसके बाद 2004 में जब से राहुल गांधी अमेठी आए तब से सपा ने कभी भी अपना प्रत्याशी नहीं उतारा। सपा लगातार लोकसभा के चुनावों में राहुल गांधी का समर्थन करती चली आ रही है। अब 2024 में सपा का क्या रुख होगा ये आने वाले समय में ही पता चलेगा।

## पूर्व चेयर मैन सहित पांच पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

संवाददाता, बहराइच

- कूट रचित दस्तावेज से जमीन हड़पने का आरोप

**अमृत विचार।** रिसिया नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन सहित पांच पर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने का मुकदमा दर्ज हो गया है। इससे हड़कंप मच गया है।

रिसिया नगर के गायत्री नगर वार्ड निवासी आफान अहमद पुत्र अबरार ने प्रभारी निरीक्षक को दिए तहरीर में उल्लेख किया है कि मेरी पुस्तैनी जमीन खंडहर संख्या26/175गाटा स 565 मि मोहल्ला सरस्वती नगर में स्थित है। उस खंडहर को मैने जैनुल पुत्र जाहिद निवासी मुकाम को किराए पर दिया था। वर्ष 2019/2020 में खंडहर जमीन को तत्कालीन चेयर मैन महमूद अहमद पुत्र खलील अहमद ने नगर पंचायत कर्मियों के साथ मिली भगत कर नगर पंचायत के असेसमेंट रजिस्टर में लतीफअहमद पुत्र साकिर अली निवासी सरस्वती नगर के नाम उस जमीन को मकान दिखाकर लतीफ पुत्र साकिर के नाम दर्ज कर दिया गया। लतीफ पुत्र साकिर अली ने जमीन को आनन फानन में अपनी पत्नी साफिया बेगम के नाम 27सितम्बर 2023 को रजिस्ट्री कार्यालय बहराइच में बैनामा कर दिया। बैनामा के गवाह जाफर पुत्र लतीफ सरस्वती नगर थाना रिसिया और साहिल पुत्र रफी उल्ला निवासी वसीरगंज कोतवाली नगर बहराइच है। मेरे पिता का देहांत 21सितम्बर 2018 को हो गया है। प्रार्थी पिछले माह दिसंबर में जब वरासत कराने नगर पंचायत कार्यालय गया। महमूद अहमद, आदि ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर मेरी जमीन को हड़प ली।

# आठ साल से फरार कैदी लुधियाना से गिरफ्तार

संवाददाता, रायबरेली

- 17 साल पहले पट्टीदार की गोली मारकर की थी हत्या
- पैरोल पर रिहा होने के बाद पत्नी के साथ हुआ था फरार

**अमृत विचार।** डेढ़ लाख के इनामिया सजायाफ्ता कैदी को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के मामले में पैरोल पर रिहा होने के बाद अभियुक्त आठ वर्ष पूर्व पत्नी समेत फरार हो गया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की सूचना पर पहुंची सलोन पुलिस ने तिहाड़ जेल से अभियुक्त की रिमांड लेकर बुधवार को उसे जेल भेज दिया है।

सलोन कोतवाली क्षेत्र के सूची चौकी अंतर्गत ग्राम पूरे बेलखरिया मजरे सूची निवासी दिनेश कुमार सिंह पुत्र सूर्य भान सिंह लगभग 17 वर्ष पहले 28 अगस्त 2006 को अपने पट्टीदार जगन्नाथ सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसमें अदालत ने दिनेश कुमार सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी। इसके बाद क़ैदी दिनेश कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में अपनी पत्नी सीमा सिंह के तबियत खराब होने की अर्जी दी थी। जिस पर हाईकोर्ट ने 3 अगस्त 2016 के प्रथम सप्ताह में दो माह के पेरोल पर क़ैदी को पत्नी की देखरेख के लिये घर भेजने की अनुमति प्रदान कर तीन अक्टूबर को पुनः हाजिर होने का फरमान सुनाया था। लेकिन पैरोल समाप्त होने के तीन दिन पूर्व 30 सितम्बर को दिनेश कुमार अपनी पत्नी के साथ फरार हो गया था।

वही कैदी दिनेश कुमार की तलाश और गिरफ्तारी के लिए न्यायालय ने पूर्व में वारंट भी जारी किया था। रायबरेली पुलिस की तरफ से उसके ऊपर डेढ़ लाख का इनाम घोषित किया गया था। सलोन कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि 26 जनवरी 2023 को दिल्ली की स्पेशल सेल की पुलिस ने कैदी दिनेश कुमार सिंह को लुधियाना से गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेज दिया था। वहीं दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल से सम्पर्क कर कैदी दिनेश कुमार सिंह की पूरी डिटेल मांगी थी। एसपी के निर्देश पर चौकी इंचार्ज सूची बृजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम बनाकर दिल्ली भेजा गया था। जिसके बाद सलोन पुलिस द्वारा तिहाड़ जेल से कैदी की रिमांड ली गई थी। बुधवार को क़ैदी दिनेश को रायबरेली बन्दीग्रह भेज दिया गया है।

**कैदी के फरार होने पर जमानदारों को भेजा गया था जेल**

पट्टीदार की हत्या में आजीवन कारावास की सजा काट रहे अपराधी के पैरोल पर छूट कर आने के बाद फरार हो जाने पर पुलिस ने शासन की सख्ती के बाद दो जमानतदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की थी। पुलिस ने उसके जमानतदारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था ।दिनेश कुमार ने तमंचे से अपने पट्टीदार जगन्नाथ सिंह की हत्या कर दी थी। जिसमें अदालत ने दिनेश कुमार सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी। कैदी दिनेश कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में अपनी पत्नी के तबियत खराब होने की अर्जी दी थी और पत्नी के साथ फरार हुआ था। उक्त मामले में न्यायालय द्वारा तत्कालीन चौकी प्रभारी राजेश यादव को फटकार भी लगाई थी। वही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे शिकायती पत्र में मृतक के परिजन योगेंद्र सिंह ने आरोप लगाया था कि आरोपी को पुलिस नहीं पकड़ पाई है। जमानतदार उसकी दुकान में आकर जान से मारने की धमकी देते हैं। सूची पुलिस से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। योगी सरकार की सख्ती के बाद बैकफुट पर खड़ी सूची पुलिस ने कैदी के घर पर छापेमारी व छानबीन करने के बाद 82, 83 की कुर्की की कार्रवाई भी की। अभियुक्त द्वारा अदालत में हाजिर न होने पर जमानतदार सन्तोष यादव पुत्र राम किशुन निवासी ग्राम रायपुर महेवा व सन्तराम पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम पूरे पाण्डे मजरे सूची को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने घूस लेते पकड़ा

संवाददाता, अंबेडकरनगर

- जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए किसान से लिया रिश्वत

**अमृत विचार।** जमीन सीमांकन करने के नाम पर किसान से चार हजार रुपए घूस लेते हुए एंटी करप्सन टीम ने लेखपाल को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने घूस लेते लेखपाल को रुपए लेने के बाद उसका हाथ धुला कर सेंपल कलेक्ट किया और उसे मालीपुर थाना लाया। निरीक्षक ने थाना में आरोपी लेखपाल और पीडित किसान को बैठाकर लिखा पढ़ी किया और उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के साथ अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर गोरखपुर चले गए।

घटना जलालपुर तहसील परिसर में बुधवार दोपहर की है, जहां किसान ने लेखपाल को चार हजार रुपए हाथ में दिया। लेखपाल जैसे ही घूस का रुपया हाथ में पकड़ा वहां मौजूद एंटी करप्शन की टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया। तहसील के श्यामपुर दरियापुर निवासी किसान महावीर वर्मा ने गांव निवासी राम अचल की दो बीघा सात बिस्वा खेती की जमीन बैनामा लिया था। इसी गाटा में राम फेर शुक्ल और अंगद तिवारी ने एक एक बीघा बैनामा लिया था। किसान महावीर को रकबा के हिसाब से लगभग 10 बिस्वा जमीन कम मिला था। किसान महावीर शेष 10 बिस्वा जमीन पर कब्जा किए थे। लगभग 6 माह पहले जिलाधिकारी के आदेश पर तत्कालीन उपजिलाधिकारी हरिशंकर लाल ने टीम के साथ पैमाइश किया था और इसके हिस्से की जमीन को खूंटा गाड़ अलग कर दिया था।

## दो दिवसीय बुंदेलखंड महोत्सव आज से

**उरई।** बुंदेलखंड गौरव महोत्सव की सफलता को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सजग है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। यहां पर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

बुंदेलखंड गौरव महोत्सव 01 व 02 फरवरी को आयोजित है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राजकीय इंटर कॉलेज उरई पहुंच कर बुंदेलखंड गौरव महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। कल हॉट एयर बैलून सुबह 6:30 बजे राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में किया जाएगा, योग सुबह 7:30 बजे से 8:30 बजे तक इंदिरा स्टेडियम में किया जाएगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म में मामा को 20 वर्ष कैद

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम आलोक द्विवेदी ने दुष्कर्म, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में थाना उदयपुर के कुंभीडीहा निवासी हीरालाल कोरी को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कारावास व तीस हजार रूपया अर्थदण्ड से दंडित किया।

वादिनी ने कोर्ट को बताया कि 12 फरवरी 2017 की शाम सात बजे वह अपने मामा की लड़की के सगाई में आई हुई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह अपने घर जा रही थी तभी आरोपी हीरालाल कोरी निवासी कुम्भीडीहा थाना उदयपुर जो की रिश्ते में उसका मामा लगता है।उससे कहा कि मेरी साइकिल पर बैठ जाओ मैं तुम्हें तुम्हारे घर पहुंचा दूंगा।तब वादिनी आरोपी की साइकिल पर बैठ गई, आरोपी रास्ते में सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और जब वादिनी चिल्लाने की कोशिश की तो उसने वादिनी का गला दबाया और धमकी दी की यदि चिल्लाओगी तो जान से मार दूंगा। वादिनी रोती हुई घर आई और अपनी मां से आप बीती बताई। राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी काशीनाथ तिवारी ने की।

## माघ मेले में मिलेगा मिनरल वाटर

**प्रयागराज।** महाकुंभ की तैयारी को लेकर नए नए प्लान को ट्रायल के तौर पर परखा जा रहा है। जिसको देखते हुए माघ मेले

श्रद्धालुओं एवं तीर्थ यात्रियों को पीने के पानी की सुविधा प्रदान करने के लिए जल निगम ने माघ मेले में वाटर एटीएम लगाया है। इस प्रयोग का सभी श्रद्धालु फायदा भी उठा रहे हैं। पौष पूर्णिमा के पावन स्नान पर्व पर हर वाटर एटीएम से लगभग 1000 श्रद्धालुओं ने पीने का पानी लेते हुए लाभ उठाया है।

माघ मेले के विभिन्न सेक्टरों में 10 वाटर एटीएम लगाए गए हैं। इन वॉटर एटीएम के माध्यम से एक रुपए में श्रद्धालु एक लीटर पानी ले सकते हैं।

# वर्कशाप में जंग खा रहीं करोड़ों की साइकिलें

स्मार्ट सिटी योजना

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज

- पब्लिक बाइक शेयरिंग योजना फ्लॉप, नहीं हो रही देखरेख

**अमृत विचार :** सरकार की स्मार्ट पब्लिक बाइक शेयरिंग योजना को प्रयागराज में दो अक्टूबर 2021 में सुभाष चौराहे से शुरू किया गया था। इस योजना के शुरु होने पर कुल 75 स्टेशन बनाने की स्वीकृति स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को दी गई थी। सरकार की यह योजना प्रयागराज में बेपटरी हो चुकी है। नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के चलते करोड़ो की साईकिल कबाड़ हालत में जंग खा रही है। अब इन साइकिलों को कोई पूछने वाला नहीं है। स्टेशनों के साथ वर्क शाप में हजारों की संख्या


कबाड़ हो रहीं साइकिलें। अमृत विचार

में पड़ी साइकिलें कबाड़ हो चुकी है। डॉकिंग स्टेशनों की बात करें तो अब वहा पर साइकिले भी मौजूद नहीं है। बुधवार को अमृत विचार की खास पड़ताल में पाया गया कि कुछ स्टेशनों पर साईकिल है नहीं। जो है भी वो टूटी पड़ी है। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह योजना पटरी पर है या बेपटरी पर।

इस योजना में 30 स्टेशन शुरु किये गये थे। 45 स्टेशनों के लिए भूमि भी चिह्नित किया गया। इसमे 400 से अधिक साइकिलें कंपनी चार्टर्ड बाई प्राइवेट लिमिटेड ने शुरु किया था। इसमें कुल 75 स्टेशनों पर 750 साइकिलें रखी गयी थी। योजना के तहत शुरू डाकिंग स्टेशनों की हालत खस्ता है।

> पर्यावरण को बनाये और लोगो को सेहतमंद बनाये रखने के लिए होजना शुरु की गयी थी। जागरूकता न होने के कारण अब इन साइकिलों का उपयोग नहीं हो रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिससे यह योजना सफल हो सके।
>
> –गणेश केसरवानी, महापौर

दु :खद | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में संसाधनों के अभाव का परिणाम, बच्चे की मौत

# बच्चे के गले में फंसे सेब नहीं निकाल सके डॉक्टर

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के सीएचसी में संसाधनों के साथ डाक्टरों की कमी है। इसका खामियाजा कस्बे के लोगों को जिंदगी गवां कर गुजारनी पड़ रही है। मंगलवार की शाम संसाधनों की कमी के चलते गले में सेब का टुकड़ा फंसने से 10 माह के बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत से आक्रोशित पिता परिवार के साथ संसाधनों और समुचित व्यवस्थाओं की मांग को लेकर बुधवार तड़के से सीएचसी गेट पर धरने पर बैठ गया। धरने पर बैठते ही चिकित्सकों और स्टाफ में हड़कंप मच गया।

कस्बे के खुशीपुरा मोहल्ला निवासी संजय सोनी उर्फ रामू ने


बच्चे की मौत पर सीएचसी के गेट पर बैठे परिजन। अमृत विचार

बताया कि मंगलवार की रात उसके 10 माह के बच्चे चीकू के गले में सेब का टुकड़ा फंस गया था। वह तत्काल बच्चे को लेकर सीएचसी पहुंचा। सीएचसी में संसाधनों व सुविधाओं व स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की कमी से बच्चे के गले में फंसे सेब के टुकड़े को नहीं निकाल सके। चिकित्सकों ने बच्चे को उरई रेफर कर दिया। जहां उसके बच्चे की मौत हो गई। बुधवार सुबह संजय सोनी अपने परिवार के साथ सीएचसी पहुंचा और गेट पर धरना पर बैठ गया। उसने बताया कि अस्पताल में कोई भी व्यवस्थाएं नहीं है। सीएचसी रेफर सेंटर बन गया है।

बताया वह डीएम को बुलाने की मांग पर धरने पर बैठा है। मौके पर पहुंचे सीएमओ और अपर जिलाधिकारी ने किसी तरह से जांच का आश्वासन दे मामले को शांत करा धरना समाप्त कराया। सीएमओ डॉ. गीतम सिंह और अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि घटना की जांच कराई जाएगी। साथ ही चिकित्सकों की कमी दूर करने के लिए शासन से पत्राचार किया जाएगा।

## 22 को काला दिवस का ट्वीट, गिरफ्तार

**प्रयागराज।** 22 जनवरी को अहोध्या में हुए श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा दिवस को प्रयागराज के हंडिया में काला दिवस के रूप में मनाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

लाक्षागृह हंडिया गांव निवासी कमलेश वर्मा ने 22 जनवरी को श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के दौरान काला दिवस मनाने को लेकर ट्वीट किया गया था। उस ट्वीटर की तलाश हंडिया पुलिस कर रही थी। आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि गांव के ही विकास कुमार तिवारी ने ट्वीट कर्ता कमलेश पर आपत्ति जताई थी। विकास कुमार की शिकायत पर हंडिया पुलिस ने मंगलवार को आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# 16 कछुओं के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- गिरवां थाना पुलिस ने तस्कर गिरोह का किया पर्दाफाश

**अमृत विचार :** नदी, तालाब और नहर से पकड़कर कछुओं की तस्करी करने वाले चार तस्करों को गिरवां थाना पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए दुर्लभ प्रजाति के 16 कछुए और दो बाइकें बरामद की हैं। पकड़े गए तस्करों में तीन पन्ना (मध्य प्रदेश) और एक तस्कर सुल्तानपुर का निवासी है।

मंगलवार की शाम गिरवां थानाध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी, उप निरीक्षक सतीश चंद्र व सुनील कुमार समेत हमराही सिपाहियों के साथ गश्त व चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना मिली कि चार तस्कर दो बाइक पर दुर्लभ प्रजाति के कछुओं की तस्करी करने जा रहे हैं।

सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी


कछुओं के साथ गिरफ्तार तस्कर।

करते हुए थाना क्षेत्र के बांसी प्रेमपुर नहर पुलिया के पास कछुआ पकड़ रहे 4 तस्करों दीपक कुचबंधिया पुत्र जिल्लू, करन कुचबंधिया पुत्र राजू, संजय कुचबंधिया पुत्र अमर सिंह निवासी बड़ागांव थाना देवेंद्र नगर (पन्ना) और कमलेश कुचबंधिया पुत्र बाबू निवासी पकड़ी थाना सुल्तानपुर को गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए तस्करों के खिलाफ जीव जंतुओं का अवैध शिकार कर पर्यावरण एवं परिस्थितिकी यंत्र को क्षति पहुंचाने का अभियोग पंजीकृत किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह नदी तालाबों से कछुआ पकड़कर मध्य प्रदेश ले जाते हैं जहां उन्हें बेंच देते हैं। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से 16 दुर्लभ प्रजाति के कछुए बरामद किए गए। पुलिस ने कछुआ बरामद होने की सूचना वन विभाग को दी है।

## एक नजर

### बजट सत्र कल से, सर्वदलीय बैठक आज

अमृत विचार, लखनऊ : विधानमंडल के बजट सत्र के लिए सर्वदलीय बैठक गुरुवार को होगी। इसके बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। अगले दिन 2 फरवरी शुक्रवार से विधानमंडल का बजट सत्र शुरू होगा। 5 फरवरी को राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उप्र. का बजट पेश करेगी। सभी मंत्रियों का पहली फरवरी को अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने का कार्यक्रम पहले तय था, जिसे स्थगित कर दिया गया है। बजट सत्र की शुरुआत दोनों सदनों की संयुक्त बैठक के समक्ष राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से होगी। तीन फरवरी को शनिवार होने के बावजूद सदन की बैठक आहूत की जाएगी। उस दिन शोक प्रस्ताव के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी। बीते दिनों शाहजहांपुर की ददरौल सीट से भाजपा के विधायक मानवेंद्र सिंह व बलरामपुर की गैसड़ी सीट से सपा विधायक डॉ. शिव प्रताप यादव का निधन हुआ था।

# 17 वरिष्ठ अफसरों को पीछे छोड़ प्रशांत की हुई ताजपोशी

## यूपी को चौथी बार भी नहीं मिला पूर्णकालिक डीजीपी, मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में सबसे ऊपर होने के कारण मिली जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


प्रशांत कुमार

अमृत विचार : डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार की उप्र के नये कार्यवाहक डीजीपी पद पर ताजपोशी 17 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को पीछे छोड़कर हुई है। हालांकि वरिष्ठता में सबसे ऊपर होने के बाद मुकुल गोयल इस पद के लिए दावेदार नहीं माने जा रहे थे। दरअसल, उन्हें पहले ही अयोग्य ठहराते हुए डीजीपी के पद से हटाया गया था। साथ ही फरवरी माह में ही वह रिटायर होने वाले हैं। वैसे अमृत विचार के नवम्बर और दिसम्बर और दो दिन पहले भी प्रकाशित खबर में यह साफ कर दिया था कि चौथी बार भी प्रदेश पुलिस का मुखिया कार्यवाहक होगा और वह प्रशांत कुमार होंगे।

दरअसल, वरिष्ठता क्रम में प्रशांत कुमार से ऊपर अफसरों में मुकुल गोयल के अलावा आनंद कुमार, शफी अहसान रिजवी, आशीष गुप्ता, आदित्य मिश्रा, पीवी रामाशास्त्री, संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी, रेणुका मिश्रा, बिजय कुमार मौर्या, सत्य नारायन साबत, अविनाश चंद्रा, संजय एम. तरडे, एमके बशाल, तनूजा श्रीवास्तव, सुभाष चंद्रा हैं। इसमें शफी अहसान रिजवी का कैडर उप्र-उत्तराखंड में फंसा है, इसलिए वह भी इस पद के लिए अर्ह नहीं थे। आनंद कुमार, पिछली बार भी मजबूत दावेदारों में थे, लेकिन डीजी जेल के पद पर तैनाती के दौरान जेलों में भ्रष्टाचार की हुई शिकायतों की तपिश ने उनकी साख पर बट्टा लगा दिया था। लिहाजा ऐन मौके पर वह दौड़ से बाहर हो गए थे और विजय कुमार को जिम्मेदारी दे दी गई थी।


नए डीजीपी के लिए प्रशांत कुमार के पक्ष में जमीन तैयार
पद रिक्त न होते हुए भी डीपीसी में बना दिए गए डीजी, पूर्व के कई फैसलों से पक्ष दिख रहा मजबूत

29 जनवरी को अमृत विचार में प्रकाशित समाचार।

**पुलिस के मुखिया फिर कार्यवाहक :** प्रशांत कुमार की तैनाती के साथ देश के सबसे राज्य उप्र को चौथी बार भी पूर्णकालिक डीजीपी मिलने का रास्ता बंद हो गया। 11 मई 2022 को सरकार ने पूर्णकालिक डीजीपी मुकुल गोयल को अचानक हटा दिया था। उसके बाद से अभी तक देश के सबसे बड़े राज्य की पुलिस को उसका पूर्णकालिक डीजी नहीं मिल पाया है। गोयल के बाद सरकार ने डीएस चौहान को कार्यवाहक डीजीपी बनाया था। फिर 31 मार्च 2023 को चौहान के रिटायरमेंट के बाद आरके विश्वकर्मा कार्यवाहक डीजीपी बने। विश्वकर्मा के 30 मई को रिटायर होने के बाद विजय कुमार कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए और 31 को उनकी सेवानिवृति के बाद प्रशांत कुमार को इस पद पर बैठाया गया है।

### वरिष्ठता सूची में हैं नीचे

प्रशांत कुमार वैसे तो 1990 बैच के अफसरों में वरिष्ठता सूची में काफी नीचे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में सबसे ऊपर होने के चलते उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। वैसे नए डीजीपी के लिए उनके पक्ष में जमीन पहले से ही तैयार की गई थी। मसलन, डीजी के नियमित 14 पद रिक्त न होने के बावजूद एक माह पहले ही डीपीसी के माध्यम से उन्हें डीजी बना दिया गया। पहले यह माना जा रहा था कि 31 जनवरी को विजय कुमार और डीजी एसके माथुर के सेवानिवृत्त होने के बाद खाली होने वाले पद के आधार पर वह एक फरवरी को डीजी बनेंगे। सूत्रों के मुताबिक, शायद यह माना गया कि एक ही दिन डीजी पद पर प्रमोशन और फिर डीजीपी पद पर तैनाती से संदेश कुछ ठीक नहीं जाएगा। इसके अलावा डीजीपी के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार भी उन्हीं के पास पहले से ही था। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा और 26 जनवरी को देखते हुए प्रदेशभर के पुलिसकर्मियों के छुट्टी को लेकर आदेश भी इस बार प्रशांत कुमार के हस्ताक्षर से ही जारी हुए थे।

## फिर कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति पर अखिलेश ने उठाए सवाल



अमृत विचार, लखनऊ : उप्र में निरंतर चौथी बार कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति किये जाने पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल खड़े किये हैं। सपा प्रमुख ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि लगता है एक बार फिर उप्र को कार्यवाहक डीजीपी मिलने वाला है। जनता पूछ रही है कि हर बार कार्यवाहक डीजीपी बनाने का खेल दिल्ली-लखनऊ के झगड़े की वजह से हो रहा है या फिर अपराधियों के संग सत्ता की सांठगांठ के कारण। अखिलेश इससे पूर्व विधानसभा में भी कार्यवाहक उप्र. पुलिस के मुखिया को लेकर सरकार से सवाल पूछते रहे हैं।

# पूर्व की सरकारों में किसान करते थे आत्महत्या : योगी

## मुख्यमंत्री ने सीमैप में किसान मेला की शुरुआत की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकारों में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता था। संसद के हर सत्र में किसानों की आत्महत्या का मुद्दा उठता था। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का लक्ष्य रखा। कई योजनाएं शुरू कीं और किसानों को वैज्ञानिक शोध एवं इनोवेशन से जोड़ा। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2018 से अन्नदाता किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना दाम मिलना शुरू हुआ।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को पिकनिक स्पॉट रोड स्थित केन्द्रीय औषधि एवं सगन्ध पौधा संस्थान (सीमैप) द्वारा आयोजित किसान मेला की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने उप्र. के किसानों को औषधीय खेती और बागवानी से भी जोड़ा है। उनके हर्बल प्रोडक्ट्स को प्रमोट कर रही है। इससे किसान अपने उत्पाद का कई गुना दाम प्राप्त कर रहा है। इस दौरान योगी ने मेले में लगी प्रदर्शनी में लगे स्टालों को देखा और किसानों से बातचीत भी की। मेले में 15 प्रदेशों से ज्यादा के चार हजार से ज्यादा किसान शामिल हुए। औषधीय पौधों की खेती करने वाले किसानों के लिए सीमैप एक एरोमा मिशन एप भी लांच करेगा, जो किसानों और इंडस्ट्री के बीच एक सेतु का काम करेगा। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सीएसआईआर सीमैप के महानिदेशक डॉ. एन कलैसेल्वी समेत बड़ी संख्या में उप्र. के जिलों व विभिन्न प्रदेशों से आए किसान मौजूद रहे।


सीमैप द्वारा आयोजित किसान मेले के कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी साथ में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

### प्रदेश में हैं 89 कृषि विज्ञान केंद्र

देश की 16 फीसदी आबादी उत्तर प्रदेश में रहती है। 11 फीसदी कृषि योग्य भूमि होने के बावजूद 22 फीसदी से अधिक खाद्यान्न का उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश करता है। उत्तर प्रदेश में 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। चार राज्य कृषि विश्वविद्यालय हैं और पांचवां स्थापित होने जा रहा है। कृषि, बागवानी और आयुष से जुड़े ऐसे तमाम संस्थान उप्र. में मौजूद हैं।

### 4000 किसानों को राम मंदिर के दर्शन कराएगी सरकार

राजधानी में बुधवार को आयोजित किसान मेला में शामिल हुए सभी 4000 किसानों को राज्य सरकार राम मंदिर के दर्शन कराएगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की है। मेले में 15 राज्यों के किसान भी शामिल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सीमैप द्वारा विकसित एरोमा एप का लोकार्पण भी किया।

# बोर्ड परीक्षा में अब नहीं चलेगी केंद्र व्यवस्थापकों की बहानेबाजी

## नकल रोकने, व्यवस्था बनाए रखने, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, उत्तर पुस्तिकाओं की देखरेख को लेकर दिया जा रहा प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन संचालित करने में इस बार केंद्र व्यवस्थापकों की किसी भी तरह की बहानेबाजी नहीं चलेगी। वे तकनीकी रूप से प्रशिक्षित न होने का बहाना करके कॉपी, पेपर, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती से लेकर सीसीटीवी कैमरा के खराब संचालन के मामले से बच निकलते थे। मगर, इसबार उन्हें मास्टर ट्रेनर के जरिए प्रशिक्षण देकर सरकार दक्ष बना रही है, ताकि नकल की कोई गुंजाइश न रहे। हालांकि परीक्षा के दौरान कैमरे की आडियो खराब बताकर नकल कराने के तमाम मामले सामने आते रहे हैं।

▸▸ केंद्र व्यवस्थापक पहले गड़बड़ी पकड़े जाने पर कहते थे, हमें किसी ने नहीं दी थी तकनीकी जानकारी

इस बार केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की समुचित व्यवस्था देखने के लिए मास्टर्स ट्रेनर्स के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्हें परीक्षाओं से जुड़ी बारीक चीजों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि परीक्षा में किसी तरह की त्रुटि न हो। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि परीक्षाओं को नकलविहीन बनाने और बिना किसी त्रुटि के संपन्न कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की व्यवस्था से संबंधित प्रशिक्षण देने का निर्णय किया गया है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में यह प्रशिक्षण चल रहा है। प्रत्येक जिले के लिए तीन मास्टर्स ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है, जो ऑडियो-वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं से संबंधित हर बारीक जानकारी मुहैया करा रहे हैं। इसमें उन्हें नकल रोकने, व्यवस्था बनाए रखने, प्रश्नपत्रों की सिक्योरिटी, उत्तर पुस्तिकाओं की देखरेख समेत अन्य सभी महत्वपूर्ण विषयों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### कक्ष निरीक्षकों को मिलेगी कंप्यूटराइज्ड आईडी

नई व्यवस्थाओं के तहत पहली बार उत्तर पुस्तिकाओं में सुरक्षात्मक क्यूआर कोड, लोगो, कवर पेज पर उनकी कोडिंग की गई है, जबकि पेज नंबर के साथ-साथ इस बार पिछले वर्ष में उपयोग किए गए कलर्स से अलग चार कलर्स में इन्हें पब्लिश कराया गया है। इसके अलावा पहली बार कक्ष निरीक्षकों के लिए एक सुरक्षित क्यूआर कोड और क्रमांक युक्त कंप्यूटराइज्ड परिचय पत्र भी प्रदान किया जा रहा है।

### 8265 केंद्रों पर 55 लाख से अधिक विद्यार्थी देंगे परीक्षा

बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं, जो 9 मार्च तक चलेंगी। इस बार हाईस्कूल में 29,47,325 और इंटरमीडिएट में 25,77,965 यानी कुल 55,25,290 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। बोर्ड की ओर से प्रदेश भर में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय परीक्षा केंद्रों की संख्या 566 है, सवित्त परीक्षा केंद्र 3479 और वित्तविहीन 4220 परीक्षा केंद्र हैं।

# अखिलेश के करीबी नेता ने छोड़ी सपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ मनोज यादव ने पार्टी में पारिवारिक कलह का लगाया आरोप, प्रधानमंत्री मोदी की सराहना

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची सामने आते ही मैनपुरी में पार्टी के नेता और उद्योगपति मनोज यादव ने पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के करीबी माने जाने वाले आरसीएल ग्रुप के चेयरमैन मनोज यादव ने मंगलवार को सपा से इस्तीफा दे दिया।

मनोज यादव ने पार्टी छोड़ते वक्त कहा कि सपा में पारिवारिक कलह अधिक है। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय स्तर पर नेताओं द्वारा एक दूसरे की टांग खींचने का आरोप लगाया है। मनोज ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। बिना किसी पक्षपात के काम किया जा रहा है। मनोज ने अभी खुलासा नहीं किया कि वे भाजपा में जाएंगे या नहीं। इससे पहले मंगलवार को ही पार्टी ने राज्य की 16 लोकसभा उम्मीदवारों की सूची में डिंपल यादव को मैनपुरी सीट पर उम्मीदवार घोषित किया है।

# बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर एसी चिन्हित करने का प्रस्ताव वापस

अमृत विचार, लखनऊ : बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर लगे एसी को चिन्हित करने व इससे बिलिंग डेटा में शामिल किये जाने का प्रस्ताव वापस हो गया है। उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता परिषद के विरोध पर प्रस्ताव वापस लिया गया है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के निदेशक आईटी को प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव में कहा गया था कि शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में एसी का इस्तेमाल हो रहा है। बिलिंग डाटा में एसी का इस्तेमाल चिन्हित होने से राजस्व वसूली में बढ़ोतरी हो सकेगी। उपभोक्ता परिषद के अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम 'बैकफुट' पर आ गया है।

# यूपी में सड़क हादसों में प्रतिदिन 65 लोग गंवाते हैं जान

## वर्ष 2022 की तुलना में जनवरी से दिसंबर 2023 तक हादसों में 6.7 प्रतिशत का इजाफा




नीरज मिश्र, लखनऊ

▸▸ दुर्घटनाओं से हुई मौतों में 4.7 फीसद की बढ़ोतरी की गई दर्ज

अमृत विचार : लोगों को यातायात नियम समझाते-समझाते करीब एक दशक पूरा होने को है। लेकिन न तो दुर्घटनाओं का ग्राफ कम हुआ और न ही मौतों की संख्या में गिरावट आई। जागरूकता कार्यक्रमों की बाढ़ भी बीते दस वर्षों में आंकड़ा घटा पाने में नाकाम रही। परिवहन, यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत तमाम एजेंसियों के समग्र प्रयास के दावे धरातल पर अपना असर नहीं छोड़ पा रहे हैं। साल 2023 के दौरान प्रदेश में जो हादसों और उनसे होने वाली मौतों का ग्राफ सामने आया है, वह चौंकाने वाला है। प्रदेश में बीते साल (2023) 23,652 लोगों की मौत हुई है। यानी प्रतिदिन 64.8 लोगों की जान सड़क हादसों में गई है। दुर्घटनाओं की संख्या में वर्ष 2022 की तुलना में इस साल 6.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं दुर्घटनाओं से हुई मौतों में 4.7 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**विंग के प्रयास :** वर्ष 2015 में सरकार ने रोड सेफ्टी विंग की स्थापना की थी। इसमें यातायात, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण, एनएचआई समेत कई विभागों को शामिल किया गया था। इस पूरी विंग को अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में खामियां दूर कर समग्र प्रयास करना था।

### जनवरी से दिसंबर तक के आंकड़े

| वर्ष | दुर्घटनाएं | मौत | घायल |
|---|---|---|---|
| 2022 | 41,746 | 22,595 | 28,541 |
| 2023 | 44,534 | 23,652 | 31,098 |

### भारी वाहनों के लिए होगी अलग लेन

अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने बताया कि निश्चित तौर पर साल 2023 के हादसे चौंकाने वाले हैं। हर स्तर पर विधिवत मॉनीटरिंग जारी है। विभागों की जवाबदेही तय की गई है। आगरा, यमुना समेत विभिन्न एक्सप्रेस-वे पर सख्त प्रवर्तन के निर्देश भी दिए गए हैं। एक्सप्रेस-वे से संबंधित सभी जिम्मेदार एजेंसियों को सचेत किया गया है कि वे अपनी परिधि में लगातार वाहनों से पेट्रोलिंग करें। देखने में आता है कि इन सभी हाइवे पर बड़े वाहन खड़े रहते हैं। भारी वाहनों के लिए एक लेन सुनिश्चित कराने के लिए उच्च स्तरीय वार्ता कर एक अलग लेन तैयार कराई जाएगी।

### 4-ई कांसेप्ट से आएगा सुधार

- **इंजीनियरिंग**-लोनिवि समेत विभिन्न एजेंसियां सड़क की खामियां दूर कर ब्लैक स्पॉट में सुधार, जागरूकता बोर्ड लगाना।
- **एजूकेशन**-स्कूलों में यातायात नियमों को पाठ्यक्रम में शामिल करा ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना।
- **इमरजेंसी केयर**-हाइवे पर ट्रॉमा सेंटर बनाए जाने, दुर्घटना के बाद गोल्डेन आवर्स में घायल को समय से अस्पताल पहुंचाना और गुड सेमेस्टर तैयार करना।
- **इन्फोर्समेंट (प्रवर्तन)**- ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वाले वाहनस्वामियों पर ठोस कार्रवाई करना। जुर्माना दरें बढ़ाई गई।


## वर्ग पहेली-329

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी का विनाश करने वाली, विनाशिनी 2. मार डालने वाली, नष्ट करने वाली।
5. अंगारों पर दग्ध किया हुआ, भूना हुआ, जलाया हुआ।
7. हठधर्मी, दुराग्रही, अड़ियल।
8. 1. धांधली करने वाला, घोटालेबाज़ 2. भ्रष्टाचारी, बेईमान 3. धूर्त।

**ऊपर से नीचे**

2. तीन रंगों वाला।
3. 1. (संगीत) एक रागिनी जिसे प्रात:काल गाते हैं 2. (संगीत) चार मात्राओं का एक ताल।
4. भौतिकवादी, पदार्थवादी।
6. 1. धोखा देने वाला, जालसाज़ी या कपटपूर्ण व्यवहार करने वाला, ठग, विश्वासघाती 2. छली, कपटी, बेईमान, दगाबाज़, धूर्त, कुटिल।



### वर्ग पहेली - 328 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज | ■ | 2 के | ■ | 3 सिं | ■ |
| तु | ■ | जु | ■ | गा | ■ |
| क | ■ | अ | ■ | रि | ■ |
| ■ | 4 ढो | ल | 5 कि | या | ■ |
| 6 पू | ■ | ■ | लो | ■ | 7 झाँ |
| ज | ■ | 8 पी | ल | पाँ | व |
| न | ■ | ■ | ■ | ■ | ली |

## सुडोकू-46

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | 4 | | 8 | | | |
| 5 | | | 6 | | | | 7 | 1 |
| | | 9 | | 2 | | 6 | | |
| | | | 8 | | 6 | | | 5 |
| | 3 | 4 | | | | 2 | 9 | |
| 1 | | | 9 | | 2 | | | |
| 2 | | 3 | | 1 | | 8 | | |
| 6 | 7 | | | | 4 | | | 3 |
| | | | 3 | | 5 | | | 2 |

### सुडोकू - 45 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 4 |
| 3 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 14.03 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष** – आज व्यवसाय और करियर में आपको अच्छा धन लाभ होगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कई सारे रुके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। बातचीत द्वारा परिस्थितियों को सम्भाल लेंगे।

**वृष** – आज व्यापार में नया अनुबंध कर सकते हैं। किसी सहकर्मी से आपका झगड़ा हो सकता है। घर की जरूरतों का ध्यान रखें। आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। एकाग्रता के साथ कार्य करेंगे, तो परिणाम बेहतरीन तरीके से मिलेंगे।

**मिथुन** – आज जॉब में किसी तरह के बदलाव को लेकर विचार बनेगा। प्रेम संबंधों को लेकर परिजनों का रुख सहयोगात्मक रहेगा। घर की जिम्मेदारियां आपको संभालनी होंगी। गरिष्ठ भोजन के सेवन से आपको कब्ज की शिकायत हो सकती है।

**कर्क** – आज भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। चिकित्सा के पेशे से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव हो सकता है। अपने शौक को पूरा करने में समय लगा सकते हैं। दिखावे और आडंबर के चक्कर में गलती न हो इसका ध्यान रखें।

**सिंह** – आज व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आपको व्यवसाय में काफी लाभ मिल सकता है। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा।

**कन्या** – आज आपको लक्ष्यों के प्रति सहज रहना चाहिए। समय पर काम नहीं होने से तनाव हो सकता है। आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी, लेकिन इसका आपको सकारात्मक परिणाम भी अवश्य मिलेगा। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखें।

**तुला** – आज दांपत्य और प्रेम संबंधों के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप व्यस्त होंगे। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशन्सा होगी।

**वृश्चिक** – आज बातचीत के माध्यम से कई सारी परेशानियां सुलझने की संभावना बन सकती है। आत्मविश्लेषण में समय जरूर व्यतीत करें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय और धन बर्बाद न करें।


**धनु** – आज निजी संबंधों में प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। व्यापार में आप नया प्रयोग कर सकते हैं जिसमें शीघ्र ही आपको सफलता भी मिल सकती है। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। दूसरों के मामलों में अधिक हस्तक्षेप न करें।

**मकर** – आज जॉब में बदलाव के के विषय में सोच सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। सकारात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। रूढ़िवादी विचारों से आपको बचना चाहिए। इससे लोग आपके बारे में गलत राय भी बना सकते हैं।

**कुंभ** – आज साझेदारी वाले कार्यों के लिए समय उत्तम है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम कर रहे लोगों का जॉब में स्थानांतरण या विभागीय बदलाव हो सकता है। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं।

**मीन** – आज उतना ही काम करें जितना आप संभाल सकते हैं। झूठे वायदे करने से आपको बचना चाहिए। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना आपके लिए बेहद जरूरी है।

## आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-10.31-11.14, 14.53-15.37 तक।
दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 2 फरवरी 03.49 तक तत्पश्चात स्वाती।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | परदेसी बाबू | सुबह : 10.00 |
| B4U Movies | दानवीर | रात : 07.00 |
| Sony Max | तुम्हारी सुलु | सुबह : 10.50 |
| Sony Max | सड़क | रात : 09.17 |
| Sony Pix | वर्टिकल लिमिट | सुबह : 08.46 |
| Sony Pix | इट | शाम : 06.30 |
| Zee Cinema | हम साथ साथ हैं | सुबह : 10.30 |
| Zee Cinema | मुक्काबाज | रात : 07.30 |
| Colors Cineplex | नमक हलाल | दोपहर : 12.14 |
| Colors Cineplex | कभी खुशी कभी गम | रात : 07.00 |

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

# अश्विन टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर, बुमराह चौथे पायदान पर

## आईसीसी की गेंदबाजी तालिका में रविंद्र जडेजा छठे स्थान पर

दुबई, एजेंसी



आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शीर्ष स्थान पर बरकरार है, जबकि जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में अश्विन ने 6 विकेट झटके थे। बुमराह ने भी इस मैच में 6 विकेट चटकाए थे, जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजी तालिका में शीर्ष 10 में तीसरे भारतीय रविंद्र जडेजा है, जो छठे नंबर पर हैं।

### बल्लेबाजों में विराट कोहली शीर्ष 10 में अकेले भारतीय



विराट कोहली छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 बल्लेबाजों में अकेले भारतीय हैं। भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 196 रन बनाने वाले इंग्लैंड के ओली पोप 20 स्थान के सुधार के साथ 15वें पायदान पर पहुंच गए हैं। पोप के इंग्लैंड टीम के साथी बेन डकेट भी अपनी रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहे हैं। भारत के खिलाफ 35 और 47 रन की पारी खेलने के बाद पांच पायदान के फायदे से 22वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा वेस्टइंडीज के खिलाफ गाबा में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक लगाने के बाद दो स्थान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर आ गए है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मैच में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के खिलाड़ी भी अपनी रैंकिंग सुधारने में सफल रहे। केमार रोच दो पायदान ऊपर 17वें, अल्जारी जोसेफ चार पायदान ऊपर 33वें और गाबा में मैन ऑफ द मैच रहे शमरा जोसेफ 42 पायदान ऊपर चढ़कर रैंकिंग में 50वें स्थान पर पहुंच गए।

### टेस्ट ऑलराउंडरों में रविंद्र जडेजा सूची में टॉप पर

टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में जडेजा शीर्ष पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट चौथे स्थान पर पहुंच गए है। वह अगर गेंद से अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहे तो इस सूची में शीर्ष तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ियों जडेजा, अश्विन और शाकिब अल हसन को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले रूट ने हैदराबाद टेस्ट में पांच विकेट चटकाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी का आगाज भी किया था। अक्षर पटेल इस सूची में छठे स्थान पर खिसक गए हैं।



# जीशान से मिलना बिछड़े भाई से मिलने जैसा

### पाकिस्तान के पूर्व टेनिस खिलाड़ी हामिद उल हक ने भारतीय टीम के आने पर जताई खुशी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी हामिद उल हक ने कहा कि भारतीय कोच और कप्तान जीशान अली से इस्लामाबाद में मिलना अपने बिछड़े भाई से मिलने जैसा था। लगभग 36 साल पहले बेंगलुरु का दौरा करने वाले पाकिस्तान के डेविस कप टीम के पूर्व कप्तान को अच्छी तरह से याद है कि जीशान के पिता, दिवंगत अख्तर अली ने कैसे पाकिस्तान के खिलाड़ियों की देखभाल की थी।

उन्हें वह भी याद है जब वह बिना वीजा के त्रिवेंद्रम चले गए थे लेकिन एक डीआईजी ने उन्हें परेशान किए बिना वापस भेज दिया। अब 62 साल के हो चुके हामिद अब भी भारतीय खिलाड़ी श्रीनिवासन वासुदेवन के शुक्रगुजार है, जो उन्हें 1987 में बेंगलुरु में आवास खोजने के लिए संघर्ष करते समय अपने घर ले गए थे। साल 2000 में प्राइड ऑफ परफॉर्मेंस से सम्मानित हामिद इस बात से बेहद खुश हैं कि भारत की टेनिस टीम पाकिस्तान आई है। उन्होंने कहा कि जब वह इस्लामाबाद में भारतीय दल से मिले तो ऐसा लगा जैसे अपने ही भाइयों से मिल रहे हैं, जो अलग हो गए थे।

### भारत में जाते तो नहीं लगता विदेशी सरजमीं पर हैं



हमीद ने 1982 में एशियाई खेलों के लिए दिल्ली की यात्रा की थी और उन दिनों की यादें साझा कीं। उन्होंने कहा कि जब वह भारत जाते तो नहीं लगता कि किसी विदेशी सरजमीं पर हैं। भारत और पाकिस्तान एक जैसे हैं। दोनों देशों की भाषा, भोजन, पोशाक, सब एक जैसा है। जैसा मसालेदार खाना कराची में खाते हैं, वैसा ही स्वाद दिल्ली में भी मिलता है। उन्होंने कहा कि वह 1987 में सेटेलाइट टूर्नामेंटों के लिए बॉम्बे, बेंगलुरु और त्रिवेंद्रम गए थे। उन्हें आवास मिलने में परेशान हो रही थी और भारतीय खिलाड़ी वासुदेवन को यह पता चला तो सुरक्षा चिंताओं की परवाह किए बिना उन्हें अपने घर ले गए।

# मंजू रानी ने पैदल चाल स्पर्धा में जीता स्वर्ण

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब की मंजू रानी ने राष्ट्रीय ओपन रेस वॉक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को सीनियर महिलाओं की 10 किलोमीटर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में मंगलवार को स्वर्ण जीतने के एक दिन बाद उन्होंने 10 किमी स्पर्धा में अपना दबदबा बनाया। मंजू ने 45 मिनट और 20 सेकंड के समय के साथ 10 किमी स्पर्धा का शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकेंगी।

सीनियर 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा राष्ट्रीय टीम के लिए संभावित एथलीटों का चयन करने के लिए कार्यक्रम में शामिल किया है। इसमें प्रदर्शन के आधार पर चयन होने वाली टीम अप्रैल में तुर्की में आयोजित होने वाली मैराथन पैदल चाल मिश्रित रिले में चुनौती पेश करेगी। इस प्रतियोगिता की शीर्ष 22 टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी।

### एक दिन पहले भी मंजू ने 20 किमी स्पर्धा में जीता था सोना



### साहिल ने दिग्गजों को हराकर जीता स्वर्ण पदक

पुरुषों के 10 किमी स्पर्धा में पंजाब के साहिल ने अनुभवी खिलाड़ियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। साहिल ने 39 मिनट 25 सेकंड का समय लिया। उत्तराखंड के परमजीत सिंह बिष्ट 39 मिनट 36 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि एशियाई कांस्य पदक विजेता दिल्ली के विकास सिंह 39 मिनट 37 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गोवा के ओंकार विश्वकर्मा ने 35 किमी स्पर्धा को दो घंटे 39 मिनट और 19 सेकंड के समय के साथ जीता। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की वंदना पटेल ने स्वर्ण जीता।

# भारतीय बल्लेबाजों ने स्वीप-रिवर्स स्वीप के अभ्यास में बहाया पसीना

## पहले टेस्ट में रोहित शर्मा के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने नहीं मारा था यह शॉट

विशाखापत्तनम, एजेंसी

भारत के मौजूदा दौर के बल्लेबाजों को स्वीप शॉट के लिए नहीं जाना जाता है लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले टीम के खिलाड़ियों ने नेट सत्र में जमकर इस शॉट का अभ्यास किया। कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अन्य किसी भारतीय बल्लेबाज ने हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में स्वीप शॉट नहीं लगाया था। इंग्लैंड यह टेस्ट 28 रन से जीता था। यह भारतीय टीम की 2013 के बाद से घरेलू मैदान पर सिर्फ चौथी हार थी। इंग्लैंड ने इस टेस्ट में भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप और रिवर्स स्वीप का कारगर इस्तेमाल किया था।



### नेट सत्र में लय तलाशते दिख शुभमन

दोपहर में नेट सत्र में लय तलाश रहे शुभमन गिल को स्वीप और रिवर्स स्वीप दोनों का अभ्यास करते देखा गया। गिल ऐसे खिलाड़ी है जिसके पास लगभग सभी शॉट्स हैं लेकिन पहले मैच में जरूरत से ज्यादा रक्षात्मक होने पर उनकी आलोचना हुई। शुक्रवार से होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में पदार्पण करने के दावेदार रजत पाटीदार भी स्वीप और रिवर्स स्वीप का अभ्यास करते देखे गए। टीम के बल्लेबाज हर गेंद पर स्वीप नहीं कर रहे थे लेकिन हैदराबाद के नेट सत्र की तुलना में यह काफी अधिक था। टीम में पहली बार शामिल हुए सरफराज खान को भी बल्लेबाजी अभ्यास करते देखा गया। वह और पाटीदार दोनों स्लिप में कैच का अभ्यास भी कर रहे थे।

### अपनी ताकत अनुसार चाहिए खेलना

टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी ताकत के अनुसार खेलना चाहिए। स्वीप और रिवर्स स्वीप ऐसी चीज नहीं है जिसे आप आजमा सकते हैं। इसका अभ्यास करने की जरूरत है। आपके पास अधिक शॉट हैं तो वह फायदेमंद है। हम पारंपरिक तरीके से खेलते हैं। हमारी ताकत सीधे बल्ले से खेलना और अपने पैरों का उपयोग करना है। हमें इसे अच्छी तरह से करने की जरूरत है। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट सुबह टीम के सत्र में रिवर्स स्वीप के अभ्यास से पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप में तैयार हुए।

### सरफराज और पाटीदार में से किसी एक को चुनना मुश्किल फैसला

विक्रम राठौड़ ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रजत पाटीदार और सरफराज खान में से किसी एक को चुनना मुश्किल विकल्प होगा। भारतीय टीम शुक्रवार से होने वाले इस मैच को जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में वापसी करना चाहेगी। हैदराबाद में खेले गए पहले मैच में मिली हार के साथ रविंद्र जडेजा और लोकेश राहुल की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने से भारत की मुश्किलें बढ़ गई है। विराट कोहली पहले दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध है। ऐसे में चयनकर्ताओं को सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। रजत पाटीदार पहले से टीम का हिस्सा है। सरफराज, सौरभ और पाटीदार ने राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण नहीं किया है।

## खेल डायरी

### किदांबी श्रीकांत थाईलैंड मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे



**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। श्रीकांत ने पहले दौर के मुकाबले में वैंग को 45 मिनट में 22-20, 21-19 से हराया। श्रीकांत दूसरे दौर में भारत के ही मिथुन मंजूनाथ से भिड़ेंगे। मिथुन ने पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में हांगकांग के जेसन गुनावन को 21-17, 21-8 से हराया था। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने भी पहले दौर के मुकाबले में मलयेशिया के लियोंग जुन हाओ को सीधे गेम में 21-14, 21-17 से हराया। हालांकि समीर वर्मा पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए, जबकि किरण जॉर्ज चीन के लेई लैन शी के खिलाफ मुकाबले में 17-21 से पिछड़ने के बाद मैच से हट गए।

### जय शाह लगातार तीसरी बार बने एसीसी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के सचिव जय शाह को बुधवार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष चुना गया। जय शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव बाली में वार्षिक आम बैठक के दौरान श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने रखा और एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से उनका समर्थन किया। जय शाह सबसे पहले जनवरी 2021 में इस पद पर काबिज हुए थे। उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन की जगह ली थी। उनके नेतृत्व में एसीसी ने 2022 में टी-20 और 2023 में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में एशिया कप का सफल आयोजन किया।



### अखिल ने काहिरा विश्व कप में कांस्य पदक जीता

**काहिरा।** पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता अखिल श्योराण ने बुधवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतकर अपने कॅरिअर का दूसरा व्यक्तिगत अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप का पदक जीता। क्वालिफिकेशन में 589 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहने वाले अखिल ने 8 खिलाड़ियों के 45 निशाने के फाइनल में 451.8 का स्कोर किया। चेक गणराज्य के जिरी प्रिविरत्स्की ने 462.9 अंक के साथ स्वर्ण, जबकि दो बार के विश्व चैंपियन फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे ने 460.5 अंक के साथ रजत पदक जीता। भारत ने सत्र के शुरुआती विश्व कप चरण में छह पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। भारत दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर है।

### मयंक अग्रवाल को अस्पताल से मिली छुट्टी



**अगरतला।** कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है और वह वापसी के लिए तैयार हैं। मयंक को बीमार पड़ने के बाद मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए। उन्होंने एक्स पर अस्पताल के बिस्तर पर लेटे हुए अपनी तस्वीर को साझा करते हुए लिखा कि वह अब बेहतर महसूस कर रहे हैं। वापसी की तैयारी कर रहे हैं। प्रार्थना, प्यार और समर्थन के लिए सभी का शुक्रिया। मयंक ने पानी समझकर एक पाउच से पेय पदार्थ पीया था जो इंडिगो एयरलाइंस के विमान में उनकी सीट पर रखा था। इसे पीने के बाद वह बीमार पड़ गए। कर्नाटक टीम के प्रबंधक रमेश राव ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा कि लगा था कि मयंक को अस्पताल में कम से कम दो या तीन दिन रुकने की जरूरत होगी लेकिन डॉक्टरों ने 24 घंटे के भीतर ही उन्हें छुट्टी दे दी। हालांकि मयंक सूरत में रेलवे के खिलाफ टीम का अगला रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेलेंगे। मयंक के प्रबंधक ने साजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

# सचिन को खाता खोलने के लिए 3 मैच तक करना पड़ा इंतजार

मुंबई, एजेंसी

सचिन तेंदुलकर ने अपने दोस्तों को अपने जीवन का पहला मैच देखने के लिए आमंत्रित किया था लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा क्योंकि दुनिया का सबसे सफल बल्लेबाज पहली ही गेंद पर आउट हो गया था।

सचिन ने अपने समर्थकों के सामने कुछ बहाने बनाए और उन्हें मना लिया कि उनके आउट होने में उनकी गलती नहीं थी। उनके वही दोस्त दूसरे मैच के लिए भी मैदान में पहुंचे लेकिन इस बार भी तेंदुलकर पहली ही गेंद पर आउट हो गए। तेंदुलकर ने तीसरे मैच के लिए अपने दोस्तों को मैदान पर नहीं बुलाया। उन्हें किस्मत में बदलाव की उम्मीद थी लेकिन इस बार भी भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और वह एक रन बनाकर सिर्फ खाता ही खोल पाए।

तेंदुलकर ने बुधवार को कहा कि अपने जीवन के पहले मैच में उन्होंने साहित्य सहवास के अपने सभी मित्रों को बुलाया था। वह अपनी कॉलोनी के मुख्य बल्लेबाज थे। उनके सभी मित्र आए और वह पहली गेंद पर आउट हो गए जो काफी निराशाजनक था।

### सचिन ने साझा किए अपने शुरुआती मैचों के अनुभव



### जब समझ में आई एक रन की अहमियत

तेंदुलकर ने कहा कि तब उन्होंने एक रन बनाने की अहमियत समझी। उन्होंने पांच-छह गेंद खेली और एक रन बनाकर आउट हुए लेकिन वह खुश थे कि उन्होंने एक रन बनाया था। वह शिवाजी पार्क से बांद्रा वापस गए। बस का यह सफर सुखद था क्योंकि उन्होंने एक रन बनाया था। उन्होंने कहा कि यह इतना बड़ा बदलाव था। कि उस एक रन ने उनका मूड बदल दिया। शहर में अपने पहले घर बांद्रा के साहित्य सहवास में स्ट्रेट ड्राइव खेलने से उन्हें इस शॉट में माहिर बनने में मदद मिली और बाद में उनके कोच रमाकांत आचरेकर ने इसे और निखारा।

# विष्णु सरवनन दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय

एडीलेड, एजेंयी



भारत के विष्णु सरवनन लगातार दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पाल नौकायन खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को विश्व चैंपियनशिप के जरिये पेरिस खेलों में जगह बनाई।

मुंबई स्थित सेना नौकायन नोड में सूबेदार विष्णु ने आईएलसीए-सात विश्व चैंपियनशिप में 152 प्रतिभागियों के बीच 26वें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। वह एशियाई देशों के खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। उन्होंने एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सिंगापुर के खिलाड़ी को पछाड़ा।

सरवनन का कुल स्कोर 174 रहा। नियमों के अनुसार इसमें से 49 के उनके न्यूनतम स्कोर को हटा दिया गया, जिससे उनका नेट स्कोर 125 रहा। स्पर्धा के दौरान तेज हवा चल रहीं थी, जिसका खिलाड़ियों पर असर भी पड़ा। इस दौरान सरवनन की अंगुलियां सुन्न हो गईं और पैर में काफी दर्द है।

# बॉलीवुड हलचल

## रणबीर ने संजय लीला भंसाली के सामने रखीं बड़ी शर्तें



रणबीर कपूर की हाल ही रिलीज हुई फिल्म एनिमल को दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई है। बीते दिनों खबर आई थी कि रणबीर कपूर संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आने वाले हैं। इस बीच एक और खबर सामने आ रही है कि उन्होंने फिल्म को साइन करने से पहले कुछ शर्तें रख दी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर कपूर ने यह कहा है कि फिल्म की शूटिंग समय से हो और डेट को आगे ना बढ़ाया जाए। इसपर संजय लीला ने रणबीर से वादा किया है कि जुलाई साल 2025 तक फिल्म पूरी कर लेंगे। दूसरी शर्त है काम के घंटे तय होना। आखिर में रणबीर कपूर ने कहा कि हर काम डिसिप्लिन के साथ हो। इस फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ विक्की कौशल भी नजर आएंगे। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तहलका मचाया कि सभी के होश उड़ गए। रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर की इस फिल्म ने दुनिया भर में 900 करोड़ का आंकड़ा पार किया।

### वरुण धवन के साथ बोनी कपूर बनाएंगे नो एंट्री का सीक्वल



बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म नो एंट्री का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 2005 में फिल्म नो एंट्री बनाई थी। इस फिल्म में सलमान खान, अनिल कपूर, फरदीन खान, सेलीना जेटली, बिपाशा बासु और लारा दत्ता ने अहम भूमिका निभाई थी। नो एंट्री के सीक्वल का निर्देशन अनीस बजमी करेंगे। कहा जा रहा है कि इसमें वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे।

## चंद पैसों के लिए अपराध की राह पर चलीं अभिनेत्रियां, तबाह हो गया कॅरिअर



बॉलीवुड में शोहरत कमाना और फिर उसे बनाए रखना और वह भी अभिनेत्रियों के लिए आसान डगर नहीं है। कई अभिनेत्रियां ऐसी रहीं जो अच्छी खासी पहचान बनाने के बाद अपराध के दलदल फंसकर अपने बने-बनाए कॅरिअर को तबाह कर बैठीं। इन्हें बाद में काम के लिए मोहताज तक होना पड़ा था। आइए जानते हैं ऐसी अभिनेत्रियों के बारे में जिनके नाम आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए और इसका असर उनके कॅरिअर पर पड़ा।

**जैकलीन फर्नांडिस :** अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी खूबसूरती और अदाकारी से लाखों लोगों को अपना दीवाना बनाया मगर इन दिनों वह सुकेश चंद्रशेखर के मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के रडार पर हैं। इस मामले में उनका नाम सामने आने के बाद उनके कॅरिअर पर खासा असर पड़ा है।

**मोनिका बेदी :** 90 के दशक की खूबसूरत अभिनेत्री मोनिका बेदी का नाम सुर्खियों में उस समय आया जब उनका नाम अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम से जुड़ा।


**ममता कुलकर्णी :** ममता कुलकर्णी पर मादक पदार्थ की तस्करी के गंभीर आरोप है। इस मामले में उनके खिलाफ 12 अप्रैल 2016 में चार्जशीट दायर की गई थी। जो फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है।

**रिया चक्रवर्ती :** सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु के बाद उनकी गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती पर ड्रग्स खरीदने और बेचने के गंभीर आरोप लगे थे। इसके बाद उन्हें एनसीबी की गिरफ्त में आने के बाद 1 महीने तक जेल में रहना पड़ा। हालांकि बाद में उन्हें क्लीन चिट दे दी गई।

**सोनाली बेंद्रे :** सलमान खान और सैफ अली खान के साथ सोनाली बेंद्रे का भी नाम काले हिरण के शिकार केस में जुड़ा था। हालांकि उन्हें केस में आरोपी नहीं माना गया था।

**श्वेता बसु प्रसाद :** मकड़ी फेम चाइल्ड एक्टर रहीं श्वेता बसु प्रसाद का नाम हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट में आया था। इसके बाद वह पुलिस रिमांड तक में रही थीं। बाद में उन्हें कोर्ट से जमानत मिली थी।

## 49 साल की हुईं अभिनेत्री प्रीति जिंटा



अभिनेत्री प्रीति जिंटा बुधवार को 49 वर्ष की हो गईं। 31 जनवरी 1975 को हिमाचल प्रदेश के शिमला में जन्मी प्रीति जिंटा ने अपने कॅरिअर के शुरुआती दौर में विज्ञापन फिल्मों में काम किया। उन्होंने बॉलीवुड में अपने कॅरिअर की शुरुआत 1998 में मणिरत्नम की फिल्म दिल से से की। इसके लिए प्रीति जिंटा को फिल्मफेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। वर्ष 1998 में प्रीति जिंटा की एक और फिल्म सोल्जर प्रदर्शित हुई। इसमें प्रीति जिंटा के अपोजिट बॉबी देओल थे। इस फिल्म में प्रीति जिंटा और बॉबी देओल की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सोल्जर सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म क्या कहना प्रीति जिंटा के कॅरिअर के लिए अहम फिल्म साबित हुई। इके पहले लोगों की धारणा थी कि प्रीति जिंटा केवल चुलबुले किरदार निभा सकती है लेकिन इस फिल्म में प्रीति जिंटा ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। इसके बाद दिल चाहता है प्रीति जिंटा के कॅरिअर की महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। वर्ष 2003 प्रीति जिंटा के लिए खास साल साबित हुआ। इस साल उनकी कल हो ना हो और कोई मिल गया जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुई। कल हो ना हो के लिए प्रीति जिंटा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई, वहीं कोई मिल गया के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म वीर जारा भी खूब पसंद की गई। वर्ष 2005 में सलाम नमस्ते, 2006 में कभी अलविदा ना कहना प्रीति जिंटा के कॅरिअर की अंतिम सुपरहिट फिल्म साबित हुई। इसके बाद उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया। वर्ष 2013 में फिल्म इश्क इन पेरिस के जरिये प्रीति जिंटा ने कमबैक किया लेकिन यह फिल्म सफल नहीं रही है। प्रीति जिंटा ने वर्ष 2016 में अमेरिकन जीन गुडइनफ से शादी की है। शादी के बाद प्रीति जिंटा ने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

